सुप्रभात
रांची, सोमवार
17.06.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net जेष्ठ, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 333



12 गंगा दशहरे पर भगवान महाकाल का हुआ विशेष शृंगार

## न्यूज डायरी

### झारखंड के पार्थ सिंह ने बनाया रिकार्ड , जीता गोल्ड

**रांची।** 19वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड के पार्थ सिंह ने रविवार को 100 मीटर दौड़ में नेशनल मीट रिकॉर्ड के बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। 15 से 17 जून तक प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर में किया गया है। पार्थ सिंह ने 100 मीटर दौड़ को 10 .68 सेकेंड में पूरा किया। 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग का नेशनल रिकॉर्ड 10 .63 सेकेंड अंशु रजक का है, जो 2023 में बना था। बालिका जेवलिन थ्रो में जामताड़ा की सविता मुर्मू ने 41.09 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता।

### ऊर्सलाइन कॉन्वेंट की छात्रा ने की खुदकुशी

**लोहरदगा।** पेशरार के बीडीओ अजय तिर्की की बेटी तमन्ना तिर्की (18) ने शनिवार देर रात आत्महत्या कर ली। वह रांची ऊर्सलाइन कॉन्वेंट गर्ल्स स्कूल की छात्रा थी। इस वर्ष 12वीं की परीक्षा पास की थी। तमन्ना रांची में रहती थी। छुट्टी होने के कारण वो मां-पापा के पास पेशरार में कुछ दिनों से रह रही थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सड़क हादसे में मां-बेटी की मौत, दामाद गंभीर

**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित व्यवहार न्यायालय के समीप एनएच-23 पर एक ट्रक की चपेट में आने से मां और बेटी की मौत हो गयी। हादसे में बाइक चालक दामाद (सोनाराम मुर्मू) भी गंभीर रूप से घायल है। सास मूर्ति टुडू की मौके पर ही मौत हो गयी। बेटी सूरजमुनि सोरेन ने इलाज के क्रम में दम तोड़ दिया।

### चेकडैम में नहाने गयी दो बहनें डूबी, एक की मौत

**गुमला।** पालकोट प्रखंड स्थित शाही चट्टान गांव की दो सगी बहनें रविवार की सुबह गांव के चेकडैम में नहाने के दौरान डूब गयी। इस हादसे में छोटी बहन अंजेला कुल्लू (7) की मौत हो गयी। बड़ी बहन अलमा कुल्लू (12) की स्थिति गंभीर है। शोरगुल होने पर ग्रामीणों ने दोनों बच्चियों को गहरे पानी से बाहर निकाला। आनन फानन में उन्हें सीएचसी पालकोट में भरती कराया गया। चिकित्सक नहीं होने के कारण नर्स ने इलाज शुरू किया पर अंजेला कुल्लू की मौत हो गयी। दोनों नानी के घर आयी थीं।




टाटा और राजनगर में सीएम ने दी योजनाओं की सौगात, कहा

# हर परिवार को अब 200 यूनिट बिजली फ्री

**विशेष संवाददाता**


**जमशेदपुर/राजनगर।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने रविवार को जमशेदपुर और पड़ोसी जिले सरायकेला-खरसावां के राजनगर में आयोजित अलग-अलग समारोह में करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की सौगात दी। इस अवसर पर सीएम ने सबसे बड़ी घोषणा की कि झारखंड के हर उपभोक्ता को अब 200 यूनिट तक बिजली फ्री मिलेगी। पहले 125 यूनिट बिजली फ्री मिलती थी। सीएम ने यह भी घोषणा की कि सितंबर माह तक राज्य में 40 हजार शिक्षकों की बहाली प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

राज्य में सिपाही और आबकारी विभाग में भी खाली पड़े पदों पर बहाली की जायेगी। सीएम ने कहा कि अबुआ अवास योजना के तहत तीन कमरेवाला मकान के साथ शौचालय भी दिया जायेगा।

**झारखंड को अग्रणी राज्य बनायेंगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करना इस सरकार की प्राथमिकता है। हम जल्द ही बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करेंगे और झारखंड प्रदेश को अग्रणी राज्यों में शामिल करेंगे। (शेष पेज 11 पर)

## 40 हजार शिक्षक बहाल होंगे : चंपई सोरेन



### युवा नशे से दूर रहें, नशामुक्त समाज हमारा दायित्व

वहीं, राजनगर में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद ग्राम मतकमबेड़ा गांव को आदर्श गांव बनायंगे। हमारे युवा वर्ग घर, समाज और राज्य के विकास में महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आज मैं यहां के युवा वर्ग से अपील करता हूं कि वे नशा पान से दूर रहें। नशा मुक्त समाज का निर्माण हम सभी की नैतिक जिम्मेवारी है। नशा नाश का कारण बनता है।

### खेतों में अव हमेशा पानी रहेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं, किसानों और सभी लोगों की कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतरे, इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। अब राज्य के किसान भाइयों के खेत में सालभर पानी होगा। सालों भर खेत-खलियान हरा भरा रहेगा। अब राज्य के किसान भाई वर्ष में तीन बार फसल उपजा सकें, इस निमित्त कई बड़ी सिंचाई परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार आपकी आशा, आकांक्षा और विश्वास पर खरा उतारने का हरसंभव प्रयास कर रही है। जनहित से जुड़े कार्य निरंतर किये जा रहे हैं।

# तमाम जिलों का पारा 40 पार, लू से आठ मौत

## आज से थोड़ी राहत, मानसून का इंतजार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के 22 जिलों में अधिकतम तापमान लगातार 40 डिग्री से पार चल रहा है। आम लोग गर्मी की तपिश और लू के थपेड़ों से परेशान हैं। पिछले 24 घंटे में सरायकेला खरसांवां और गढ़वा में सीवियर हीट वेव रही। झारखंड में सबसे गर्म 45.9 डिग्री के साथ सरायकेला खरसावां रहा। वहीं डालटनगंज का पारा 45.7 डिग्री, गढ़वा का 45.1, जमशेदपुर 44.2 व बहरागोड़ा 44 का डिग्री दर्ज किया गया। केवल पाकुड़ और साहिबगंज ही ऐसे दो जिले हैं जहां के तापमान 40 के नीचे रहा। प्रचंड गर्मी और लू के कारण 24 घंटे में आठ लोगों की मौत की खबर है। लू से मरनेवालों में गढ़वा के विशुनपुरा में एक, हजारीबाग के चौपारण में एक, गुमला में एक, पलामू के रेहला में एक रिटायर्ड अमीन, लोहरदगा में एक, रामगढ़ में दो और घाटशिला का एक व्यक्ति शामिल है।

**उमस भरी गर्मी से लोग परेशान**

हीट वेव ने पूरी तरह से जनजीवन को प्रभावित किया है। लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। सोमवार से झारखंड के लोगों को प्रचंड गर्मी से कुछ राहत की उम्मीद है। मानसून के पूर्व अधिकतर जिलों में छिटपुट बारिश के आसार हैं। पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं पर आंधी के साथ हल्के दर्जे की वर्षा रिकार्ड की गयी। सबसे अधिक वर्षा 0.5 एमएम पश्चिमी-सिंहभूम में दर्ज की गयी।



### 46 डिग्री के साथ सरायकेला सबसे गर्म

भीषण गर्मी के बीच लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। दरअसल मौसम विभाग ने कहा है कि 17 जून से हीट वेव से थोड़ी राहत की उम्मीद है। हालांकि, बारिश के को लिए अब भी लोगों को इंतजार करना होगा, क्योंकि राज्य में मॉनसून का प्रवेश अब भी बाकी है। वैज्ञानिकों ने 19 जून तक मॉनसून के पहुंचने की उम्मीद जतायी है। इससे पहले 17 से झारखंड के अधिकतर जिलों में बारिश होने की संभावना है। सोमवार को को गढ़वा, चतरा, पलामू और लातेहार जिले को छोड़कर बाकी जिलों में हल्की बारिश संभव है। वहीं 18 को भी कमोबेश ऐसी ही स्थिति रहेगी। 19 जून को भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश के आसार हैं। 19 से धीरे धीरे सभी जिलों में तापमान भी गिरेगा। 21 जून तक अधिकांश हिस्सों में बारिश होने की प्रबल संभावना है। वहीं, 17 और 18 जून तक अधिक तापमान पलामू में देखने को मिल सकता है।

### इन शहरों का पारा 40 से पार रहा

सरायकेला 45.9, डालटनगंज 45.7, रांची 41.0, जमशेदपुर 44.2, बोकारो 43.4, चतरा 42.2, देवघर 43.1, धनबाद 41.9, गढ़वा 45.1, गिरिडीह 43.9, गोड्डा 41.5, गुमला 41.6, हजारीबाग 41.6, जामताड़ा 42.7, खूंटी 42.3, बहरागोड़ा 44, लातेहार 42, लोहरदगा 40.5, पलामू 41.1, रामगढ़ 42.9, सिमडेगा 41.6, व पश्चिमी सिंहभूम 44.2। पाकुड़ तापमान 38.1 डिग्री और साहिबगंज का 37.5 डिग्री दर्ज किया गया।

## झारखंड समेत देश के 62 कोल ब्लॉक की नीलामी शीघ्र

**नयी दिल्ली।** झारखंड के 12 कोल ब्लॉक समेत देश के 62 कॉमर्शियल कोल ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया अगले सप्ताह से शुरू होगी। केंद्र सरकार के 2047 तक ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त करने और कोयले में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के विजन के अनुरूप कोल मंत्रालय वाणिज्यिक कोल ब्लॉक नीलामी के 10वें दौर की शुरूआत करेगा। कोल मंत्रालय ने पूर्ण पारदर्शिता और अधिकतम राजस्व सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। नीलामी के 10वें दौर में लगभग 62 ब्लॉक बिना अंतिम उपयोगकर्ता प्रतिबंधों के पेश किये जाने की संभावना है। आवंटियों के लिए इन वाणिज्यिक ब्लॉकों से प्राप्त कोयले को मुक्त बाजार में बेचने की अनुमति है। वाणिज्यिक कोल ब्लॉक नीलामी की शुरूआत जून 2020 में हुई थी। तब से पिछले नौ दौर में कोयला मंत्रालय ने 256 मीट्रिक टन की अधिकतम क्षमता वाले 107 कोयला ब्लॉक की सफलतापूर्वक नीलामी की है। अब तक 11 वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक चालू हो चुके हैं। पिछले वर्ष वाणिज्यिक ब्लॉकों से 17.5 एमटी कोयले का उत्पादन किया गया। कोयला मंत्रालय ने बोली लगानेवालों को भौगोलिक विशेषताओं की उचित जानकारी की सुविधा के लिए पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान पर कोल ब्लॉक पोर्टल विकसित किया है।

### उधारी नहीं चुकाने पर दुष्कर्म, आरोपी को जेल

**चतरा।** उधारी नहीं चुकाने के मामले में घर घुस कर हथियार के बल पर महिला से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया। शिकायत के बाद पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखायी थी, पीड़िता को थाने से भगा दिया था। गिरफ्तार आरोपी बलजीत यादव राजपुर थाना क्षेत्र के गड़िया गांव का रहने वाला है। उस पर गांव के ही एक महिला ने उधार नहीं चुकाने पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पीड़िता ने महिला थाने में आवेदन देकर उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया था। सूचना मिलते ही एसडीपीओ शनिवार की शाम गड़िया गांव पहुंचे और आरोपी को दबोचा। पीड़िता ने बताया कि उसके पति ने बलजीत यादव से 20 हजार उधार लिया था।

## एनसीइआरटी की नयी किताब से गोधरा-बाबरी गायब

**हैदराबाद ।** एनसीइआरट की 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की नयी किताब में बाबरी मस्जिद और गुजरात दंगों से जुड़े संदर्भ हटा दिये गये हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 'पिछले सप्ताह जारी अपडेट किताब में बाबरी मस्जिद का नाम हटा गया दिया है और इसे 'तीन-गुंबद वाली संरचना' कहा है। पाठ्यपुस्तक में अयोध्या प्रकरण दो पेज तक सीमित कर दिया गया है। मस्जिद के विध्वंस के कई संदर्भ हटा दिये गये हैं। कुछ ऐसा ही गुजरात दंगों को लेकर है। न्यूज एजेंसी से बातचीत में एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा कि 'पाठ्यपुस्तकों में बदलाव वार्षिक संशोधन का हिस्सा है। इसे शोर-शराबे का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए।




नीट परीक्षा मामले में शिक्षा मंत्री ने माना- एनटीए में सुधार की जरूरत

# बड़े अधिकारी भी दोषी रहे, तो नहीं बचेंगे: प्रधान

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** नीट परीक्षा रिजल्ट को लेकर देशभर में विवाद जारी है। छात्रों का गुस्सा शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का बड़ा बयान सामने आया है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने माना कि परीक्षा करानेवाली एजेंसी एनटीए में सुधार की जरूरत है। मंत्री ने माना कि परीक्षा में दो प्रकार की अव्यवस्था सामने आयी है। उन्होंने कहा, छात्रों के साथ कुछ भी गलत नहीं होने दिया जायेगा। शिक्षा मंत्री ने कहा, सुप्रीम कोर्ट की अनुशंसा पर 1,563 अभ्यर्थियों की दोबारा परीक्षा का आदेश दिया गया है। दो



जगहों पर कुछ अनियमितताएं सामने आयी हैं। मैं छात्रों और अभिभावकों को आश्वस्त करता हूं कि सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है। शिक्षा मंत्री श्री प्रधान ने एक समाचार एजेंसी से बातचीत में उक्त बातें कही।

### छात्र हित को ले कर सरकार गंभीर

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, अगर एनटीए के बड़े अधिकारी भी दोषी पाये गये तो उन्हें बख्शा नहीं जायेगा। एजेंसी में बहुत सुधार की जरूरत है। सरकार इस बात को लेकर चिंतित है। दोषियों को हर हाल में सख्त से सख्त सजा मिलेगी। शिक्षा मंत्री ने कहा, नीट परीक्षा के संबंध में 2 प्रकार की अव्यवस्था का विषय सामने आयी है। प्रारंभिक जानकारी थी कि कुछ छात्रों को कम समय मिलने के कारण उनको ग्रेस नंबर दिये गये। दूसरा 2 जगहों पर कुछ गड़बड़ियां हुईं। उन्होंने कहा, छात्रों और अभिभावकों को आश्वस्त करता हूं कि इसे भी सरकार ने गंभीरता के साथ लिया है। जानकारी हमें मिली है, हम सारे विषयों को एक निर्णायक स्थिति तक ले जायेंगे।

**क्या है मामला :** उल्लेखनीय है कि 5 मई को देशभर के 571 शहरों में 4750 केंद्रों पर नीट परीक्षा में देशभर से करीब 24 लाख छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। एनटीए ने नीट परीक्षा का रिजल्ट 4 जून को जारी किया। टॉपर्स की जारी सूची के अनुसार 67 छात्रों को 720 नंबर मिले थे।

(शेष पेज 11 पर)

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने इंडी अलायंस पर बड़ा हमला बोला

# चुनाव आयोग समीर मोहंती के पत्र की फॉरेंसिक जांच कर सच्चाई उजागर करे : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची/मेदिनीपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस झामुमो सहित इंडी एलायंस पर बड़ा हमला बोला है। श्री मरांडी पलामू दौरे के क्रम में चुनाव आयोग से इंडी एलायंस के जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी समीर मोहंती के पत्र जिसमे बूथों पर पैसे बांटने वाले पैसे में हेराफेरी लूट, भ्रष्टाचार की चर्चा है, की फॉरेंसिक जांच कराकर सत्यता उजागर करने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि समीर मोहंती ने झामुमो कांग्रेस के नेतृत्व को पत्र लिखकर यह शिकायत की है कि उनके द्वारा बूथ खर्च के लिये प्रति बूथ दिये गये 6 हजार रुपये में से कार्यकर्ताओं तक 4 हजार ही पहुंचे, बाकी प्रति बूथ 2 हजार रुपये भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गये। इतना ही नहीं उन्होंने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए अतिरिक्त 25 लाख रुपये देने की बात भी पत्र में लिखी है। उन्होंने कहा कि एक लोकसभा क्षेत्र में औसत दो हजार बूथ होते हैं। यदि प्रति बूथ 6 हजार रुपए का हिसाब किया जाये तो वह एक करोड़ बीस लाख होता है। प्रति विधानसभा 25 लाख का हिसाब जोड़ा जाए तो यह राशि भी डेढ़ करोड़ तक पहुंच जाती है। उन्होंने कहा कि समीर मोहंती के पत्र से स्पष्ट है कि एक लोकसभा चुनाव क्षेत्र में 3 करोड़ से ज्यादा रुपए खर्च किये गये हैं जबकि चुनाव आयोग द्वारा खर्च की निर्धारित सीमा 95 लाख ही है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव आयोग के निर्देशों का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन है तथा पैसे के बल पर राज्य की सत्ताधारी गठबंधन द्वारा चुनाव को प्रभावित करने की हर संभव कोशिश की गई है।

उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की कि समीर मोहंती द्वारा पैसे के लेनदेन के संबंध में अपने गठबंधन के नेताओं को लिखे पत्र की फॉरेंसिक जांच कराकर सच्चाई सामने लाया जाये। उन्होंने कहा कि राज्य में भीषण गर्मी के बीच सभी जिलों में पानी बिजली के गंभीर संकट से जनता जूझ रही है लेकिन राज्य सरकार को कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में न बिजली उत्पादन का संकट है और न फंड की लेकिन कांग्रेस झामुमो राजद सरकार को केवल लूटने की चिंता है जनता की समस्याओं से कुछ भी लेना देना नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा सतत क्रियाशील पार्टी है। हम केवल चुनाव केलिए राजनीत नही करते बल्कि हमारा लक्ष्य विकसित भारत, समरस भारत बनाना है। हम अंत्योदय और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए संकल्पित और समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर समीक्षा से आगामी कार्य योजना एवम कार्यक्रम बनाने में मदद मिलती है।

## राजद अध्यक्ष लालू से मिले पूर्व विधायक संजय यादव

# विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए राजद कार्यकर्ता जनता के बीच जाएं : लालू यादव



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व विधायक सह प्रधान महासचिव संजय प्र यादव रविवार को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्र यादव से पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित उनके आवास पर मुलाकात किया। इस दौरान राजद सुप्रीमो लालू प्र यादव ने संजय यादव को कहा कि झारखंड और बिहार सहोदर भाई के तरह है। वहां राजद के विचारधारा को मानने वाले भारी संख्या में लोग रहते हैं। राजद का एकीकृत बिहार के समय से हीं काफी जनाधार है। लगातार सदन में हमारा प्रतिनिधि रहा है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव बिहार की तरह झारखंड में भी अत्यंत लोकप्रिय है। उनके सहभागिता को जन जन तक पहुंचाएं। इसलिए सभी लोग झारखंड में आगामी वार्ड-पंचायत एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए इसकी मजबूत तैयारी करें और राज्य में संगठन के लोगो को शहर एवं गांव गांव में जनता के बीच जाने का काम करें।

मुलकात के दौरान लालू प्र यादव ने कहा कि राज्य में फासिस्ट ताकतों को रोकना है। भाजपा झूठा पार्टी है लोगो को दिग्भ्रमित कर आपस में लडाने का काम करती है। इसलिए कप्तरपंथी पार्टी भाजपा का मुकाबला करने के लिए राजद इसका मुंहतोड़ जवाब दे सकता है। आप सभी लोग दलित, पिछड़ा, गरीब, आदिवासी, अल्पसंख्यक भाईयो से मिलकर एक परिवार के तरह उनके दुख तकलीफ के लिए योगदान देते रहें। इसकी जानकारी प्रदेश राजद के महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादन ने दी है।

### जनजातीय भाषा के शिक्षकों की जल्द होगी नियुक्ति : दीपक बिरुआ

**रांची।** राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने शनिवार को कहा कि सीएम चंपाई सोरेन के नेतृत्व में सरकार ने निर्णय लिया है कि जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं को अविलंब प्राथमिक स्तर पर शिक्षा के माध्यम से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इसलिए मंत्रिमंडल से हम लोगों ने स्वीकृति दी है। 20 जून तक इसका विज्ञापन आएगा और सभी जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं में घंटी आधारित शिक्षक आवेदन दे सकेंगे। नियुक्ति मिलेगी, बच्चे अपनी मातृभाषा में पढ़ाई कर सकेंगे। मंत्री ने कहा कि जनजातीय भाषा एकेडमी को भी जल्द मूर्त रूप देने का प्रयास किया जाएगा। पेसा ड्राफ्ट की समीक्षा की गई है। आने वाले दिनों में यहां के लोगों की बेहतरी के लिए उसे लागू करने का प्रयास किया जाएगा। अबुआ आवास योजना के तहत 9 लाख आवास की स्वीकृति मिलेगी।

## विभाग में नहीं हैं कोई रिकार्ड, कई दस्तावेज भी कर दिये गायब

# स्वच्छ भारत मिशन में करोड़ों रुपये डकार गये पदाधिकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रघुवर राज में झारखंड में स्वच्छ भारत मिशन में लूट की खुली छूट थी, जिसे जितना मौका मिला, उतना लूटा। अब अधिकारियों को खोजे न तो हिसाब मिल रहा है और न ही कोई दस्तावेज। करोड़ों रुपये से उपर खर्च कर दिये गये लेकिन विभाग के पास खर्चे का कोई हिसाब नहीं है। विभाग में ये भी संधारित नहीं है कि राशि किस मद में खर्च हुई। किस दर पर कार्य आवंटन हुआ? कहां-कहां काम हुए और किस एजेंसी को कार्य आवंटन किया गया? विभाग में ये भी संधारित नहीं है कि दर का निर्धारण और एजेंसी का चयन किस प्रकार हुआ। इस तरह के मामले पूरे झारखंड में मिल रहे हैं परंतु कोडरमा में तो अभियंताओं ने संविदाकर्मियों के साथ मिलकर करोड़ों डकार लिये। योजना के तहत शौचालयों का निर्माण कराया जाता है। विभागीय अधिकारियों ने अभियंताओं से मिलकर प्रचार-प्रसार कराये बिना ही करोड़ रुपये टपा दिये। नियमों को ताक पर रख कर संविदा पर कर्मचारियों की नियुक्ति भी की गयी है।

**गायब हो गयी 400 संचिकायें:** कोडरमा के तत्कालीन एक्जीक्यूटिव इंजीनियर ने बिना किसी टेंडर के ही मनमाने तरीके से कई एजेंसी को मनमाने दर पर कार्य आवंटन दे दिया। टेंडर, वर्क अलॉटमेंट समेत अन्य कार्यों से जुड़ी 400 संचिकाएं 2020 में जिला समन्वयक ने विभाग को सौंपा था। इसमें से कुछ संचिकाओं को छोड़ बाकी गायब हैं। इसे गायब करने का एक और उद्देश्य यह भी है कि बहुत सारे कार्यक्रम हुए ही नहीं, और फर्जी निकासी की गई।

**पीआरडी की निर्धारित दर से डेढ़ गुणा ज्यादा भुगतान :** इन 6 सालों में पीएआरडी दर पर भी मनमानी की गई पहले पीएआरडी दर पर काम का आदेश दिया गया और फिर दर से डेढ़ गुणा अधिक भुगतान किया गया। एक प्रखंड में दीवार लेखन के 1.80 लाख का काम बिना टेंडर के जीवन ज्योति नाम की कंपनी को दी गई। उस समय 20 रुपए प्रति वर्ग फुट की जगह 30 रुपए प्रति वर्ग फुट के आधार पर उसका भुगतान किया गया था।

# लोकसभा चुनाव परिणाम के आधार पर झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारी करेगी कांग्रेस

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के परिणामों की समीक्षा के लिए गठित चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की बैठक अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू की अध्यक्षता में रविवार को कांग्रेस भवन में हुई। बैठक में समिति के सदस्य प्रदीप तुलस्यान, भीम कुमार और सुल्तान अहमद भी उपस्थित थे। इस दौरान प्रदीप कुमार बालमुचु सहित सभी सदस्यों ने आपस में विचार कर जमीनी स्तर पर लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा के लिए पूरा खाका तैयार किया।

इस क्रम में श्री बालमुचु ने कहा कि कांग्रेस ने 7 सीटों पर अपने उम्मीदवार गठबंधन के तहत उतारे थे। इसमें हमें सिर्फ दो सीटों पर जीत मिली बाकी पांच सीटों पर हार के कारणों की पड़ताल जरूरी है। उन्होंने कहा कि झारखंड महागठबंधन की सरकार के द्वारा जनहित में किए गए कार्य और मोदी सरकार की विफलता, केंद्र सरकार द्वारा किसानो, महिला युवा और अन्य वर्गों के खिलाफ निर्णय लेने के बावजूद हार मिलना आगामी विधानसभा चुनाव में संगठन को और बेहतर करने की ओर प्रेरित करता है। अभी भी समय है कि हम समस्याओं की तह में जाकर संगठन की जमीनी हकीकत से रूबरू हों ताकि विधानसभा चुनाव तक संगठन को मजबूत कर हम 2019 से भी ज्यादा अच्छा परिणाम हासिल कर सकें।

बैठक के निर्णय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि प्रथम चरण में समिति गोड्डा, धनबाद, हजारीबाग, चतरा, रांची लोकसभा का दौरा करेगी। इस क्रम में लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक जिला मुख्यालय में समिति के सदस्य लोकसभा प्रत्याशी संबंधित लोकसभा क्षेत्र के जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड पदाधिकारी, लोकसभा प्रभारी, अग्रणी मोर्चा संगठन एवं विभाग, वरिष्ठ एवं महत्वपूर्ण कांग्रेसजनों से जानकारी लेंगे कि चुनाव के दौरान किस प्रकार की चुक हुई है। जवाबदेह जिम्मेदार नेताओं ने किस हद तक अपने कार्यों का निर्वहन किया, सहयोगी दलों के साथ समन्वय की स्थिति सहित सभी पहलुओं की जानकारी ली जाएगी। उन्होंने बताया कि समिति 20 जून को गोड्डा, 21 जून को धनबाद, 22 जून को हजारीबाग, 23 जून को चतरा एवं 24 जून को रांची लोकसभा क्षेत्र में चुनाव परिणाम की समीक्षा करेगी।

## पसवा का 2 जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह

# ₹20 हजार से अधिक बच्चों को किया जायेगा सम्मानित : दूबे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में 2 जुलाई को राज्य का सबसे बड़ा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। समारोह का आयोजन राज्य के सबसे बड़े इनडोर स्टेडियम हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम खेल गांव में आयोजित होगा। इसमें मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा सीबीएसई आईसीएसई तथा जैक बोर्ड में 70% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 20,000 से अधिक बच्चों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि उनका मनोबल बढ़ाकर उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा में जुड़ कर सके और उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया जा सके।

पासवा के प्रदेश उपाध्यक्ष लाल किशन नाथ शाहदेव ने आज स्पष्ट तौर पर बताया कि सिर्फ सर्वोच्च अंक लाने वाले ही नहीं, बल्कि किसी कारण से कुछ नम्बर कम लाने वाले विद्यार्थी भी समाज में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर सकते हैं। उन्हें भी प्रोत्साहित करने की जरूरत है। पासवा के प्रदेश महासचिव राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि पासवा की पूरी टीम इस जिम्मेवारी को निभाने के लिए छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने को पूरी तरह तैयार है। पासवा प्रदेश महासचिव सह राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा ने बताया कि झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव तथा युवा एवं खेलकूद मंत्री हफीजुल हसन ने पूर्व में ही इस सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने की अपनी सहमति प्रदान की है। इस सम्मान समारोह सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए पासवा कोर कमेटी की एक विशेष बैठक 19 को रांची में पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में होगी। इसमें इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पासवा के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी जायेगी।

# आगामी विस चुनाव में कांग्रेस के बाद राजद ने भी सात से अधिक सीटों पर की दावेदारी

सत्येन्द्र

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम आते ही केंद्र में सरकार गठन के बाद झारखंड में विस चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी है। वहीं महागठबंधन सरकार में शामिल दलों के बीच सीट शेयरिंग के लिए दावेदारी भी शुरू हो गयी है। राजद ने लोकसभा चुनाव के परिणामों को नजरअंदाज कर अगामी विधानसभा चुनाव में राज्य के सात से अधिक विधानसभा सीटों पर अपनी दावेदारी गठबंधन दलों के सामने रख दी है। ज्ञात हो कि वर्तमान लोकसभा चुनाव में राजद ने एक भी विधानसभा सीट पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को लीड दिलाने में विफल रही है। इसके बावजूद सात विधानासभा सीटों पर दावेदारी कर अभी से ही गठबंधन दलों के नेताओं को सोचने के लिए विवश कर दिया है।

मालूम हो कि एक तरफ झारखंड कांग्रेस ने 33 सीटों पर दावेदारी ठोक दी है। वहीं झामुमो की भी दबी इच्छा इस बार 45 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ने की है। इसके बाद अब राजद ने भी 81 विस सीट पर चुनावी तैयारी शुरू करने का निर्देश पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को दे दी है। पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि राज्य में राजद के जनाधार को देखते हुए पार्टी अगामी विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। ये महत्वाकांक्षा तब हिलोरें मार रही हैं जब लोकसभा चुनाव में राजद का कोई भी कद्दावर नेता अपनी-अपनी विधानसभा क्षेत्र में राजद या सहयोगी दलों के उम्मीदवार को लीड नहीं दिलवा सके।

राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव से लेकर चंपाई सरकार में मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में लीड नहीं दिलवी सके है। वहीं राजद के झारखंड प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव से लेकर पूर्व मंत्री सुरेश पासवान भी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवारों को लीड नहीं दिलवा सके। इसके बावजूद पार्टी के प्रदेश महासचिव कहते हैं कि लोकसभा और विधानसभा की परिस्थितियां अलग-अलग होती है, इसका ख्याल सबको रखना चाहिए।

### लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी की झारखंड में तेजी से बढ़ी है लोकप्रियता : कैलाश यादव

झारखंड विधानसभा चुनाव में अपनी दावेदारी के पक्ष में कैलाश यादव ने कहा कि हमारा वोट राज्य के हर जिला में हैं। हमारे नेता तेजस्वी यादव की लोकप्रियता इस बार के लोकसभा चुनाव में दिखा और राज्य के अलग-अलग लोकसभा सीट पर उनकी चुनावी सभाएं हुई। राजद नेता ने कहा कि उनके नेता लालू प्रसाद ओबीसी, माइनॉरिटीज और दबे वंचित समाज के सबसे बड़े नेता हैं। राज्य में राजद का अपना जनाधार रहा है इसलिए पार्टी अब 81 विधानसभा सीट पर तैयारी कर रही है। राजद नेता कैलाश यादव ने कहा कि वर्ष 2019 में महागठबंधन में भले ही हम सिर्फ 07 सीटों पर लड़े हों लेकिन इस बार हम अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य की तीन दर्जन सीट पर राजद ने अपनी दावेदारी की लकीर खींच दी है। दूसरी ओर राजद की दावेदारी पर झामूमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि महागठबंधन के सभी दलों को सभी विधानसभा सीट पर तैयारी करना चाहिए क्योंकि इसका लाभ सभी सहयोगी दलों को मिलता है।

# झारखंड में पुलिस ने 150 दिनों में 32708 वारंट का किया निष्पादन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड पुलिस ने 150 (01 जनवरी से 31 मई) दिनों में 32708 वारंट निष्पादित किया है। लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड पुलिस ने बड़े पैमाने पर वारंट के निष्पादन को लेकर अभियान चलाया था। वर्तमान में झारखंड में अब 5005 वारंट लंबित है। झारखंड पुलिस ने कुर्की जब्ती से जुड़े 2057 मामलों का निष्पादन किया। वर्तमान में कुर्की जब्ती के 327 मामले लंबित हैं।

### किन जिलों में वारंट का हुआ निष्पादन

| | | | |
|---|---|---|---|
| रांची : | 4752 | चतरा : | 920 |
| खूंटी : | 114 | गिरिडीह : | 1239 |
| गुमला : | 342 | धनबाद : | 3753 |
| सिमडेगा : | 25 | बोकारो : | 708 |
| लोहरदगा : | 282 | दुमका : | 870 |
| चाईबासा : | 1846 | गोड्डा : | 617 |
| सरायकेला : | 1387 | जामताड़ा : | 227 |
| जमशेदपुर : | 1395 | देवघर : | 1735 |
| पलामू : | 1626 | साहेबगंज : | 2643 |
| लातेहार : | 699 | पाकुड : | 1440 |
| गढ़वा : | 884 | रेल धनबाद : | 23 |
| हजारीबाग : | 4094 | रेल जमशेदपुर : | 20 |
| रामगढ़ : | 711 | कुल : | 32708 |
| कोडरमा : | 356 | | |

**Dr. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY**
OFFICE OF THE REGISTRAR
Ranchi – 834008 (Jharkhand)
Memo No: DSPMU/ G/482/24 Date: 15/06/2024

Walk-in-Interview is scheduled for the post of Programmer at DSPMU, Ranchi purely on contractual basis for 11 months which may be extended depending upon the University requirement and performance assessment. Eligible, energetic and hard-working candidates who meet the desired qualification as mentioned below may walk-in with their latest CV as per the schedule given below.

**Eligibility Criterion:** BCA/MCA/M, Sc.-IT obtained from any recognized University or AICTE approved institutions with First Class.

**Interview Schedule:** Wednesday, 26th June, 2024 from 10:30 AM onwards in Administrative Block, DSPMU, Ranchi.

Sd/-
Registrar
DSPMU, Ranchi.

## आजसू पार्टी केंद्रीय समिति की बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने थामा आजसू का दामन

# राज्य की मौजूदा हालत बदलने के लिए संकल्पित होकर काम करें : सुदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि राज्य में मौजूदा राजनीतिक हालात बदलने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता संकल्पित होकर काम करें। समय कम है और हमारी जिम्मेदारी बड़ी है। राज्य के विषय विचार और भावना की रक्षा करने की प्रतिबद्धता को मजबूती प्रदान करें। जनता के बीच अपनी मौजूदगी को रिश्ते में बदलना है। सुदेश महतो रांची कांके रिंग रोड स्थित सुनैना बैंक्वेट हॉल में आयोजित केंद्रीय समिति की बैठक में कही। इस दौरान पार्टी की भावी रणनीतियों और कार्यक्रमों पर पार्टी पदाधिकारियों ने चर्चा की।

सुदेश कुमार महतो ने कहा कि संघर्ष ही हमारी पहचान है। संघर्ष के बूते ही हम अपने संकल्पों को पूरे करेंगे। इस राज्य ने पिछले साढ़े चार साल में बहुत कुछ खोया है। उसे वापस लाना है। इसलिए एक-एक कार्यकर्ता ईमानदारी से काम करें। पार्टी के पदाधिकारियों से भी उन्होंने जोर देकर कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर वे हर वर्ग में पहुंचें।




### गिरिडीह लोस क्षेत्र की जीत साधारण नहीं

केंद्रीय अध्यक्ष ने लोकसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए राज्य भर के कार्यकताओं और मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि गिरिडीह लोकसभा सीट में पार्टी के उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी को जीत दिलाने में कार्यकताओं और गठबंधन के सहयोगी साथियों का साथ महत्वपूर्ण रहा है। यह कोई साधारण जीत नहीं है।

### निष्ठा के साथ निभाएं जिम्मेदारी : सीपी चौधरी

पार्टी के उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश चौधरी ने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर चुनौती का सामना हम सभी को मिलकर करना है। चुनाव परिणामों की समीक्षा आवश्यक है। समीक्षा उपरांत उस कमी को दूर करना है। हम सभी को एक कार्यकर्ता के नाते अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ पूरा करना है।

### आजसू के पास स्पष्ट नीति और विचार : सहिस

प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहिस ने कहा कि आजसू के पास स्पष्ट नीति और विचार है। हम सभी सामाजिक न्याय और विकास की अवधारणा पर चलने वाले लोग हैं। झारखंड को राजनीति का प्रयोगशाला बना दिया गया है। यह निराशाजनक है।

### विकास कार्यों को धरातल पर उतारेंगे : लंबोदर

पार्टी के विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि आजसू पार्टी सिर्फ जीत की नहीं विकास की बात करती है। पार्टी के भावी कार्यक्रम को हम भी मिलकर धरातल पर उतारने का काम करेंगे। इससे पहले पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह के नवनिर्वाचित सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का गिरिडीह से एक बार फिर सांसद बनने पर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। बैठक से पूर्व पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो और पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

### 22 जून को बलिदान दिवस

आगामी 22 जून को आजसू पार्टी अपना स्थापना दिवस राज्यभर में बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी। इस दिन युवा सम्मेलन भी होगा।

### इन्होंने ग्रहण की पार्टी की सदस्यता

चन्दन सिंह, गोलू यादव , गौरव मिश्रा, अरमान सिंह, प्रेम यादव, राजकिशोर कमल उफ पींकू, रवींद्र सिंह, कैलाश सिंह, दिनेश सिंह पांडेय, धीरण सिंह, विकास राज, प्रकाश राम, सुगन साव, शिवशंकर यादव, रमेश कुमार उफ डब्लू सोनी, ओम प्रकश वर्मा, अशोक साव, राजेंद्र प्रसाद कसेरा, राजू ठाकुर, जय प्रसाद रजक, मनोज राणा, नंदकिशोर भुइयां, संजय यादव, रीता देवी, पार्वती देवी, मंजू देवी, सबिता देवी, मंदोदरी देवी, शिवदयाल साव, नारायण यादव, मनोज यादव, बालेश्वर साव, राहुल साव, लीला यादव, प्रिया, उषा आदि।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

सोमवार 17.06.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 58

epaper.khabarmantra.net

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ




स्पीड न्यूज

### पिकल बॉल चैंपियनशिप में झारखंड टीम का दमदार प्रदर्शन



**धनबाद।** 14 से 16 जून तक नोयडा में हुए तीसरी ईस्ट जोन एंव सेन्ट्रल जोन पिकलबाल चैम्पियनशिप में झारखंड की प्रचेता वर्मा और सुचेता वर्मा की जोडी ने यू 18 कैटेगरी में सिल्वर मेडल हासिल किया है। यह जानकारी रविवार को झारखंड पिकल बॉल के उपाध्यक्ष बी सुधीर ने दी है। उन्होंने बताया कि मिक्स डबल में आयुष कुमार और प्रचेता वर्मा कि जोड़ी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। जबकि सचिन और रवि कि जोड़ी सेमीफाइनल मुकाबले में हार कर टुनार्मेंट से बाहर हो गई है। टूनार्मेंट में झारखंड के रूपेश कुमार एप्रऽात कुमारए सुमन सिन्हाए प्रखर सिन्हा राजू सिंह विनीत सिंह ने ऽी काफी अच्छा प्रदर्शन किया। समापन समारोह के साथ अगले साल होंने वाले 43 वें जोनल टूनार्मेंट की जिम्मेवारी झारखंड को दी गई है।

### डीवीसी ने विस्थापितों की मुआवजा राशि साढ़े चार लाख किया

**मैथन।** डीवीसी के विस्थापितों को नियोजन के बदले एक मुश्त मुआवजा राशि के रूप में अब 3 लाख के बजाय 4.5 लाख रुपये मिलेगा । यह आदेश बचे हुए विस्थापितों पर ही लागू होगा। इस बाबत डीवीसी के कार्यपालक निदेशकए मानव संसाधन विकास विभाग के राकेश रंजन ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि चूंकि 2007 में विस्थापितों को नौकरी के बदले एक मुश्त मुआवजा राशि के रूप में 3 लाख दी जा रही थी। जिसे डीवीसी बोर्ड मीटिंग में बढ़ाकर 4.50 लाख रुपये कर दिया गया है। जिसका लाभ बचे हुए विस्थापितों को ही मिलेगा। हालांकि इस निर्णय के बाद विस्थापितों के संगठन दामोदर वैली वास्तुहारा संग्राम समिति के अध्यक्ष वासुदेव महतो ने इस पर नाराजगी जाहिर किया है। श्री महतो ने कहा कि हमारा आंदोलन पिछले कई सालों से सभी विस्थापित को पांच लाख रुपए मुआवजा के लिए हो रहा था। लेकिन डीवीसी ने 4.50 लाख रुपये दिया है। वह भी बाकी बचे हुए विस्थापितों के लिए जिसका हम विरोध करते हैं। इसके लिए फिर से आंदोलन करना होगा। डीवीसी प्रबंधन मांगे पूरा करने के लिए एक माह माह का समय लिया है।

## गंगा दशहरा : दामोदर नदी की उतारी आरती

**दामोदर महोत्सव**

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** दामोदर महोत्सव 2024 के तहत सिंदरी के दामोदर नदी डोमगढ़ घाट पर नदी का पूजन आरती किया गया। इस अवसर पर सिंदरी के डोमगढ़ घाट पर वृक्षारोपण भी किया गया। मौके पर दामोदर बचाओ आंदोलन संयोजक ने कहा कि आंदोलन के प्रयास से दामोदर नदी को नमामि गंगे योजना में शामिल किया गया है। दामोदर विश्व के प्रदूषित नदियों में गिना जाता है। नगर निगम एवं नगर परिषद के प्रदूषित जल और मल सहित कल कारखानों और कोलवाशरियों का प्रदूषित जल आज भी दामोदर नदी में गिर रहा है। इसे रोककर नदी को प्रदूषण मुक्त किया जा सकता है। नमामि गंगे योजना के तहत दामोदर के पाँच सहायक नदी नाले के मुहाने पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की स्वीकृति मिल गई है। कार्यक्रम में अशोक सिंहए धर्मजीत चौधरी पार्षद प्रियंका देवी पूर्व पार्षद दिनेश सिंह सुनील उरांव धनंजय कुमार विदेशी सिंह विनोद पांडे मिथिलेश कुमार बृजेश सिंह अरविंद कुमार रासबिहारी सिंह श्यामल कुमारए ममता सिंहए मालती देवी ललिता देवी आशा देवी अंजली सिंह मंजू देवी सुनैना देवी करीना पांडे शामिल थे।




## लोकसभा चुनाव में हार की झामुमो ने की समीक्षा

**बूथ स्तर पर विधान सभा चुनाव की तैयारी की रणनीति**

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद झामुमो जिला समिति ने रविवार को गोविंदपुरए डाक बंगला परिसर में समीक्षा बैठक की। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लक्खी सोरेन ने की। बैठक में पंचायत स्तर पर मिले मतों की सम्पूर्ण समीक्षा की गई। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इस बार धनबाद और गिरीडीह लोकसभा चुनाव में महागठबंधन भले ही चुनाव हार गईए लेकिन हमारा वोट प्रतिशत बढ़ा है। टुण्डी विधानसभा में हमलोग विपक्ष से अधिक मत प्राप्त किए हैं। साथ ही सिन्दरी विधानसभा एवं निरसा विधानसभा क्षेत्र में 2019 के मुकाबले इस बार वोट प्रतिशत हमारा बढ़ा है। जहां कहीं भी हमलोग से चूक हुई हैं जिसे हमसभी मिलकर सुधार करने का काम करेंगे। इसका फायदा आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिलेगा। जिला सचिव मन्नु आलम ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले हमारा वोट प्रतिशत दुगना हुआ हैं। कार्यकताओं ने पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम किया है। बहुत जल्द हमारी तैयारी बूथ स्तर पर शुरू होगी। पुनः राज्य में महागठबंधन कि सरकार का गठन होगा। बैठक में केन्द्रीय सदस्य अलाउद्दीन अंसारी धरनीधर मंडल जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंहए जिला प्रवक्ता समीर रवानी जिला सह सचिव एजाज अहमद फुलचंद किस्कू यूवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गुलाम कुरैशी सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### स्टोर रूम में सेंधमारी कर डेढ़ लाख के सामान की चोरी

**जोड़ापोखर।** लोदना एरिया अंतर्गत भूलन बरारी एजेंट ऑफिस के स्टोर रूम की सेंधमारी कर चोरों के दल ने डेढ़ लाख रुपए की सामग्री चोरी कर ली। घटना के वक़्त डियूटी में तैनात बीसीएलएल कंपनी के गार्ड को भयभीत करने के लिए हवा में एक राउंड फायरिंग किया है। बरारी कोलियरी प्रबंधक शांतुनु शील ने ऑन लाइन जोड़ापोखर थाना में मामला दर्ज कराया है। घटना के वक़्त मौजूद गार्ड राजकुमार पासीएराजेंद्र दुसाद लोबिन रजवार ने बताया है की शनिवार की रात एक दर्जन अपराधियों धावा बोलकर स्टोर की दीवार में सेंधमारी कर दियाए जब प्रतिकार किया गया तो एक राउंड गोली चला दिया गया।

## हर्ल सबस्टेशन में 2 विद्युतकर्मियों को बंधक बना कर चोरों ने लूटा 5 लाख रुपये का कंट्रोल केबल

**सिंदरी के विद्युत कर्मियों की पिटाई के तीसरे मामले में भी विभाग सुस्त**

**दुस्साहस**

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी थाना अंतर्गत नवनिर्मित हर्ल पावर सबस्टेशन में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने 2 जेबीवीएनएल के विद्युतकर्मियों को बंधक बनाकर 5 लाख रुपए का कंट्रोल केबल चोरी की घटना प्रकाश में आई है। इसके साथ ही चोरों ने एक आपरेटर सह विद्युतकर्मी बिरेन्द्र प्रसाद की जमकर धुनाई की। वहीं दूसरे विद्युत कर्मी मनोज धीवर का मोबाइल छीनकर ले भागे। झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के भुक्तभोगी कर्मचारी बिरेन्द्र प्रसाद ने बताया कि एफडी कालोनी के पीछे स्थित हर्ल पावर सबस्टेशन में लगभग साढ़े 11 बजे अज्ञात चोरों ने हमला कर दिया। चोरों की संख्या लगभग 25 के आसपास होगी। वहीं चोर हथियार के साथ आए थे। रोकने पर उसने आँख पर हथियार से वार कर दिया। जिससे आँख बुरी तरह लाल हो गया है। मनोज धीवर ने भी चोरों को रोकने की कोशिश की तो चोरों ने उसका मोबाइल छीन लिया। उन्होंने बताया कि इसकी लिखित शिकायत विभाग और सिंदरी थाना को दी गई है।



### 40 की संख्या में पहुंचे थे चोर

जेबीवीएनएल झरिया क्षेत्र के कार्यपालक अभियंता मनीष चंद्र पूर्ति ने बताया कि घटना के दौरान लगभग 40 की संख्या में अज्ञात चोरों ने हर्ल पावर सबस्टेशन से लगभग 5 लाख रुपए के कंट्रोल केबल की चोरी की है। अन्य सामानों की जाँच की जा रही है। उन्होंने भी विद्युत कर्मियों के साथ मारपीट की घटना की पुष्टि की है। हालांकि चोर हथियार के साथ थे या नहीं इसपर संशय है। पूछे जाने पर की गौशाला सबस्टेशन में विद्युत कर्मियों के साथ भाजपा नेता द्वारा मारपीट पर प्रशासन से कोई शिकायत नहीं की गई। उन्होंने बताया कि चोरी हुई है इसलिए विधि व्यवस्था को देखते हुए घटना की जानकारी जिला प्रशासन को दी जा रही है।

## जमशेदपुर से टाटा सूमो चुराकर भाग रहे दो अपराधी धराये, गाड़ी बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** जमशेदपुर से एक टाटा सुमो गाड़ी चुरा कर भाग रहे दो अपराधियों को गिरिडीह में धर दबोचा गया हैण जमशेदपुर पुलिस की सूचना पर बेंगाबाद पुलिस ने इन अपराधियों का पीछा करते हुए इन्हें नगर थाना क्षेत्र के बरगंडा पावर हाउस के पास से धर दबोचाण इसके साथ ही चोरी की गई टाटा सुमो भी बरामद कर ली गई है। घटना के बाबत बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि जमशेदपुर से एक टाटा सुमो गाड़ी चुरा कर दोनों फरार हो गएण गाड़ी में जीपीएस सिस्टम लगा होने से जमशेदपुर पुलिस ने इनकी लोकेशन ट्रैक की तो पाया की अपराधी गाड़ी के साथ बेंगाबाद थाना क्षेत्र में हैं। जमशेदपुर पुलिस ने तुरंत बेंगाबाद थाना को सूचना दीण सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सदल बल अपराधियों के लोकेशन पर पहुंचेण पुलिस को देखते ही दोनों गाड़ी को तेज गति से गिरिडीह की ओर भगाने लगेण पुलिस ने दोनों का पीछा करना शुरू कियाण भागने के क्रम में अपराधियों की गाड़ी नगर थाना क्षेत्र के बरगंडा पावर हाउस के पास एक पोल से टकरा गई और दोनों गाड़ी से उतर कर भागने लगेण पुलिस दोनों को खदेड कर पकड़ लिया। शुरूआती तफ्तीश में पता चला है कि अपराधियों के नाम शफीक अली और राशिद हुसैन उर्फ चिकना हैंण दोनों ही काफी शातिर अपराधी है और दोनों पर प्रदेश के विभिन्न थाना में हत्याए अपहरणए आर्म्स एक्टए डकैतीए चोरी सहित कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## ट्रक लूट कांड के तीन अपराधी धराये

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** जिले के तोपचांची थाना के साहूबहियार में बीते माह ट्रक के साथ लूट की घटना में लिप्त तीन लुटेरों को दबोचने में पुलिस को सफलता मिली है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय उपाधीक्षक 2 संदीप कुमार गुप्ता ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि तोपचांची थाना क्षेत्र साहुबरियार में 23 मई 2024 की रात ट्रक के साथ लूटकांड की घटना को अपराधियों द्वारा अंजाम दिया गया था। जिसके बाद 25 मई को तोपचाची थाने में तीन के विरुद्ध इसकी लिखित शिकायत दर्ज की गई थी। ज पुलिस द्वारा एक टीम गठित कर लूटकांड करने वाले तीन अपराधीयो को तोपचांची पुलिस ने उद्भेदन किया है। डीएसपी श्री गुप्ता ने बताया की तोपचांची थाना कांड संख्या 81́24 दर्ज कांड को जाँच करते हुए लूटी मोबाइल का अनुसन्धान करते हुए तकनिकी शाखा की मदद से उक्त अपराधी को चिन्हित करते हुए अभियुक्त आजाद हुसैन श्यामडीह ज्योत्स्ना मैरेज हॉल के घर पर छापेमारी किया गया। जहां से लूट कांड में प्रयोग किया गया एक काला रंग का हौंडा मोटर साईकिल बरामद की गई। आजाद हुसैन के निशानदेही पर अभियुक्त मेराज अंसारी श्यामडीह बस्ती कतरासए ओम सिंह बेहराकुदर बरोराए कुल 3 अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। वही छापेमारी में पुलिस के द्वारा जब्त की गई सूची में काण्ड में लूटी गई टेक्नो स्पार्क कंपनी का मोबाइलए काला रंग का हौंडा यूनिकॉर्न मोटर साईकिल जब्त की गई है। वही तोपचाची थाना के प्रधानघंटा के रहने वाली एक नाबालिग लड़की के साथ रेप की घटना को अंजाम देने वाले युवक को भी तोपचाची पुलिस गिरफ्तार किया। न्यायिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उस युवक को जेल भेज दिया गया। डीएसपी 2 ने बताया की अनुसंधान के क्रम में शिव कुमार मुर्मू को पकड़ा गया और उसे जेल भेज दिया गया। बताया जाता है की लड़का और लड़की दोनो आदिवासी समाज से आते हैए और दोनो अगल बगल ही रहते थे। नाबालिक लड़की ने आरोप लगाया है की शादी का झांसा देकर और डरा धमका कर यौन शौषण किया है। छापेमारी में तोपचांची थाना प्रभारी संजय कुमार पुलिस अंचल निरीक्षक विवेकानंद श्रीवास्तव नितिन पोद्दार कुबैर साव राकेश कुमार दुबे हवलदार रामकिशुन मुंडा जवान आलेख कुमार और संजीव कुमार सिंह मौजूद थे।

**एक नजर में**

### तिसरी में पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब लदा वाहन को किया जब्त

**गिरिडीह ।** जिले के तिसरी थाना पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब लदा एक वाहन को जब्त किया है। यह कार्रवाई एसपी को मिली गुप्त सूचना पर तिसरी पुलिस ने की है। इसकी जानकारी अनुमंडल आरक्षी उपाधीक्षक नीरज कुमार ने प्रेस वार्ता कर दी है। उन्होंने बताया कि एसपी को सूचना मिली थी कि अवैध रूप से एक कार में अंग्रेजी शराब को लोड कर तिसरी होते हुए बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तिसरी थाना प्रभारी संजय नायकए एएसआई संजय टुडूए कुलेश्वर राम आदि दलबल के साथ खिजुरी नदी के पास पहुंचे तो देखा कि तेजी से वाहन आ रहा है। इस दौरान वाहन को रोकने का प्रयास किया गया तो चालक वाहन का रफ़्तार तेज कर भाग निकला। इसके बाद रात्रि गश्ती दल को इसकी सूचना दी गई। इस दौरान थम्बाचक चेकनाका के पास गश्ती दल द्वारा जांच की जा रही थी । मौके पर जांच को देख तस्कर वाहन को मौके पर छोड़ अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग खड़े हुए। क्र् ने बताया कि जांच के क्रम में उक्त वाहन से 316 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। बताया कि वाहन के नंबर से उसके मालिक और धंधेबाज का पता लगाया जा रहा है।




## बाघमारा से विधायक बनने की तैयारी में जुटे नेता

**भैंसुर-भभु के बीच भिड़ंत की संभावना**

प्रेम कुमार









**कतरास।** आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर बाघमारा में राजनीतिक गतिविधियां बढ़ गईं है। लोगो के बीच संभावित प्रत्याशियों के नाम की भी चर्चा होने लगी हैण वहीं चुनाव लड़ने की मंशा रखने वाले कुछ नेतागण अभी से बाघमारा के राजनीतिक चुनावी पिच में जगह बनाने की जुगत में लग गए हैंण विधानसभा क्षेत्र के बाघमाराए कतरासए सोनारडीहए महुदाए राजगंज इत्यादि क्षेत्रों में होने वाले धार्मिक अनुष्ठान व अन्य कार्यक्रमों में चुनाव लड़ने की मंशा रखने वाले नेतागण लोगो के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में लग गए हैंण यू कहे लोगो को ये नेतागण अभी से लुभाने में लग गए हैंण बाघमारा विधानसभा क्षेत्र से वहुनाव मैदान में उतारने वाले संभावित नामों में से एक सावित्री देवी का है जो बाघमारा के पूर्व विधायक ढुल्लु महतो की धर्मपत्नी हैण ढुल्लु महतो के धनबाद सांसद बनने के बाद उनकी पत्नी का नाम विधानसभा चुनाव लड़ने वालों की लिस्ट में सबसे आगे चल रहा हैण मालूम हो की सावित्री देवी का नाम धनबाद से मेयर का चुनाव लड़ने को लेकर प्रत्याशी के रूप में सामने आ चुका है। दूसरा नाम ढुल्लु महतो के अग्रज सह श्रमिक यूनियन एटक में सक्रिय रूप से शामिल शत्रुघ्न उर्फ शरद महतो का है। इनके नाम की चर्चा भी अभी विधानसभा का चुनाव लड़ने को लेकर खूब की जा रही हैण बाघमारा प्रखंड के सामजिक व राजनैतिक गतिविधियों में शरद महतो की गतिविधियां इन दिनों बढ़ी हैण एक तीसरा नाम जलेश्वर महतो का है जो बाघमारा विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रह चुके हैं। वे पहली बार जदयू के टिकट के पर साल 2000 के बिहार विधानसभा चुनाव में विधायक बने। साल 2005 में झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान दूसरी बार जदयू के टिकट पर बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में जीत दर्ज की। हालांकि इसके बाद वह साल 2009 और 2014 के विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव हार गए। साल 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के टिकट पर बाघमारा से चुनाव लड़े। सफलता नहीं मिली। कांग्रेस में वे वर्तमान में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर हैं। इनके नाम की चर्चा भी खूब हो रही हैण इसके अलावा एक नाम जोरों से उभरे जन शक्ति दल के नेता सूरज महतो का हैण बताते चले की विगत कुछ वर्षो से श्री महतो बाघमारा के राजनैतिक मैदान में प्लेटफॉर्म बनाने के प्रयास में जोरों शोरों से लगे हुए हैंण इसके अलावा अन्य कई नामों की चर्चा विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर हो रही हैण पिछले बार वर्ष 2019 में 15 उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई थी इस बार आसन्न चुनाव में कितने लोग अपनी किस्मत आजमाएंगे यह समय आने पर ही परिलक्षित हो सकेगा।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर गोल्फ ग्राउंड पार्क में लगाये गए 200 पौधे

**70 दिन चलेगा पर्यावरण उत्सव अभियान**

**बीसीसीएल सहित निर्माण कार्य के कारण काटे जा चुके हैं लाखों पेड़**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर नगर निगम ने वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की है। इस कार्यक्रम के तहत रविवार को शहर के गोल्फ ग्राउण्ड पार्क में पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल व नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने मार्निंग वॉक करने आये लोगों और बच्चों के साथ 200 पौधे लगाये। पूर्व मेयर ने कहा कि धनबाद में बीसीसीएल के कारण प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। कोल माइनिंग के कारण लाखों पेड़ भी काटे गये है। इसके अलावा सड़क निर्माण में पेड़ों का नुकसान हुआ है। यही कारण है कि शहर में पहले की अपेक्षा गर्मी ज्यादा पड़ रही हैए बारिश कम हो रहा है। इन सबसे से बचने का एक मात्र रास्ता हैए हम जहां भी हैए वहां अपने घर या आसपास अधिक से अधिक पेड़ लगाये। नगर आयुक्त श्री शर्मा ने कहा कि पयार्वारण उत्सव कार्यक्रम के तहत अगले 70 दिनों तक पौध रोपण का अभियान चलेगा। वनविभाग के साथ मिलकर हमलोग सड़क किनारे खाली स्थान पर अधिक से अधिक पौधे लगाने का काम करेंगे। पर्यावरण को हराभरा रखने के लिए हमलोगों ने आज भी पार्क में कई पेड़ लगाये है। अब वार्डो में भी लोगों को मोटिवेट किया जायेगाए ताकि लोग खुद से भी अपने घर के बाहर या आसपास खाली जगहों पर अधिक से अधिक पेड़ लगा सके।

# बकरीद को लेकर सभी थानों में शांति समिति की बैठक

## त्यौहार सौहार्द पूर्ण ढंग से मनाने की अपील, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग हुए शामिल

### बकरीद आज

हर्ष उल्लास से मनाए बकरीद पर्व

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**कतरास।** बकरीद पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर कतरास थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थानेदार असित कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई. संचालन मो शहाबुद्दीन ने किया. बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने का निर्णय लिया।

मौके पर उपस्थित जनों ने अपना विचार भी व्यक्त किया. बैठक में थाना प्रभारी असित कुमार सिंह, हरि प्रसाद अग्रवाल, मासूम खान, कमलेश सिंह, मुन्ना सिद्दीकी, महेश पासवान, चुन्ना यादव, सरदार बलवीर सिंह, रघुनाथ हजारी, श्यामाकांत गुप्ता, उदय वर्मा,सुरेश अग्रवाल, जियाउल हक, प्रिंस शर्मा, नवदीप गुप्ता आदि मौजूद थे.

जोगता थाना में शांति समिति की बैठक थानेदार राजेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. संचालन समाजसेवी मोहम्मद शकील अहमद ने की।

मौके पर थानेदार राजेश कुमार ने पर्व को शांति, सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की. उन्होंने सरकारी गाइडलाइन से अवगत कराते हुए कहा कि संवेदनशील जगहों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी. उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने पर कार्रवाई होगी। इसके लिए सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जाएगी. बैठक में शकील अहमद, भोला राम, सुदर्शन सिंह, रामेश्वर राम, रूस्तम अंसारी, मो. अनसारुल, मुन्ना, अनुज सिन्हा, मुकेश गुप्ता, मजहर अंसारी, मोहन लाल नोनियां, जावेद अंसारी, मंगल चौहान, निर्मल कुमार, शहाबुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

बाघमारा थाना में प्रभारी चिरंजीत प्रसाद की अध्यक्षता में पुलिस जन सहयोग समिति का मीटिंग बकरीद के त्योहार निमित्त किया गया. प्रमुख रूप से त्योहार को लेकर बिशेष जानकारी से प्रभारी ने सभी को अवगत कराया. बाघमारा में हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई मिलकर हर त्यौहार को शांतिपूर्ण रूप से बनाते हैं।

उन्होंने कहा की सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट किये जाने पर कार्रवाई होगी. इसके लिए सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जायेगी. अफवाह पर ध्यान ना दे. अफवाह फैलाने वाले को बक्सा नहीं जायेगा ।

किसी तरह की जानकारी मिलने पर तत्काल सूचना देने की अपील की । मौके पर अवर निरीक्षक मनोज पांडेय, सुमन पांडेय, बीस सुत्री अध्यक्ष लगनदेव यादव, तबरेज अंसारी, टीपी पांडेय, इंदल यादव, बब्लू अंसारी, मो. असरफ मिराज खान, गोपाल मिश्रा, मो.सनावर, मो. फरवेज, मो. सलीम, पपने आलम, आसिफ खान, पोरेश चौबे, सुरेश चौहान, अक्षत पांडेय, विपिन पांडेय, गोपाल चंद्र गोप, वैजनाथ यादव, उप मुखिया शिव कुमार सिंह, रविन्द्र सिंह, चंदन मिश्रा, पप्पू सिंह, पंसस सुरेश रजक, संजय पांडेय, केशव पासवान, इंदल यादव, बब्लू अंसारी, मो. असरफ मिराज खान, गोपाल मिश्रा, अरविंद दूबे, धनेश्वर ठाकुर, विशु रवानी, सुरेश मरांडी, सांसद प्रतिनिधि गौतम गोप, सतीश राय, राधा देवी, अनिता देवी, सत्यनारायण पांडेय, ललिता देवी, शिवशंकर यादव, सौखी मांझी, लखीन्द्र महतो, गौपाल महतो, महेन्द्र रवानी आदि मौजूद थे।

### चिरकुंडा में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**मैथन।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र में बकरीद पर को लेकर प्रशासनिक स्तर पर पर तैयारियां पूरी कर ली गई है। चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में रविवार को फ्लैग मार्च पास्ट निकाला गया। चिरकुंडा थाना क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों में पुलिस मार्च फास्ट निकाल कर शांतिपूर्ण पर्व मनाने की अपील की। बकरीद पर क्षेत्र में शांति बनाए रखें। चिरकुंडा के सोनार डंगाल, नीचे बाजार, कादिर मुहल्ला, झरिया पाड़ा, फकीर मुहल्ला, कुमारधुबी, मुंडाधौड़ा, कुमारधुबी स्टेशन रोड गया। बकरीद को लेकर वरीय पदाधिकारियों के निदेर्शानुसार कार्य किया जा रहा है।

# लोकसभा चुनाव गरीब के बेटा और माफिया गुंडों के बीच हुआ: ढुलू महतो

### सम्मान समाहरोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जोड़ापोखर।** जेलगोड़ा अतिथि गृह के सभागार में धनबाद जिला के हाडी जाती समाज के लोगो ने सांसद ढुलू महतो के लिए सम्मान समाहरोह का आयोजन किया गया ।समाज के लोगों को आह्वान करते हुए सांसद श्री महतो ने कहा की लोकसभा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं था बल्कि गरीब का बेटा एवम माफिया गुडों के बीच था,जिसमें गरीब की जीत हुई हैं। उन्होंने कहा है की भाजपा परिवार वाद की पार्टी नही है, जबकी कॉग्रेस परिवार वाद माफियाओं की पार्टी हैं। यह लोग देश में आज भी राजतंत्र चलाना चाहते है। जिसे भाजपा ने समाप्त कर दिया है।

अब सफाई कर्मी का बेटा भी सांसद, विधायक बन सकता है। उन्होंने कहा है की झरिया की 90 प्रतिशत जनता आउट सोसिग कम्पनियों से परेशान हैं। आउट सोसिग कम्पनियां गरीबों दलितों का शोषण करना बंद कर दे नहीं तो गरीब अपना हिसाब लेना जानते है।श्री महतो ने कहा है की अगर गरीब का सेवा करते शहीद होना पड़े तो मंजूर हैं। सम्बोधित करने वालों में है योगेंद्र यादव, भागा मंडल अध्यक्ष सुजीत सिंह, राजकुमार अग्रवाल, अनूप साव, अभिषेक पांडेय, धूर्ब हाडी, बंटी हाडी,राजन हाडी,बच्चन हाडी,राजू हाडी,डब्ल्यू हाडी,शुभाष हाडी,हीरालाल हाडी,आदि शामिल है।

समाज के लोगो ने डॉ भीम राव अम्बेडकर की तस्बीर की मेमोंट सांसद को दिया, जिस पर सांसद ने समाज के लोगो को विश्वास दिलाया कि सांसद के पहला फंड से सभी को अम्बेडकर आवास मुहैया कराया जायेगा।

### ओबीसी एससी एसटी व माइनॉरिटी मोर्चा ने सांसद का अभिनन्दन किया

**कतरास।** ओबीसी, एससी, एसटी माइनॉरिटी मोर्चा व पटेल सेवा संघ के पदाधिकारीओं ने धनबाद के नवनिर्वाचित सांसद ढुलू महतो का उनके आवास में अभिनन्दन किया। सांसद को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। सांसद द्वारा मोर्चा को हर समय साथ देने का आश्वासन दिया। मौके पर मोर्चा के महासचिव गोपाल यादव, बसंत कुमार यादव, सुधिष्ट कुमार, सचिव अरुण प्रसाद नवल प्रसाद, मुकेश यादव, इंद्र नारायण महतो, मणिलाल महतो उपस्थित थे।

### संकल्प एजुकेशन ने अभिभावकों के साथ मनाया फादर्स डे



**कतरास ।** एक व्यक्ति के जीवन में पिता का काफी महत्व होता है। पिता के प्रति अपना प्यार और सम्मान जाहिर करने के मकसद से हर साल जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाया जाता है। इस साल 16 जून इस खास दिन को सेलिब्रेट किया गय। अंगारपथरा में संचालित संकल्प एजुकेशन के बैनर तले रविवार को फादर्स डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सभा को संबोधित करते हुए संकल्प एजुकेशन के निर्देशक सहदेव महतो ने कहा पिता उस छाते के समान हैं जो धूप और वर्षा से अपने बच्चों को बचाते हैं. पिता ही आसमान है और पिता ही सपनों का सृजनकर्ता भी।

सभी बच्चों को अपने पिता के सपनों को साकार करने के लिए ईमानदारी पूर्वक प्रयास करना चाहिए। बच्चों को कभी भी ऐसा कोई गलत काम नहीं करना चाहिए जिससे उसके माता पिता या उसके अभिभावक स्वरूप जो भी हो उसको ठेस पहुंचे। मौके पर राम लखन यादव, रतिकांत तिवारी, उत्तम कुमार सिंह, दिनेश कुमार महतो, रामजी पासवान आदि ने सभा को संबोधित किया।

### भाकपा माले महिला मोर्चा की जिला संयोजक बनी आरती पासवान



**धनबाद।** भाकपा माले महिला मोर्चा की रविवार को बैंक मोड़ स्थित कार्यालय में बैठक हुई। जिसमें माले की जिला महिला मोर्चा का गठन हुआ। सर्वसम्मति से आरती पासवान को जिला संयोजक मनोनीत किया गया। श्रीमती पासवान ने कहा कि हम सभी एकजुटता के साथ पार्टी हित में गरीब -शोषित महिलाओं के उत्थान के लिए काम करेंगे। साथ ही पार्टी द्वारा निर्देशित कार्यों व अनुशासन का पालन करेंगे। कॉमरेड संदीप कौशल ने कहा कि जिला में महिला मोर्चा के गठन होने के बाद पार्टी और मजबूती से जिलें में जमीनी स्तर पर काम करेंगी। आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूत माले प्रत्याशी उतारने का काम करेगी। बैठक में निभा पासवान, चंदा देवी,कंचन देवी,नमिता कुमारी,अनु देवी, बबिता देवी,शकुंतला देवी,इंदु देवी, जागो देवी,बालिका देवी, सुशीला देवी उपस्थित थी।

### बिजली चोरी करते छह लोगो पर मामला दर्ज

**कतरास ।** गणेशपुर विद्युत सब स्टेशन अंतर्गत बरोरा थाना के दरीदा, पोचरी एवं हरिना इत्यादि क्षेत्रों में बिजली चोरी को लेकर सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान छह लोगो को अवैध ढंग से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया. सभी के विरुद्ध बरोरा थाना में लिखित शिकायत की गई है। छापा मारी अभियान दल में गणेशपुर के कनीय विद्युत अभियंता सोनू समाद, प्रकाश कुमार, चंदन राय, मुख़्तार अंसारी इत्यादि शामिल थे।

### छात्रों की समस्या को ले धरना

**कतरास ।** उच्च शिक्षा के उत्थान को लेकर सीपीआई एमएल रेड स्टार की ओर से छात्रों की समस्या को लेकर कतरास कॉलेज में धरना दिया गया. इस मौके पर धरना के पूर्व समर्थकों ने भगत सिंह चौक से लेकर कतरास कॉलेज के मुख्य द्वार तक पदयात्रा की. इस मौके पर शेर सिंह, सुदर्शन सिंह, पूर्व मुखिया महादेव दास, नसीम अंसारी,विक्की कुमार सिंह, रोहन दास, मिथलेश सिंह, आर्यन सिंह, सुभम सिंह उपस्थित थे।

### रिकवरी एजेंट से लूटपाट, शिकायत

**कतरास।** मधुबन थाना क्षेत्र के सिनीडीह में शनिवार की देर संध्या लोन रिकवरी एजेंटों से कुछ लोगो ने मारपीट कर 45 हजार रूपए छीन लिए. इस संबंध में एजेंट सकित कुमार ने मधुबन थाने में सिनीडीह के दो युवकों पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जख्मी करने एवं लोन रिकवरी के 45 हजार रुपए छीन लेने की लिखित शिकायत की है. बताते हैं कि मारपीट की घटना के बाद उक्त एजेंटों के पक्ष में सिनीडीह व महेशपुर के महिला समूह की दर्जनों महिलाओं ने मधुबन थाना पहुंच कर मारपीट व लूटपाट करने वाले युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### डिगवाडीह स्थित सैलून के बाहर से बाइक चोरी

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह बाजार के एक सैलून में दाढ़ी कटाने गए बीमा एजेंट मनोज सिंह का मोटरसाइकिल संख्या जे एच 10 ऐ के 7848 को रविवार की सुबह अज्ञात चोर ले उड़े। मनोज ने जोड़ापोखर थाना में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

### साइबर अपराधियों ने खाते से उड़ाए एक लाख 80 हजार रुपए

**जोड़ापोखर।** जामाडोबा डुमरी 2 पिट के रहने वाले व्यापारी बेदन्त अग्रवाल को झांसा देकर साइबर अपराधों ने एक लाख 80 हजार रुपए की ठगी कर लिया। अग्रवाल ने बड़ोदरा बैंक धनबाद शाखा के खाता धारी हैं,एक मोबाइल में लिंक आया की शस्ता जूता मिल रहा है। क्लिक किया तो खाता से पैसा गायब हो गया। घटना की जानकारी दो दिन बाद पता चलने पर मामला दर्ज कराया गया है।

### मंदिर के पास से बाइक चोरी, शिकायत

**सिंदरी ।** सिंदरी शहर में बंद आवासों, दुकानों तथा बाइक चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रहा है। सिंदरी में बढ़ती चोरी की वारदातों से लोग काफी दहशत में हैं। पिछले एक महीने में हुई आधे दर्जन चोरी की घटनाओं का पुलिस अबतक उद्भेदन करने में असफल है। ताजा घटना शनिवार की हैं। देर शाम को सिंदरी निवासी के साथ घटना घटी। गायत्री मंदिर परिसर के बाहर खड़ी बिनोद राम की पैशन प्रो बाइक नंबर जे एच 10 ए पी 1853 चोरी हो गई। गायत्री मंदिर में शनिवार से धार्मिक अनुष्ठान चल रहा है। उसी में वह मंदिर के बाहर बाइक खड़ी कर अनुष्ठान में शामिल होने के लिए मंदिर के अंदर चला गया था। एक घंटे के बाद मंदिर से बाहर निकले तो बाइक गायब थी। बिनोद राम ने बताया कि काफी खोजबीन करने के बाद भी बाइक का पता नहीं चल पाया तो सिंदरी थाना में बाइक चोरी होने की लिखित आवेदन दिया।

# जागृत मंदिर में शिखर कलश की हुई स्थापना

## सात से पंद्रह तक प्राण प्रतिष्ठा रुद्र चण्डी महायज्ञ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** शहर के चिरागोडा स्थित जागृत मंदिर में सात से पंद्रह जुलाई तक प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ (रूद्र चण्डी महायज्ञ) होगा । यज्ञ को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है ? यज्ञ के प्रथम चरण में आज गंगा दशहरा के दिन अभिजीत मुहूर्त में मंदिर के पांच शिखर पर आचार्य सुबोध पांडे द्वारा कलश की प्रतिष्ठा की गई। 30 जून को शुभ मुहूर्त में यज्ञ ध्वज की स्थापना होगी । इस बाबत जानकारी देते हुए मंदिर के सहसचिव अनूप कुमार सहाय ने बताया कि 7 जुलाई 24 के सुबह 7:00 मंगल कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से निकलेगी जो नगर भ्रमण करते हुए फिर मंदिर प्रांगण पहुंचेगी 8 जुलाई 24 के सुबह 7:00 बजे जल दिवस होगा 9 जुलाई , 10 जुलाई 24 को सुबह 7:00 से रूद्र व चण्डी पाठ तथा हवन होगा 11 जुलाई 24 को अनाधिवास, 12 जुलाई को रूद्र व चण्डी पाठ ,हवन 13 जुलाई 24 को मंडप पूजन,

कुंड पूजन ,रूद्र चण्डी पाठ ,घृताधिवास व हवन होगा । 14 जुलाई को महा स्नान ,नगर परिक्रमा, सैयाधिवास पूर्णाधिवास होगा जबकि 15 जुलाई 24 को सुबह 7:00 बजे पूजन दोपहर 3:40 के बाद प्राण प्रतिष्ठा समारोह तथा यज्ञ की पूणार्हुति व महाप्रसाद का वितरण होगा। रात्रि में भगवती जागरण का आयोजन होगा । उन्होंने बताया कि 7 जुलाई से 15 जुलाई तक प्रत्येक दिन रात्रि में भजन संध्या वह प्रवचन विद्वान आचार्य द्वारा किया जाएगा।

समिति के सचिव राजेश सिन्हा ने बताया कि वर्ष 2001 से मंदिर मे लगातार भगवती जागरण का आयोजन किया जा रहा था। 25 वें वर्ष में मंदिर में मां भगवती, राम दरबार, कृष्ण दरबार ,बजरंगबली और शंकर भगवान के प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ किया जा रहा है । जिसको लेकर जागृत मंदिर समिति ट्रस्ट की रजिस्ट्रेशन कराई गई है। ट्रस्ट में अध्यक्ष मनोरंजन दूबे, सचिव राजेश सिन्हा, सहसचिव अनूप कुमार सहाय ,बिल्लू गुप्ता , उपाध्यक्ष प्रशांत सिन्हा , राजमनि देवी , अजय कुमार भट्ट है ।

### भू धंसान से प्रभावित ग्रामीणों ने दी चक्का जाम की चेतावनी





**कतरास।** भू धंसान प्रभावित मोदीडीह 6/10 के ग्रामीणों द्वारा हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी एवं बीसीसीएल प्रबंधन पर आश्वासन के अनुरूप अमल नहीं किये जाने का आरोप लगाते हुए रविवार के दिन कंपनी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कंपनी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आगामी 28 जून से कंपनी में अनिश्चितकालीन चक्का जाम करने की चेतावनी दी. ग्रामीणों का यह आरोप है की कंपनी द्वारा आसपास के लोगो की सुरक्षा का ध्यान नहीं रखकर बिना किसी नियम के परियोजना का बिस्तार करने में लगी है। जिस कारण कंपनी में आये दिन होने वाले ब्लास्टिंग से आसपास बसे लोगो के बीच जान माल का खतरा बराबर बना रहता है। मौके पर गुड़िया कुमारी, गुड़िया खातून, बिंदु देवी, दुर्गी देवी, पूजा देवी, फुलमनी देवी,सुनीता देवी, आशा देवी, बसंती देवी, रुबनी देवी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# तीन दिन बाद मानसून कभी दे सकता है दस्तक

## बारिश से निपटने की निगम की तैयारी हैं अधूरी, सशंकित हैं नागरिक

### गर्मी से मिलेगी राहत

**मिथिलेश कुमार**




**धनबाद।** नगर निगम, शहरी क्षेत्र में सुविधाओं के नाम पर हर तीन महीने पर होल्डिंग चार्ज, वाटर यूजर चार्ज और कचरा उठाव के एवज में लोगों से हर माह शुल्क वसूल करता है। लेकिन इसके एवज में नागरिकों को सिर्फ परेशानी नसीब होती है। गली मुहल्लो में निगम के कर्मी न तो झाडू लगाते है और न ही नाली की सफाई करते है। ज्यादातर लोग खुद से या पैसे खर्च कर सफाई का काम कराते है। स्ट्रीट लाईट का मरम्मत का काम भीआसानी से नही होता है। स्पलाई पानी भी एक वक्त मिलता है, वो भी आधा अधूरा जलापूर्ति होती है। मुहल्ले में खुला अटल क्लिनिक, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर भी किसी काम का नहीं है। सभी जगह ना डॉक्टर पहुंचते है और ना ही कोई अन्य सुविधाएं मिलती है। ताजा मामले की बात करे तो मानसून के आगमन में अब मात्र तीन दिन शेष रहे गए है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून की रफ्तार धीमी है, लेकिन 19 जून के बाद कभी धनबाद में मानसून प्रवेश कर सकता है। लेकिन निगम ने नालियों की सफाई अधूरी है। शहर की ज्यादातर नाली खुली हुई है, जिसमें सालों भर कचरों का अंबार लगा रहता है। लेकिन अभी तक जल जमाव वाले स्थान पर पानी निकासी की व्यवस्था नहीं हुई है। ऐसे में बरसात में इन इलाकों का डूबना तय है।

**इन इलाकों में होती है परेशानी**

शहर के ग्रेवाल कॉलोनी, हंस विहार कॉलोनी, रानीबांधधैया, जय प्रकाश नगर, अंबेडकर नगर, नावाडीह आदि क्षेत्रों में लगातार बारिश होंने पर घरों में पानी प्रवेश कर जाता है। जिससे लोगों को घंटो मशक्कत करना पड़ता है। यह स्थिति कमोवेश हर साल रहती है। इसके अलावा डीआरएम मोड़, पुलिस लाइन समेत अन्य कई ऐसे इलाके है, जहां हर बारिश में सड़कों पर जलजमाव होता है। वहीं लिंडसे क्लब रोड, बिशुनपुर, कुसुमविहार में सड़क काफी जर्जर हो चुकी है, जहां सड़कों पर जलजमाव होना तय है। लेकिन अभी तक इनसभी क्षेत्रों का स्थाई समाधान नहीं हो सका है।

### गोविंदपुर में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**गोविंदपुर।** बकरीद को लेकर गोविंदपुर पुलिस ने रविवार शाम इलाके में फ्लैग मार्च किया ।पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस ने विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रो का भ्रमण किया और शांतिपूर्ण त्यौहार में सभी से सहयोग की अपील की। डीएसपी शंकर कामती ने बताया कि सभी संवेदनशील इलाकों में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। अमलाटांड़ गायडहरा, अमरपुर, भीतिया, दुमदुमी, परासी, बरवापूर्व बस्तीपुर, गोङतोपा, महुबनी, कमार्टांड़, फकीरडीह, कुरैशी नगर, पाथुरिया, लाहरडीह,पतरिंग, कालाडाबर, जमडीहा, कुबरीटांड़ आदि क्षेत्रों में पुलिस की तैनाती की गई है। इलाके में गश्ती भी जारी रहेगी। रोड बकरीद को लेकर इलाके में खूब चहल-पहल है । रविवार को खूब खरीदारी हुई। लोगों ने बकरों की खरीदारी की है।

## सांसद जोबा माझी का मझगांव विधानसभा क्षेत्र में आभार यात्रा में उमड़ी भीड़

# जोबा माझी ने कहा संविधान और संस्कृति की रक्षा के लिए संसद में बनूंगी दीवार

▸▸ विधायक निरल पुरती के नेतृत्व में हुआ जोरदार स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चक्रधरपुर।** सिंहभूम की नव निर्वाचित सांसद जोबा माझी के लिए मझगांव के विधायक निरल पुरती ने रविवार को आभार यात्रा आयोजित की। आभार यात्रा मझगांव विधानसभा क्षेत्र के तांतनगर, मंझारी, कुमारडूंगी, मझगांव प्रखंड के विभिन्न गांवों से गुजरी। इस दौरान ग्रामीण और झामुमो कार्यकताओं ने सांसद जोबा माझी और विधायक निरल पुरती का गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। मौके पर समर्थकों ने खूब आतिशबाजी भी की। विभिन्न गांवों में स्वागत के क्रम में सांसद जोबा माझी ने कहा सिंहभूम से ऐतिहासिक जीत में मझगांव विधानसभा क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि हर एक वोट की ऋणी रहूंगी। कहा कि जिस भरोसे के साथ जनता ने दिल्ली भेजने का काम किया है उस भरोसे को कायम रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगी। सांसद ने कहा लोकसभा चुनाव भले संपन्न हो चुका है, लेकिन संविधान और हमारी सामाजिक संस्कृति पर खतरा बरकरार है। कहा कि संसद में जब भी संविधान और आरक्षण के विषय पर चर्चा होगी इसकी रक्षा के लिए सदैव दीवार बनकर खड़ा रहूंगी। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में मझगांव की जनता से पूर्व की तरह निरल पुरती पर आशीर्वाद बनाये रखने की अपील की। मौके पर विधायक निरल पुरती ने कहा मझगांव विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी को लगभग 60 हजार वोटों से बढ़त दिलाकर यहां की जनता ने साबित कर दिया कि वह विकास के साथ आदिवासी-मूलवासी की हितैषी है। आभार यात्रा के दौरान कोकचो, भरभरिया, भागाबिला, खजूरिया, छोटा पोखरिया, बड़ा पोखरिया, खास पोखरिया, चिरुबासा, चीटीमीटी समेत दर्जनों गांवों में ग्रामीणों ने स्वागत किया। आभार यात्रा में तांतनगर की प्रखंड प्रमुख चांदमनी सिरका, जिप सदस्य जवाहर बोयपाई, मुखिया सीता सरदार, हिरोमोरा पुरती, जगमोहन पुरती समेत काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता और समर्थक शामिल रहे।

### एक नजर में

## हजारों की संख्या में श्रद्धालु झारखंड के एकमात्र उत्तरवाहिनी गंगा में डुबकी लगाई



**साहिबगंज।** झारखंड में एक मात्र उत्तरवाहिनी गंगा में रविवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान कर पुण्य कमा रहे हैं। कल रात से ही श्रद्धालु झारखंड ही नहीं बंगाल बिहार उड़ीसा से भी लोग गंगा स्नान के लिए राजमहल और साहिबगंज घाट में आ रहे हैं। पंडित राजेश मिश्रा ने बताया कि हिंदू पौराणिक कथाओं में पवित्र नदी के दिव्य अवतरण और महत्व को उजागर करते हुए देवी गंगा की जयंती मनाता है। हिंदू शास्त्रों के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को देवी गंगा इस धरती पर अवतरित हुई थीं। 20 घंटे पहले दशहरा मनाया जाएगा, जो हिंदू पौराणिक कथाओं में पवित्र नदी के दिव्य अवतरण और महत्व को उजागर करते हुए देवी गंगा की जयंती मनाता है। हिंदू धर्म में आज गंगा स्नान करने से पाप कटता है। समाजसेवी शंकर कुमार ने बताया कि हजारों के संख्या में श्रद्धालु आते हैं पर प्रशासन के तरफ से न गंगा किनारे साफ करवाया गया है और न ही कोई समुचित व्यवस्था श्रद्धालु के लिए किया गया है।

## पुलिस ने कुरकुटिया गांव से आदिवासी युवक का शव किया बरामद

**हंसडीहा।** हंसडीहा पुलिस ने थाना क्षेत्र के कुरकुटिया गांव से रविवार को 40 वर्षीय आदिवासी युवक का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान इसी गांव के सुनील लाल मुर्मू पिता स्वर्गीय सोम मुर्मू के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार पुलिस को ग्रामीणों द्वारा घर में शव रहने की जानकारी दी गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी संजय कुमार एसआई शिवजी सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। मृतक की पत्नी कुजी मरांडी के अनुसार अत्यधिक गर्मी रहने की वजह मौत होने की बात बताई जा रही है। वहीं थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेजा गया है। मृतक के परिजनों द्वारा कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### स्पीड न्यूज

## बकरीद पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर बैठक संपन्न

**बेरमो।** बकरीद पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार की अध्यक्षता मे बैठक हुई। बेरमो व थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र के 12 मस्जिद मे नमाज अदा की जायेगी। उन्होंने वैसे लोंगों से सावधान रहने को कहा जो सामाजिक स्तर पर अफवाह फैलाने की कोशिश करते हैं। सोमवार की सुबह 6:00 से लेकर 8:00 तक अधिकांश क्षेत्र में बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। सभी स्थानों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से बेरमो पुलिस के अलावा अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगी। पुलिस विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए तैयार है। उन्होंने शांति समिति के सदस्य, जन संयुक्त समिति के सदस्य एवं फुसरो नप प्रतिनिधियों को पर्व के दिन तत्पर रहने को कहा है। भ्रामक व अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्व व सोसल मीडिया पर पैनी नजर रखे जाने की बात कही। मौके पर फुसरो नप के कुमार निशांत, मजदूर नेता महेंद्र कुमार विश्वकर्मा, मोहम्मद परवेज अख्तर, मोहम्मद कलाम खान, दिनेश सिंह, शरण सिंह राणा, मदन महतो, बैजु मालाकार, बैजनाथ महतो, भाई प्रमोद सिंह, कैलाश ठाकुर, विवेश सिंह, मोहम्मद जसीम रजा, मुदसर हुसैन, जवाहरलाल यादव, शंकर राम, मोहम्मद सहजाद, नवल किशोर सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## डीएसओ ने मुख्यमंत्री दाल भात केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालको को ने जिले के 8 से 10 मुख्यमंत्री दाल भात केंद्रों का औचक निरीक्षण किया तथा उपस्थित लाभुकों से भोजन की गुणवत्ता मात्रा एवं ली जाने वाली राशि के संदर्भ में जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान सूर्य स्वयं सहायता समूह बोकारो रेलवे स्टेशन लक्ष्य महिला मंडल नया मोड़ नियर केएलभासिंग पेट्रोल पंप लक्ष्मी महिला मंडल नया मोड़ नियर केनरा बैंक चमेली महिला समूह बीजीएच सेक्टर 4 शक्ति महिला मंडल सेक्टर-9 रामडीह मोड़ सादिया महिला समिति भर्रा गौस नगर चास उत्कर्ष महिला मंडल जोधाडीह मोड नियर हनुमान मंदिर चास एवं मां शक्ति स्वयं सहायता समूह जेल मोड़ चास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में लक्ष्मी महिला मंडल नया मोड़ उत्कर्ष महिला मंडल जोधाडीह मोड़ एवं मां शक्ति स्वयं सहायता समूह जेलमोड़ चास के केंद्रों का संचालन असंतोषजनक पाया गया जिसपर जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा जांच के क्रम में सभी सरकारी दाल भात केंद्रों की व्यवस्था में सुधार लाने हेतु निर्देश दिया गया।

## भाजपा ने मनाया गंगा दशहरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो/जारंगडीह।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी झारखंड की गंगा कही जाने वाली दामोदर नदी के तट पर जगह जगह भाजपा नेताओं और कार्यकताओं द्वारा गंगा दशहरा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को अहले सुबह जारंगडीह, खेतको पुल के निचे भाजपा के नेताओं और कार्यकताओं द्वारा गंगा दशहरा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पुरे विधि विधान से पुजारी आर के मिश्रा द्वारा पुजा अर्चना कर किया गया। मौके पर बेरमो प्रखंड प्रमुख सह जिला भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष गिरिजा देवी, भाजपा नेता सुरज कुमार नायक, श्रवण सिंह गौतम राम, अशोक मंडल, समीर गिरी, श्याम नायक, छोटन यादव, भीम यादव, हेमू नायक, हेमंत कुमार नायक आदि के अलावे दर्जनों की संख्या में ग्रामीण व भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। मौके पर भाजपा के कार्यकताओं ने अपने वक्तव्य में कहा कि राज्य का सबसे बड़ा नदी जिसे लोग गंगा का दर्जा दे रखा है इसकी रक्षा करना हम तमाम लोगों का दायित्व है। वही वक्ताओं ने कहा कि दामोदर के किनारे किनारे अनेको कोल वाशरी तथा विभिन्न उधोग धंधे लगे हुए हैं जिससे दामोदर प्रदुषित हो रहा है जिसे रोकना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। कहा कि गंगा दशहरा मनाने पिछे भी हमारा यही उद्देश्य है कि दामोदर जैसे मुख्य जल श्रोत की जननी की सुरक्षित रखा जा सके।

## बोकारो चेंबर ऑफ कॉमर्स ने अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु एसपी को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** बोकारो जिले में अपराध की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा बेरमो अनुमंडल क्षेत्र में हाल के दिनों में हुई आपराधिक घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बोकारो चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में एसपी पूज्य प्रकाश से मिला। चेंबर अध्यक्ष श्री सिंह ने बेरमो अनुमंडल में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए घटनाओं में संलिप्त अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की। चेंबर के संरक्षक संजय बैद ने कहा कि भय के माहौल में व्यापार करना संभव नहीं है। पुलिस प्रशासन व्यापारियों को भयमुक्त माहौल दिलवाए। चेंबर के पूर्व अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि बोकारो पुलिस त्वरित कार्रवाई करे जिससे व्यवसायियों का भरोसा पुलिस पर बना रहे। मौके पर चेंबर के महामंत्री सिद्धार्थ पारख ने पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन भी सोंपा।

पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने चेंबर प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि बेरमो की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि बोकारो पुलिस घटित घटनाओं को लेकर गंभीर है और जल्द ही नतीजे व्यवसायियों को देगी। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष प्रदीप सिंह, संजय बैद, मनोज चौधरी, नरेंद्र सिंह, सिद्धार्थ पारख, जगमोहन सिंह आदि शामिल थे।

## आशा किरण प्ले स्कूल में बोकारो रोटरी ने लगाया सोलर पैनल



**बोकारो।** बोकारो रोटरी द्वारा गोद लिए गए गांव उलगोड़ा में आशा की किरण प्ले स्कूल में छोटे बच्चों की पढ़ाई, ड्राइंग क्लास होम्यो क्लीनिक वयस्क साक्षरता केंद्र लड़कियों के लिए सिलाई कक्षाएं इनडोर स्टेडियम एवं लाइब्रेरी में सारी गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही थीं। अपने समीपवर्ती क्षेत्रों की बेहतरी और समुदाय की जरूरतों के अनुसार काम करने के आदर्श को चरितार्थ करते हुए रोटरी बोकारो ने उलगोड़ा में एक सौर पैनल लगाने के लिए रोटरी जिला 3250 से अनुदान के लिए अनुरोध किया था। रोटरी जिला 3250 द्वारा अनुदान को औपचारिक रूप से मंजूरी मिलने के उपरांत उसके अनुसार काम शुरू किया गया। उलगोड़ा में सौर पैनलों की स्थापना पूरी की गई और आज वह संतोषजनक ढंग से काम कर रही है और सभी गतिविधियां सुचारू रूप से एक बार फिर शरू हो गई हैं। रोटरी क्लब की यह छोटी सी पहल वहां के लिए एक वरदान साबित हो रही है एवं अन्य को भी सौर ऊर्जा को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी। सौर ऊर्जा कार्बन उत्सर्जन को कम करने ऊर्जा लागत की बचत और ऊर्जा स्वतंत्रता भी प्रदान करेगी। रोटरी जिला 3250 से इस परियोजना के लिए मंजूरी लेने एवं उसे पूरा करने में अध्यक्ष रोटेरियन घनश्याम दास ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## जागरूकता के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**साहिबगंज।** पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग अंतर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखंड, रांची के निर्देश पर जिला खेल कार्यालय, साहिबगंज के द्वारा आज दिनांक 16 जून 2024 को सिद्धू कान्हू स्टेडियम, साहिबगंज में मादक पदार्थ दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया !कार्यक्रम में साहिबगंज जिला में संचालित आवासीय, डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र एवं खेलो इंडिया सेंटर के सभी खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मैराथन दौड़, पेंटिंग प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता कराया गया। मैराथन दौड़ के बालक वर्ग में विजेता खिलाड़ियों ने जीत हासिल की

सनोते मरांडी, अमन, भुवन कुमार, छाकू टुडू, जमशेद अंसारी, मिथुन कुमार सिंह मैराथन दौड़ के बालिका वर्ग में विजेता खिलाड़ियों ने जीत हासिल की, क्रांति कुमारी, सीमा हेंब्रम, अनोखी कुमारी, रोशनी कुमारी, रोशनी महाल्दार, चुम्की कुमारी पेंटिंग प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों के ने जीत हासिल की सिमरन कुमारी, कृष्ण कुमार यादव भाषण प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों ने जीत हासिल की रिद्धिमा दुबे, सानू कुमार क्विज में विजेता खिलाड़ियों ने जीत हासिल की अनीश कुमार, कृष्ण कुमार यादव। कार्यक्रम में जिला खेल पदाधिकारी, साहिबगंज राजेश कुमार चौधरी ने जानकारी दी कि सभी प्रशिक्षण केन्द्रो में मादक पदार्थ दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर गौतम कुमार झा, लिपिक जिला खेल कार्यालय, आलोक कुमार प्रशिक्षक आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र, आलोक कुमार प्रशिक्षक डे बोर्डिंग बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र, प्रकाश सिंह बादल प्रशिक्षक खेलो इंडिया कुश्ती सेंटर, साहिबगंज, निमाई चौधरी, जिला खेल कार्यालय के सभी कर्मी एवं खेल प्रेमी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## सीसीएल के सुरक्षा गार्डों ने पकड़ा अवैध कोयला लदा बाइक और साइकिल



**बेरमो/कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी नेतृत्व में स्वांग कोलियरी तथा जारंगडीह कोलियरी में कोयला चोरों के विरुद्ध औचक छापामारी की गई। छापामारी में गस्ती दल को देख कोयला चोर भाग निकले। सुरक्षा गार्डों ने कोयला से लदा 5 मोटरसाइकिल तथा 10 साइकिल को जप्त किया। बाइक और साइकिल को गस्ती दल के द्वारा मौके पर ही क्षतिग्रस्त कर दिया गया। कोयला से भरा लगभग 45 से 50 बोरा को पूर्ण रूप से फाड़ दिया गया साथ ही बरामद कोयला को स्वांग कोलियरी कोल स्टॉक में गिरा दिया गया जिसका वजन लगभग 2.5 टन बताया गया। इस छापेमारी दल में क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी इबरार हुसैन के अलावा झारखण्ड गृह रक्षक के अन्य जवानसहित स्वांग कोलियरी के सुरक्षा पदाधिकारी नुरुल्ला होदा, एचएसजी के प्रदीप महतो, भूसन लाल साहू, सवांग वाशरी के सुरक्षा प्रभारी भीम राम, एचएसजी के कामेश्वर कुमार एवम अन्य जवान भी शामिल थे।

## बोकारो जनरल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन



**बोकारो।** बोकारो जनरल अस्पताल के ब्लड बैंक में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सहयोग ट्रस्ट के द्वारा एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बोकारो जनरल अस्पताल के प्रभारी मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीबी करुणामय ने किया। रक्तदान शिविर में 20 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। इसका उद्देश्य खून की कमी से लोगों की जान न जाए इसलिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है। बीजीएच के एडिशनल मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार ने कहा कि रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे का संयोग कम होता है। उन्होंने कहा कि 18 साल से 60 साल के तक कोई भी स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से साल में तीन बार रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से शरीर के किसी अंग में कमजोरी नहीं आती है। रक्तदान के अवसर पर बोकारो जनरल अस्पताल के रक्त केन्द्र के डा सुरेन्द्र कुमार काउंसलर कविता कुमार झारखण्ड सरकार एवं सहकर्मी रंजिता एक्का सोनाली अंकिता विभूतिका मनीष महेन्द्र एवं कौशल उपस्थित रहे।

## स्पीड ब्रेकर पर अनियंत्रित स्कूटी से गिरकर तीन लड़किया घायल

**हंसडीहा।** हँसडीहा भागलपुर मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र के कसवा मोड़ के समीप बने स्पीड ब्रेकर पर अनियंत्रित होने से स्कूटी सवार तीन नाबालिक लड़कियां गिरकर घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार तीनों लड़कियां अक्षरा कुमारी(11), जोया खातून(13) और मनीषा कुमारी(15) बौसी बिहार से हँसडीहा किसी मित्र से मिलने आई थी। वापस लौटने के दौरान उक्त स्पीड ब्रेकर पर उसकी स्कूटी अनियंत्रित हो सड़क पर पल्ट गई। जिसमें तीनों घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर हँसडीहा पुलिस ने घायलों को ईलाज के लिए सरैयाहाट पहुँचाया।

## सीपी चौधरी का चंद्रपुरा आगमन पर कार्यकर्ताओ ने किया गया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** नव निर्वाचित गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का चंद्रपुरा आगमन पर आजसू पार्टी कार्यालय चंद्रपुरा में कार्यकर्ताओ द्वारा भव्य स्वागत फूल-माला पहनाकर और गुलदस्ता देकर किया गया। वहीं सीपी चौधरी ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओ का मेहनत का देन हैं कि दूसरी बार भाजपा और आजसू के संयुक्त गिरिडीह से सांसद बने। साथ ही कहा कि इस वर्तमान सरकार के कार्यकाल में गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार का माहौल बना हुआ हैं जिसे खत्म करना हैं। साथ ही कहा कि युवा को रोजगार से जोड़ने का कार्य करूंगा।

## उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन



**साहिबगंज।** झारखंड शिक्षा परियोजना साहिबगंज के द्वारा मादक द्रव्यों के दुरुपयोग हेतु जागरूकता अभियान जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन नगर पालिका कन्या उच्च विद्यालय में किया गया। उक्त कार्यशाला का शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार हर्ष के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार के द्वारा मादक द्रव्यों के प्रकार और हानिकारक प्रभाव के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार हर्ष के द्वारा बताया गया कि ट्रांजिशन बच्चे ड्रॉप आउट होना एक गंभीर समस्या है जिसको समाप्त करना है, प्रोजेक्ट रेल एवं पंजी संधारण करते हुए उत्तर की प्रविष्टि ई विद्या वाहिनी में समय पर करना, जय गुरुजी एप्स को सभी सीआरपी बीआरपी के साथ-साथ विद्यालय के सभी शिक्षकों को अपने मोबाइल में इंस्टॉल करना है, विद्यालय स्तर पर जिम्मेदारी पंजी संधारित हो, प्रोजेक्ट इंपैक्ट संबंधित विद्यालय जिनका लो कॉस्ट नो कॉस्ट एवं हाई कास्ट स्कोर कम हो सभी विद्यालय अपना स्थिति को सुधार करते हुए दोबारा मूल्यांकन करेंगे। अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मण यादव के द्वारा बताया गया कि मादक द्रव्यों तथा नासा के दुष्परिणाम से निपटने के लिए समाज एवं शिक्षा प्रतिष्ठानों को जागरूक किया जाए एवं तिथि वार विद्यालय स्तर पर विभिन्न गतिविधि कराया जाए जिससे समाज में अच्छा प्रभाव डाला जा सके। सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार के द्वारा निपुण भारत एवं के बारे में बताया गया। अंतिम में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आशीष कुमार के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए एकदिवसीय कार्यशाला का समापन किया गया। इस कार्यशाला में उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार हर्ष, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मण यादव, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आशीष कुमार, सह कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार, राजेश कुमार, अनिमा सिंह, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रफुल्ल सिंह, मनीष कुमार, क्षेत्र प्रबंधक जयंत कुमार और सभी प्रखंड से आए हुए बीपीओ, बीआरपी एवं सीआरपी उपस्थित थे।

# केदारनाथ चार धाम जा रही बस उत्तरप्रदेश में दुर्घटनाग्रस्त

▸▸ हादसें में बस के केबिन में बैठे बस एजेंट चालक खलासी सहित आधा दर्जन लोग घायल

▸▸ 18 दिन के टूर में झारखंड बंगाल के अलग अलग जिले से निकले थे यात्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हंसडीहा।** दुमका के हंसडीहा से 14 जून को केदारनाथ चार धाम जाने के लिए खुली शुभम टूरिस्ट बस उत्तरप्रदेश के चंदौली वाराणसी जीटी रोड पर मुंगल सराय से करीब दस किलोमीटर पहले अनियंत्रित होकर एक कंटेनर से टकरा गई। घटना में 48 श्रद्धालुओं में से 12 श्रद्धालुओं घायल हो गए। घटना अग्रवाल फियूल पंप के समीप करीब चार बजे सुबह की है। बताया जा रहा है कि बस के चालक को झपकी आ गई जिसको लेकर बस अनियंत्रित हो गई सूचना पाकर मौके पर पहुँची चंदौली पुलिस व हाइवे ऑथोरिटी ने एम्बुलेंस बुलाकर घायल श्रद्धालु को चंदौली अस्पताल भेजा जहां पांच को बनारस रेफर करने के बाद अन्य सभी को प्राथमिकी ईलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। बता दे टूरिस्ट बस हंसडीहा से तीर्थयात्रियों को लेकर शुक्रवार को सुबह करीब 10 बजे रवाना हुई थी। रास्ते में रामगढ़ दुमका बासुकीनाथ धनबाद व आसनसोल से कई तीर्थयात्री बस में सवार हुए थे। वहीं बस पर सवार अन्य सभी श्रद्धालु सुरक्षित हैं। कुछ श्रद्धालुओं को हाथ पैर सीना और सर में आंशिक चोटे आई है। हादसें को लेकर बस पर सवार श्रद्धालु अरविंद कुमार ने बताया कि 14 जून को वे लोग केदारनाथ चारो धाम जाने के लिए हंसडीहा में बस पर सवार हुए थे। शनिवार को रात करीब दस बजे बिहार के गया से खाना पीना खाकर सभी लोग प्रयागराज के लिए निकले थे इसी बीच चंदौली वाराणसी जीटी रोड पर मुगल सराय से 10 किलोमीटर पीछे झोंसी अग्रवाल पेट्रोल पंप के समीप बस के आगे चल रही कंटेनर से टकरा गई। इसी बीच बस आगे चल रहे कंटेनर को ठोकर मारा तो कंटेनर के आगे चल रही मिनी ट्रक भी कंटेनर के ठोकर से सड़क पर पलट गई। इधर हादसें में बस के केबिन के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद बस पर सवार सभी यात्री सहमे हुए है।

बताया गया की 20 दिनों का टूर था। शुक्रवार को धनबाद से बस खुलने के बाद शनिवार को सुबह गया में रुका। वहीं शनिवार को रात दस बजे बस उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के लिए खुली। रविवार को गंगादशहरा पर वहां गंगास्नान के बाद वृंदावन जाने का प्रोग्राम था। लेकिन रास्ते मे मुगलसराय से करीब 10 किलोमीटर पहले चंदौली में बस हादसे का शिकार हो गई।

### टूरिस्ट बस में झारखंड बंगाल के श्रद्धालु थे सवार

बस हंसडीहा से 14 जून को खुली थी। जिसमे हंसडीहा के 3, भाटिन के 3, सिलठा के 1, रामगढ़ के 4, बासुकीनाथ के 4, दुमका के 14 सहित आसनसोल व धनबाद के श्रद्धालु सवार थे।

# रिकार्ड बनायेगी निर्मला


मोदी 3.0 सरकार में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार अपने दूसरे कार्यकाल में वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभाला। अब वह वित्त वर्ष 2025 के लिए बजट पेश करने की तैयारियों में जुट गई है। जुलाई के अंतिम पखवाड़े में पेश होने वाला बजट न सिर्फ आम जनता के लिए बल्कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के लिए भी खास होने वाला है। लगातार 7वीं बार बजट पेश करके सीतारमण इतिहास रचने के लिए रचने के लिए तैयार हैं। ऐसा करने वाली वह देश की पहली वित्त मंत्री बन जाएंगी। इसी के साथ वह, मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड को भी तोड़ देंगी, जिन्होंने लगातार छह बजट पेश किए थे। मोरारजी देसाई ने 1959 से 1964 तक देश के वित्त मंत्री का कार्यभार संभाला था। देसाई ने पांच दशकों से अधिक समय तक भारत के किसी भी वित्त मंत्री द्वारा कुल दस बजट पेश करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। उन्होंने 24 मार्च 1977 से 28 जुलाई 1979 तक भारत के चौथे प्रधानमंत्री के रूप में भी कार्य किया। 2019 के लोक सभा चुनावों के बाद, सीतारमण को मोदी 2.0 सरकार में वित्त मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया था। वह इंदिरा गांधी के बाद बजट पेश करने वाली दूसरी महिला बनीं। अब तक, सीतारमण 2024 के लोक सभा चुनावों से पहले इस साल की शुरूआत में पांच पूर्ण बजट और एक अंतरिम बजट पेश कर चुकी हैं। वह पहले ही मनमोहन सिंह, अरुण जेटली, पी. चिदंबरम और यशवंत सिन्हा सहित अपने पूर्ववर्तियों के पांच-बजट के सिलसिले को पीछे छोड़ चुकी हैं। इस साल 1 फरवरी को पेश किए गए अंतरिम बजट के साथ, सीतारमण ने मोरारजी देसाई के लगातार छह बजट पेश करने के रिकॉर्ड की बराबरी की। और अब वह मोदी 3.0 सरकार का पहला बजट पेश कर मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड को तोड़ एक नया इतिहास रचने वाली हैं।

# पाक प्रयोजित आतंक

जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा में चार आतंकी हमले हुए हैं। रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस के चालक पर हुए हमले के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। कुछ गिरफ्तारियां भी हुई और हथियार भी बरामद हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुएप्रधानमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की है। इसमें आतंकवाद की नई चुनौती से मुकाबले की रणनीति पर विचार हुआ है। दरअसल, नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान हुए इन हमलों में पाक की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। चिंता की बात यह है कि एलओसी से लगते जम्मू के इलाके में आतंकवादी घटनाएं बढ़ी हैं। मारे गये दो आतंकवादियों के पास से पाकिस्तानी हथियार व सामान की बरामदगी बताती है कि पाकिस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू किया जा रहा है। लोकतंत्र को मजबूत होते देख बौखलाहट में ये आतंकवादी हमले किये जा रहे हैं। दरअसल, केंद्रशासित प्रदेश का शांति-सुकून की तरफ बढ़ना आतंकवादियों की हताशा को ही बढ़ाता है। हाल के दिनों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का घाटी में आना और लोकसभा चुनाव में बंपर मतदान सीमा पार बैठे आतंकियों के आकाओं को रास नहीं आया है। वहीं इन हमलों का चिंताजनक पहलू यह है कि अब तक आतंकी घटनाओं का केंद्र दक्षिण कश्मीर आदि इलाके होते थे, अब की बार ये हमले जम्मू क्षेत्र में हुए हैं। जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिये गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता।

# नीतियों में बार-बार बदलाव से पैदा होती अनिश्चितता





– प्रसन्नजीत

**गेहूं** के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा के बाद भी मामला अब तक पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय ने हाल ही में एक पूर्व शर्त रखी कि सरकार से सरकार के स्तर पर निर्यात किए जाने वाले गेहूं का इस्तेमाल केवल घरेलू खपत के लिए किया जाएगा और उसे किसी अन्य देश को निर्यात नहीं किया जाएगा। इस बीच समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के अनुसार बांग्लादेश को भेजा जाने वाला चार लाख टन गेहूं जो हजारों ट्रकों में लदा हुआ है, वह भी पश्चिम बंगाल में फंसा रहा है क्योंकि सीमा शुल्क अधिकारी उसे आगे नहीं जाने दे रहे।

ऐसे में इस समूचे घटनाक्रम पर एक त्वरित निगाह डालने की आवश्यकता है। रूस-यूक्रेन युद्ध ने विश्व स्तर पर गेहूं की कमी पैदा की क्योंकि यूक्रेन दुनिया के सबसे बड़े गेहूं निर्यातक देशों में से एक है। वैश्विक स्तर पर गेहूं की कीमतों में मजबूती को भारतीय किसानों तथा कारोबारियों के लिए एक बड़े अवसर के रूप में देखा गया क्योंकि वे विश्व बाजार मे अपना माल बेच सकते थे। प्रधानमंत्री ने तो यहां तक दावा कर दिया था कि भारत दुनिया का पेट भरने में सक्षम है और वह गेहूं आपूर्ति के मामले में यूक्रेन की कमी को पूरा कर सकता है।

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक है लेकिन वह गेहूं का बड़ा निर्यातक नहीं रहा है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय ने एक कार्यबल गठित किया और नौ देशों में एक प्रतिनिधिमंडल भेजने का निर्णय लिया ताकि भारतीय गेहूं को प्रोत्साहित किया जा सके। प्रतिनिधिमंडल की रवानगी के महज एक दिन पहले सरकार ने अचानक यह घोषणा कर दी कि गेहूं के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाती है।

निर्यात पर अचानक प्रतिबंध लगाने की घोषणा से अफरातफरी का माहौल बन गया। बंदरगाहों पर जाने के लिए ट्रकों पर लदी गेहूं की खेप वहीं फंस गई क्योंकि यह स्पष्ट नहीं था कि उन्हें जहाजों पर लादा जाएगा अथवा नहीं। जिन किसानों ने अपनी उपज सरकारी एजेंसियों को नहीं बेची थी क्योंकि वे ऊंची वैश्विक कीमतों का लाभ उठाना चाहते थे वे भी अचानक उठाए गए इस कदम से फंस गए।

इसके पश्चात स्पष्टीकरण आने शुरू हुए। कहा गया कि जिन अनुबंधों पर निजी कारोबारी पहले हस्ताक्षर कर चुके हैं उन्हें निर्यात करने दिया जाएगा। यह भी कहा गया कि सरकारों के बीच होने वाले सौदे जारी रहेंगे। ताजा ब्योरे के अनुसार भारत से गेहूं खरीदने वाले देशों को उसका घरेलू इस्तेमाल करना होगा। यह उचित निर्णय है हालांकि इसे शुरूआत में ही स्पष्ट कर दिया जाना चाहिए था।

> दक्षिण के कई राज्यों में आबादी की कृषि पर निर्भरता कम हुई है। इसके चलते विनिर्माण को गति मिली और इन राज्यों में तकनीक सक्षम सेवा क्षेत्र में भी मजबूती आई। शिक्षा के प्रसार, स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ। इन क्षेत्रों में दक्षिण के राज्य उत्तर के राज्यों से काफी आगे हैं। इसके विपरीत दक्षिण भारत के राज्यों का राष्ट्रीय राजनीति में वह कद नहीं है जो उत्तर और पश्चिम के राज्यों का है।

उनमें से कुछ विरोधाभासी होती हैं और उन्हें आगे और अधिक स्पष्ट करने की आवश्यकता होती है। उच्च स्तरीय अधिकारियों की ओर से कोयला खरीद/आयात, दूरसंचार, कोविड-19 टीके के निर्यात, ई-कॉमर्स तथा यहां तक कि इलेक्ट्रिक वाहन बनाम पेट्रोल-डीजल इंजन को लेकर की गई घोषणाओं के मामले में भी ऐसा देखने को मिला। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता (आईबीसी) जैसे बड़े कानूनों की बात करें तो यहां भी अधिसूचना, बदलाव, संशोधन एवं स्पष्टीकरण आदि आमतौर पर देखने को मिलते रहे। मूल कानून पारित होने के बाद बहुत लंबे समय तक इनका सिलसिला चलता रहा। आईबीसी के मामले में तो आगे भी संशोधनों की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। जीएसटी के मामले में दरों के साथ लगातार छेड़छाड़ की जा रही है जबकि इसे जारी किए हुए करीब पांच वर्ष का समय बीत चुका है। कोई भी नीति पहले दिन से एकदम परिपूर्ण नहीं हो सकती। ऐसे में समय के साथ प्रतिपुष्टि के आधार पर उनमें संशोधन करना और उन्हें बेहतर बनाना भी समझ में आता है।

बहरहाल, एक धारणा जो जोर पकड़ रही है वह यह है कि भारत में नीतिगत घोषणाएं अक्सर पर्याप्त चर्चा और बहस के बिना ही कर दी जाती हैं। अक्सर नियमों के मसौदे अलग-थलग ढंग से तैयार कर लिए जाते हैं और उन लोगों से कोई मशविरा नहीं लिया जाता जो उनसे प्रभावित होने वाले होते हैं। ज्यादातर मामलों में घोषणाएं अल्पावधि पर केंद्रित होती हैं और उनकी प्रकृति भी प्रतिक्रियावादी होती है, बजाय कि सुविचारित रणनीतियों के।

यह भी संभव है कि प्रतिपुष्टि उच्चतम स्तर पर नहीं पहुंचे और उसके पूर्व ही घोषणाएं हो जाएं। गेहूं से जुड़े प्रतिनिधिमंडल और निर्यात प्रतिबंध की बात करें तो जमीनी अधिकारियों को यह बात तो पता ही होगी कि गर्म हवा के थपेड़ों के कारण फसल प्रभावित हुई है और उत्पादन अनुमान के मुताबिक नहीं हुआ है। कोई भी निवेशक चाहता है कि नीतिगत दिशा स्पष्ट रहे तथा जमीन पर पैसा लगाने के पहले वह स्थिरता सुनिश्चित करना चाहता है। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार पर अक्सर यह आरोप लगता रहा है कि वह नीतिगत पंगुता की शिकार थी। ऐसा इसलिए कि वहां इतनी बहसें होती थीं कि समय पर कोई नीति बन ही नहीं पाती थी। मौजूदा प्रशासन की बात करें तो दिक्कत इसके उलट है। नीतिगत घोषणाएं बहुत जल्दी की जाती हैं और उतनी ही जल्दी उन्हें पलट भी दिया जाता है।

यह एक ऐसा अवसर था जो किसानों के हित में था। जिस न्यूनतम सर्मथन मूल्य को लेकर इतना बड़ा आंदोलन हुआ आज गेहूं का मूल्य उससे अधिक हो गया था। इससे अच्छी स्थिति कुछ हो ही नहीं सकता लेकिन सरकार की नीति अजब गजब टाईप की रही है। निश्चित ही आने वाले समय में सरकार को लोकप्रियता को त्याग कर व्यवहारिक स्तर पर नीति तय करना होगा जिससे यह कठिनाई समाप्त हो जाए। आज सरकार की नीति में कोई स्पष्टता नहीं रही है।

## खास बात

# भक्ति का मार्ग योग



**स्वामी मुक्तरथ**

योगसाधन के उपाय में यह बतलाया गया है कि पहले किसी स्थूल विषय का आधार लेकर, उसके उपरांत किसी सूक्ष्म वस्तु को लेकर और अंत में सब विषयों का परित्याग करके चलना चाहिए और अपना चित्त स्थिर करना चाहिए। चित्त की वृत्तियों को रोकने के जो उपाय बतलाए गए हैं वह इस प्रकार हैं:- अभ्यास और वैराग्य, ईश्वर का प्रणिधान, प्राणायाम और समाधि, विषयों से विरक्ति आदि। यह भी कहा गया है कि जो लोग योग का अभ्यास करते हैं, उनमें अनेक प्रकार की विलक्षण शक्तियाँ आ जाती है जिन्हें 'विभूति' या 'सिद्धि' कहते हैं। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ये आठों योग के अंग



कहे गए हैं, और योगसिद्धि के लिये इन आठों अंगों का साधन आवश्यक और अनिवार्य कहा गया है। इनमें से प्रत्येक के अंतर्गत कई बातें हैं। कहा गया है जो व्यक्ति योग के ये आठो अंग सिद्ध कर लेता है, वह सब प्रकार के क्लेशों से छूट जाता है, अनेक प्रकार की शक्तियाँ प्राप्त कर लेता है और अंत में कैवल्य (मुक्ति) का भागी बनता है। सृष्टितत्व आदि के संबंध में योग का भी प्रायः वही मत है जो सांख्य का है, इससे सांख्य को 'ज्ञानयोग' और योग को 'कर्मयोग' भी कहते हैं।पतंजलि के सूत्रों पर सबसे प्राचीन भाष्य वेदव्यास जी का है। उस पर वाचस्पति मिश्र का वार्तिक है। विज्ञानभिक्षु का 'योगसारसंग्रह' भी योग का एक प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है। योगसूत्रों पर भोजराज की भी एक वृत्ति है (भोजवृत्ति)। पीछे से योगशास्त्र में तंत्र का बहुत सा मेल मिला और 'कायव्यूह' का बहुत विस्तार किया गया, (सत्यानंद योग मिशन, रांची)

# प्राण का बोध

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**जब** स्वांस भीतर जाती है तो इसका आपके प्राणों में पूरा बोध हो कि स्वांस भीतर जा रही है। स्वांस बाहर जाती है तो इसका भी आपके प्राणों में पूरा बोध हो कि स्वांस बाहर जा रही है। तब आप पाएंगे कि एक गहन शांति उतर आई है। यदि आप स्वांस आ रही है, जा रही है इसे गहराई से देख सको तो यह क्रिया अभी तक की खोजी गई ज्ञान की सारी क्रियाओं से सर्वश्रेष्ठ क्रिया है और फिर किसी भी क्रिया की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्वांस सदैव वर्तमान में है। हम अतीत में स्वांस नहीं ले सकते और न ही भविष्य में स्वांस ले सकते हैं। स्वांस लेना हमेशा इसी क्षण में है। लेकिन मन अतीत के बारे में सोच सकता है और भविष्य के बारे में सोच सकता है। शरीर तो वर्तमान में होता है लेकिन, मन अतीत और भविष्य के बीच झूलता रहता है। शरीर और मन के बीच में एक विभाजन हो जाता है। शरीर वर्तमान में रहता है और मन कभी भी वर्तमान में नहीं रहता है। वे कभी भी मिलते नहीं, वे कभी एक दूसरे के सामने नहीं आते और उसी विभाजन के कारण विषाद, चिंता, तनाव और अशांति पैदा होते हैं। हर एक तनावग्रस्त है और वह तनाव ही चिंता व अशांति है। इस मन को वर्तमान में लाना है क्योंकि वर्तमान के अतिरिक्त दूसरा कोई समय है ही नहीं। इसलिए अभ्यास के प्रति प्रतिबद्धता से मन को स्वांसों की धुन में लीन करके स्वांसों के इसी पल में एकाकार करें तभी स्वांसों के भीतर की शक्ति की पहचान होती है। परमात्मा के सानिध्य में शांति के अनुभव से मनुष्य जीवन सफल होता है।

उपद्रवियों पर कार्रवाई ऐसी हो, जो असामाजिक सोच रखने वाले सभी तत्वों के लिए एक उदाहरण बने और माहौल बिगाड़ने के बारे में कोई सोच भी न सके।

– आदित्यनाथ योगी

## रोचक ट्वीट

युवा ऊर्जा से देश के विकास को नई गति मिल रही है।श्री मोदी जी की सरकार हमारी युवा शक्ति को सशक्त कर रही है ताकि उन्हें आत्मनिर्भरभारत के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए तैयार किया जा सके।

–अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री





बापू के आदर्श ही स्वतंत्र भारत की नींव हैं। हमारे देश ने सदा विश्व के सामने सत्य, अहिंसा और भाईचारे की मिसाल कायम की है। नफरत और अशांति हमारी राह नहीं है। आपसी सद्भावना रखना सभी देशवासियों की ज़िम्मेदारी है।

–राहुल गांधी

# हिंसक उपद्रवी के विरोध के पीछे कौन सी देश विरोधी ताकतें

## समाज

**विरोध** यदि लोकतांत्रिक तरीके से किया जाए, तो इसमें आपत्ति नहीं है, पर यदि पत्थरबाजी और आगजनी जैसी हिंसक कार्रवाइयों का सहारा लिया जाएगा, तो चिंता होना स्वाभाविक है। इस दौरान सकारात्मक बातें भी हुई हैं। दिल्ली के शाही इमाम ने खुद को जामा मस्जिद के बाहर हुए प्रदर्शन से अलग किया। दूसरी तरफ मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मुस्लिम मौलानाओं से कहा है कि वे ऐसी टीवी बहसों में शामिल नहीं हों, जिनका उद्देश्य इस्लाम का अपमान करना हो। सवाल है कि कौन है जो इस्लाम और मुसलमानों का अपमान करना चाहता है? सच पूछें तो ऐसी बहसों की जरूरत ही क्या है? एक टीवी डिबेट में पैगंबर मोहम्मद के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को देश के अलग-अलग शहरों में जिस स्तर पर हिंसक विरोध-प्रदर्शन हुए हैं, उन्हें लेकर चिंता पैदा होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात, बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र के अलावा जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में विरोध प्रदर्शन हुए हैं। कई जगह इंटरनेट सेवाओं को स्थगित करना पड़ा है। विरोध यदि लोकतांत्रिक तरीके से किया जाए, तो इसमें आपत्ति नहीं है, पर यदि पत्थरबाजी और आगजनी जैसी हिंसक कार्रवाइयों का सहारा लिया जाएगा, तो चिंता होना स्वाभाविक है। इस दौरान सकारात्मक बातें भी हुई हैं। दिल्ली के शाही इमाम ने खुद को जामा मस्जिद के बाहर हुए प्रदर्शन से अलग किया। दूसरी तरफ मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मुस्लिम मौलानाओं से कहा है कि वे ऐसी टीवी बहसों में शामिल नहीं हों, जिनका उद्देश्य 'इस्लाम और मुसलमानों' का अपमान करना हो। सवाल है कि कौन है जो 'इस्लाम और मुसलमानों' का अपमान करना चाहता है? सच पूछें तो ऐसी बहसों की जरूरत ही क्या है? वैश्विक-मंच पर यह चुनौतियों से भरा समय है। भारत पर भी मित्र-देशों के साथ सम्बन्ध बनाए रखने की चुनौती है। सरकार राष्ट्रीय-हितों को देख-समझकर ही कदम उठाती है, हमें माहौल को शांत बनाने की कोशिश करनी चाहिए। खुल्लम-खुल्ला विद्वेष समय आ गया है कि मीडिया में इस्तेमाल की जा रही भाषा और अभिव्यक्ति के बारे में पुनर्विचार किया जाए। टीवी की बहसों में जो अनाप-शनाप बातें खुल्लम-खुल्ला बोली जा रही हैं, चिंता उन पर भी होनी चाहिए। इसके पीछे राजनीतिक कारण भी हैं, पर राजनीति के कारण यह विद्वेष नहीं है। हमारे सामाजिक जीवन में यह दरार पहले से मौजूद है, जिसका प्रतिविम्ब हमें राजनीति में देखने को मिल रही है। देश के विभाजन ने इस दरार को और गहरा किया है। अलबत्ता इन जहरीली बातों से ध्रुवीकरण बढ़ेगा, पर देखना होगा कि हिंसक-रोष अनायास है या इसके पीछे कोई योजना है? भारत सरकार के स्पष्टीकरण और सम्बद्ध दोनों व्यक्तियों के पार्टी से निष्कासन और एफआईआर दर्ज होने के बावजूद इतने बड़े स्तर पर भावनाओं को किसने भड़काया? अभी यह तय होना है कि जिस टिप्पणी को लेकर आंदोलन खड़ा हुआ है, उसमें आपत्ति किस बात पर है। टिप्पणीकार के बोलने का लहजा कैसा था और उनके साथ बहस करने वाले ने क्या बात कही थी वगैरह। यह कौन तय करेगा? अदालत ही तय करेगी। जांच इस बात की भी होनी चाहिए कि टीवी डिबेट के बाद सोशल मीडिया पर किसने इसे 'गुस्ताख-ए-रसूल' का रंग दिया? किसने इसका अरबी में अनुवाद करके पश्चिम एशिया में सनसनी फैलाई? क्या इस बात को किसी ने सोचा है कि अरब देशों की कड़वी बातों और देशभर में हुए हिंसक-विरोध की प्रतिक्रिया कैसी होगी? उस 'बैकलैश' का अनुमान क्या किसी को है? कुछ लोगों को लगता है कि इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की फजीहत होगी। इस बात से उन्हें खुशी क्यों मिलती है? उनका क्या फायदा होगा?

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### गंभीर अपराध

**यह** एक ऐसा अपराध है जिसकी गूंज बड़ी दूर तक सुनाई देती है। इस राज्य में किसी भी लड़की को सरेआम पीटा जाना दुष्कर्म किया जाना एक शर्मनाक घटना है। ऐसे धटनाओं पर तुरंत अंकुश लगाने ी जरुरत है। झारखंड एक शांत और अपराधमुक्त राज्य था लेकिन विगत कुछ वर्षो से राज्य के शहर और ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ा है।

अनुराधा, गढ़वा

### सख्त कदम उठाएं

**भारत** में सोशल मीडिया और सरकार के बीच कानून के पालन को लेकर गहराया विवाद दुनिया के अन्य देशों में भी प्रतिष्ठा का विषय बन गया है। नाइजीरिया सरकार ने ट्विटर को अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर अपने सख्त इरादे जाहिर कर दिए हैं। अगर भारत के कानून को देश में ही अहमियत नहीं मिले तो सरकार को भी ऐसे ही कदम उठाने चाहिए।

–अमृतलाल मारू, रांची

# देश हित सबसे उपर हो, विपक्ष विरोध के लिये विरोध की राजनीति न करे

## राजनीति

**सुरेश हिन्दुस्थानी**

भारत एक लोकतांत्रिक देश है। इसका तात्पर्य यही है कि देश की जनता ही भारत की असली सरकार है। लोकसभा चुनाव के बाद अब देश में सरकार और विपक्ष की भूमिका भी तय हो गई है। जनता ने जहां नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए राजग को बहुमत दिया है, वहीं कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष को एक बार फिर से सत्ता से दूर कर दिया है। अब चुनाव हो चुके हैं, इसलिए लोकतांत्रिक देश होने के नाते आवश्यक है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष को जनता की भावनाओं को ध्यान में रखकर ही काम करना चाहिए। क्योंकि चुनाव प्रचार के दौरान जिस प्रकार के बयान दिए गए, उससे यही लगता है कि इसकी प्रतिध्वनि आगे भी सुनाई देगी। आज के राजनीतिक हालातों का अध्ययन किया जाए तो यह कहना सर्वथा उचित ही होगा कि दलीय आधार की राजनीति करना केवल चुनाव तक ही सीमित रहना चाहिए। उसका असर अगर संसद की कार्यवाही में दिखाई देगा तो यह देश के साथ अन्याय ही होगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को ही चाहिए कि वह अब देश हित की राजनीति करने वाले ही कदम उठाए। जहां तक राजनीतिक विश्लेषण की बात है तो यही कहा जाएगा कि भारत की जनता ने भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को सत्ता सौंपी है और कांग्रेस नेतृत्व वाले गठबंधन को विपक्ष में बैठने का जनादेश दिया है। दोनों पक्ष की अलग भूमिका होती है।

संसद के माध्यम से देश का संचालन किया जाता है। यह राजनीतिक जोर आजमाइश का मैदान नहीं है, इसलिए संसद की गरिमा का भी सभी राजनीतिक दल ध्यान रखें, ऐसी भूमिका सभी मिलकर तय करें। सरकार और विपक्ष दोनों को चाहिए कि वह रचनात्मक राजनीति करके देशहित पर ध्यान दें, क्योंकि लोकतंत्र में लड़ाई सिर्फ चुनाव तक ही सीमित रहना चाहिए। भारत की राजनीति का उद्देश्य भी यही है कि इसके माध्यम से जनसेवा की जाए। अगर दलीय आधार पर संसद में राजनीति की जाए तो फिर देश बनाने की आशा किससे की जाए। उल्लेखनीय है कि जनता की पसंद और नापसंद जानने के लिए ही देश में लोकतंत्र है। अब विपक्ष को भी चाहिए कि वह अच्छे कार्यों में सरकार का साथ दे, क्योंकि अब सरकार राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि भारत की सरकार है। भारत की सरकार का आशय हम सबकी सरकार ही है। कहने को देश में लोकतंत्र है, लेकिन ऐसा लगता है कि राजनीतिक दलों के जो नेता जनप्रतिनिधि बनकर दिल्ली या प्रदेश की राजधानियों में बैठते हैं, उनको केवल अपने दल के अनुसार ही काम करना होता है। जिसमें लोक की भावनाओं का समावेश बिलकुल भी नहीं रहता। हमेशा यही देखा जाता है कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाले हमारे राजनेता केवल विरोध करने के लिए ही विरोध करने की शैली को अपनाने के लिए ही बाध्य होते हैं। पिछली बार हम सबने देखा कि संसद की कार्यवाही को कई बार बाधित किया गया। लोकतंत्र की व्यवस्था के अनुसार विपक्ष का होना भी अत्यंत जरूरी है, लेकिन जो विपक्ष रचनात्मक भूमिका का पालन नहीं करता ऐसे विपक्ष से तो विपक्ष का न होना ही सही है। सत्ता पक्ष की निरंकुशता पर लगाम स्थापित करने के लिए ही विपक्ष का काम होता है, लेकिन भारत में प्रायः देखा जाता है कि सत्ता पक्ष के हर कार्य के लिए विपक्ष अपना विरोधी रुख अपनाता है। सरकार के हर कार्य का विरोध करना भी ठीक नहीं है। यह बात सही है कि इस बार लोकसभा में मजबूत विपक्ष है। इसलिए विपक्ष अपने आपको मजबूत ही दिखाएगा, यह स्वाभाविक ही है। पिछले समय जब विपक्ष बिखरा हुआ था, तब भी विपक्ष ने अपनी ताकत दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। लेकिन इस बार राजनीतिक स्थितियां बदली हुई हैं। सरकार की ताकत भी कम हुई है, गठबंधन के सहयोगी दल भी अपनी उपस्थिति का अहसास हमेशा कराते रहेंगे। ऐसे में सरकार जनता के किए गए कितने वादों पर अमल कर पाएगी, यह देखने वाली बात होगी। वहीं विपक्षी दलों की परेशानी यह है कि उसने जनता से जो वादे किए हैं, उसका क्या होगा, क्योंकि विपक्ष ने यह प्रचारित करके अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा ही काम किया है कि उसने भाजपा की जीत के रथ को रोक दिया है, जबकि यथार्थ में ऐसा नहीं है। जनता के बीच विपक्ष ने अपनी जीत का ही संदेश दिया है।

## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ जिला कायस्थ महासभा के उपाध्यक्ष बने सुजीत सिन्हा



**रामगढ़।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा के कार्यालय में रविवार को महासभा की बैठक हुई। बैठक में महासभा का विस्तार किया गया। गोला निवासी सुजीत कुमार सिन्हा को महासभा का रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष एवं लोहार टोला निवासी सूर्यवंश श्रीवास्तव को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष ने सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष को 15 दिनों के अन्दर अपनी कमेटी का विस्तार कर सूचित करने को कहा । ।बैठक में राजीव पामदत्त, रोहित कुमार वर्मा एवं अमित सिन्हा उपस्थित थे।

### तुषार ने किक बॉक्सिंग में जीता सिल्वर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** वाको इंडिया किक बॉक्सिंग संघ द्वारा बंगाल के सिलीगुड़ी में आयोजित जूनियर किक बॉक्सिंग अंडर-18 प्रतियोगिता में तुषार कुमार सिंह ने सिल्वर मेडल जीतकर पूरे झारखंड का मान बढ़ाया है। तुषार श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा का 12वीं कॉमर्स का छात्र है। केरला, हिमाचल प्रदेश और पंजाब के बॉक्सरों को हराकर तुषार ने फाइनल में प्रवेश किया है। फाइनल में राजस्थान के बॉक्सर अभिषेक कुमार से हुए मुकाबले में तुषार को सिल्वर मेडल मिला। तुषार ने सिल्वर जीतने के साथ ही 23 अगस्त से हंगरी में होनेवाले वर्ल्ड जूनियर प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। तुषार की इस सफलता पर स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, प्राचार्य विवेक प्रधान, निदेशक ऐकडेमिक शिवकुमार चौधरी, अंकित कुमार सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी है।

### भदानीनगर ओपी में शांति समिति बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी में बकरीद पर्व को लेकर रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक ने की। ओपी प्रभारी ने कहा कि हमारे सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। हर पर्व-त्योहार को आपस में मिलकर शांतिपूर्वक तरीके से मनाना चाहिए। उन्होंने क्षेत्रवासियों से पर्व के दौरान किसी भी तरह के अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी तरह के प्रतिबंधित मांस पर रियायत नहीं बरती जायेगी। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि बकरीद पर्व आपसी भाईचारगी व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक मनाई जायेगी। मौके पर रामफल बेदिया, हरिलाल बेदिया, आजाद अंसारी, मो. इमरान अंसारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** वैंकटेश स्पंज आयरन फैक्ट्री लपंगा के सौजन्य से सामाजिक संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी भुरकुंडा साप्ताहिक हाट में दुर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन पत्तल बेचने आने वाले 150 गरीब महिला-पुरुष और बच्चों के बीच पूरी-सब्जी का वितरण किया। डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है और यही मानव धर्म भी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, प्रो रामानुज सिंह, उदयभान दुबे, रिंकू वर्णवाल, शिवकुमार यादव, लखन राम, शाहिद सहित कई लोगों का योगदान रहा।

### सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत



**रामगढ़।** रामगढ़ व्यवहार न्यायालय के निकट रामगढ़-बोकारो मार्ग एनएच 23 पर सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई । जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि रजरप्पा के कडराडी से चुरचू जुमरी बेलगड्डा मोटरसाइकिल से पति, पत्नी और सास जा रहे थे। उसी दौरान छत्तर मांडू व्यवहार न्यायालय के निकट धर्मकांटा के पास एक ट्रक ने मोटरसाइकिल पर सवार तीनो को ले लिया। जिसमें सास मूर्ति टुडू की मौत मौके पर हो गई । बेटी सूरजमुनी सोरेन और दामाद सोनाराम मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान सूरजमुनी सोरेन की मौत हो गई । दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल सोनाराम मुर्मू को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### दामोदर नदी में विशेष पूजा-अर्चना



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रीवर साइड दामोदर नदी तट पर रविवार को गंगा दशहरा के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना हुआ। पुरोहित महेश्वर पांडेय ने पुरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच देवनद दामोदर की पूजा की। लोगो ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए दामोदर नदी को स्वच्छ रखने और गंदगी का प्रवाह नही करने का संकल्प लिया। मौके पर सुमन सिंह, सुनील कुमार सिंह, शैलेंद्र झा उर्फ पिंकु झा, नितेश ओझा, रामसुंदर सिंह, रूपेश सिंह, अनुप ठाकुर आदि मौजूद थे।

### शांतिपूर्वक मनायें पर्व : ओपी प्रभारी



**कुजू।** कुजू ओपी परिसर में रविवार को बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई।ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय ने कहा कि बकरीद भाईचारिगी का पर्व है। बैठक में बीरेंद्र कुजुर, सुमित हेम्ब्रोम, मुंशी कुंज बिहारी चौबे, ज्ञानी महतो के अलावे अमर सिंह, रंजीत कुमार सिन्हा, जिप प्रतिनिधि ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, जगेश्वर प्रजापति, , गणेश सोनी आदि शामिल थे।

# जनता ने मुझे भारी मतों से जिताया है, सेवा कर कर्ज उतारेंगे : सांसद

## गोला में मनीष जायसवाल का नागरिक अभिनंदन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)।** रविवार को गोला स्थित संस्कार इंटरनेशनल स्कूल में भाजपा गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जयाशवाल को माला पहनाकर नागरिक अभिनंदन किया गया। स्कूल के डायरेक्टर रितेश केशरी ने सांसद को पुष्प गुच्छ और शॉल देकर स्वागत किया। सांसद ने कहा कि आज मैं आपके बीच आपके द्वारा किए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त करने आया हूँ। आपलोग जिस तरह चुनाव में मुझे भारी मतों से बिजयी बनाया है इसका कर्ज मैं जरुर आपकी सेवा करके चुकाऊंगा। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा आपके बीच रहूँगा चाहे कोई भी छोटा बड़ा काम हो मैं उसे पूरा करने की भरपूर कोशिश करुँगा। उन्होंने आगे कहा कि सुख हो या दुख हो मैं आपके पास हमेशा खड़ा रहूँगा। उन्होंने स्कूल के डायरेक्टर रितेश केशरी को कहा कि आप बहुत अच्छा काम कर रहे हैं शिक्षा का अलख जलाएँ , जो भी मदद होगा मैं हमेशा उसे पुरा करुँगा। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, जिला महामंत्री रंजन सिंह, राजु चतुवेर्दी, राजीव जायसवाल, महामंत्री जितेंद्र साहु, उप प्रमुख बिजय ओझा, जिला उपाध्यक्ष स्नेहलता चोधरी, आजसू के प्रखंड अध्यक्ष अंगद महतो, सचिव नित्यानंद महतो, पंचम चौधरी, अर्जुन प्रसाद, रवि हाजरा, संतोष कुशवाहा, ललन कुशवाहा, प्रीतम झा, हरिश बर्मन, देंवती देवी, सुलेखा देवी, माधुरी देवी, सुरज बर्मा, चंद्र शेखर उपाध्याय, एहसानुल हक, दिंगबर महतो, लखन अग्रवाल, परितोष चंद्र पोद्दार, दीपक सिंह, भागीरथ कश्यप, दिलचंद महतो आदि शामिल थे।

### जायसवाल को मुखिया संघ ने दी बधाई

**बरही।** सांसद मनीष जायसवाल से रविवार सुबह बरही मुखिया संघ ने उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। मुखिया संघ का नेतृत्व संघ के अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने की। इस दौरान जायसवाल को शॉल ओढ़ाकर व बुके देकर जीत की बधाई दी। विजय यादव ने सांसद को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। मुखिया संघ ने सांसद को बताया कि बरही में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है और पेयजल ही नही बल्कि बरही चौक के आस-पास के लोगों को नहाने व घर के काम करने के लिए भी पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है। लोग पीने का पानी खरीदकर पीने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि पीएचईडी द्वारा जलमीनार तो बन चुका है लेकिन जवाहर घाट में बन रहे पेयजलापूर्ति निर्माण कच्छप गति से चल रहा है। पिछले कई वर्षों से निर्माण कार्य कभी बंद रहता है तो कभी धीमी गति से चलता है। जायसवाल को जीत का बधाई देने वालो में मुखिया संघ अध्यक्ष सह मलकोको मुखिया विजय यादव, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, पंचमाधव बसरिया मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, डपोक मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, करसो मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, बरही पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, रानीचुआ मुखिया प्रतिनिधि रामचन्द्र टुड्डू, खोड़ाहर मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव शामिल थे।

## छाई डैम के विस्थापित के लिए होगी लड़ाई : योगेंद्र



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झामुमो पंचायत समिति बलकुदरा के द्वारा बलकुदरा छाई-डैम के समीप रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से झामुमो युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह विस्थापित योगेंद्र यादव उपस्थित थे। बैठक में कहा गया कि विस्थापित ग्रामीणों द्वारा पतरातू प्रखंड के बलकुदरा छाई-डैम के जनसमस्याओं को लेकर विगत वर्षों से पीवीयूएनएल कंपनी के खिलाफ लोकतांत्रिक ढंग से नौकरी, मुआवजा एवं पुर्नवास को लेकर झामुमो के बैनर तले आंदोलनरत है। स्थानीय विस्थापित द्वारा पीवीयूएनएल प्रबंधन को 5 अप्रैल 2023, 24 नवंबर 2023 को मांग पत्र सौंपा गया था। इसके बाद पुनः 18 दिसंबर 2023 को पीवीयूएनएल कंपनी के मैन गेट के समक्ष विशाल जन आक्रोश रैली निकाल धरना-प्रदर्शन के माध्यम से मांग पत्र सौंपा गया था, लेकिन मामले पर कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। बावजूद इसके 5 मार्च 2024 को बलकुदरा छाई-डैम मे पीवीयूएनएल कंपनी द्वारा जबरदस्ती प्रशासन की मदद से काम करने की कोशिश की गई। जिसे विस्थापित ग्रामीण द्वारा रोका दिया गया। 12 मार्च 2024 को कंपनी के मेन गेट के समक्ष एक दिवसीय भूख-हड़ताल के माध्यम से पुनः समिति द्वारा मांग पत्र सौंपा गया। लेकिन अभी तक कंपनी द्वारा स्थानीय विस्थापितों के मांगों पर किसी तरह का सकारात्मक पहल नहीं किया गया। मौके पर योगेंद्र यादव ने कहा गया कि प्रबंधन का अड़ियल रवैया दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। कंपनी द्वारा हम स्थानीय-विस्थापितो पर एफआईआर भी दर्ज कराया गया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार नियोजन अधिनियम 2022 के तहत स्थानीय विस्थापितों को रोजगार में 75 प्रतिशत प्राथमिकता देने का जो कानून बना है उसे भी कंपनी द्वारा खुलेआम अवहेलना किया जा रहा है। पीवीयूएनएल प्रबंधन दलालो व बिचौलिए के माध्यम से मोटी रकम लेकर बहाली कर रही है, जिसका हर हाल में विरोध होगा। बैठक में विस्थापित ग्रामीणो द्वारा निर्णय लिया गया कि बलकुदरा छाई-डैम को लेकर 17 जून 2024 को पुनः पीवीयूएनएल कंपनी को मांग पत्र सौंपा जायेगा। साथ ही मांगो को लेकर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, उपायुक्त रामगढ, अंचल अधिकारी पतरातू को भी मांग-पत्र सौंपकर पूरे मामले से अवगत कराया जायेगा। श्री यादव ने कहा कि जब तक विस्थापित ग्रामीणो की मांगे पूरा नहीं होगी तब तक छाई-डैम में काम नही करने दिया जायेगा। बैठक में झामुमो युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह विस्थापित योगेंद्र यादव, पंचायत अध्यक्ष सुनील मुंडा, पंचायत सचिव सन्नी मुंडा, कुणाल यादव, सुकेश मुंडा, दीपक मुंडा, रवि महली, सोनू मुंडा, अरविंद यादव, संजय उरांव, अजय मुंडा, कृष्ण मुंडा, अजय कुमार, संदीप उरांव आदि मौजूद थे।

### दिवंगत पत्रकार को दी गयी श्रद्धांजलि



**रामगढ़।** झारखंड सेवा समिति के सौजन्य से वार्ड नंबर 5 टाइगोर पथ बिजुलिया में किराये के मकान में रहने वाले पत्रकार स्वर्गीय केतु सिंह के परिजनों को उनके ब्राह्मण भोज के लिए सहयोग के रूप में खाद्य सामग्री प्रदान की गई । साथ ही 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिंकी देवी संचालन चंपा सिंह ने किया। ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने बताया कि 5 जून को रामगढ़ के पत्रकार केतु सिंह का निधन हो गया था। बताया स्वर्गीय केतू सिंह बहुत ही व्यवहारिक, मेहनती, हंसमुख और सभी के साथ उनका अच्छा संबंध रहा। उनके निधन पर रामगढ़ जिले में शोक की लहर फैल गई ।

## संथाल समाज का होगा गठन : विनोद किस्कू




**कुजू।** संथाल समाज हर समाज से बेहतर समाज है। इस समाज को हम सभी लोग मिलकर भारत के 29 राज्यों में रह रहे हमारे लोगों को एकजुट करने व समाज के धरोहर को बचाना है। उक्त बातें मुरपा स्थित अक्षत बैंक्वेट हॉल में शनिवार को आयोजित संथाल समाज की दो दिवसीय की अध्यक्षता कर रहे संथाल समाज के झारखंड प्रतिनिधि सह झामुमो जिलाध्यक्ष विनोद किस्कु ने कही। उन्होंने कहा कि संथाल समाज का गठन किया जायेगा। 29 राज्यों के प्रतिनिधि का चयन कर लोगों को जगाने का काम करेंगे। सम्मेलन के दूसरे दिन रविवार को अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम केंद्रीय कमिटि का गठन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से केंद्रीय अध्यक्ष (भारत दिशोम मांझी हड़ाम) के रूप में विनोद किस्कु, सचिव मरांग प्रगना दसई किस्कु, केंद्रीय उपाध्यक्ष बिहार के दिनेश मरांडी, कोषाध्यक्ष दीपक टुडू का चयन किया गया। जबकि केंद्रीय सदस्य के रूप में आसाम के उत्पल सोरेन, फिलिप बेसरा, बंगाल के राममोहन मुर्मू शामिल है। इसके अलावे विभिन्न राज्यों के गांव के हड़ाम का स्वागत फूल माला पहना कर किया गया।

### जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष बने नंदकिशोर मेहता

**बड़कागांव।** जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन के प्रदेश पदाधिकारी के के द्वारा जिला अध्यक्षों की घोषणा की गई है। जिसमें बड़कागांव प्रखंड के गंगादोहर निवासी नंदकिशोर मेहता को हजारीबाग जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर नंदकिशोर मेहता ने मुख्य संरक्षक डॉक्टर इंद्रेश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी, राष्ट्रीय संयोजक ममता सहगल, मंत्री कृष्ण मुरारी सह संयोजक कौशल किशोर जी एवं प्रदेश अध्यक्ष सुचित्रा सिंह को आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया है। कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे मैं निष्ठा पूर्वक निर्वहन करुंगा। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य भारत में बढ़ते हुए जनसंख्या को कैसे नियंत्रित किया जाए, इसके लिए जागरुकता फैलाना है। वहीं कई लोगों ने नंदकिशोर मेहता के जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई दिया। जिनमें मुख्य रूप से कृष्ण मुरारी, दीपक मेहता, सुमन सिंह, बीना मिश्रा, मनोज सिंह, रानी ठाकुर, आनंद सिंह, कौशल किशोर, सुरेंद्र सिंह, आचना महतो, पिंकी विश्वकर्मा समेत कई लोग शामिल हैं।

### महायज्ञ के अंतिम दिन भंडारे के साथ भक्ति जागरण आयोजित

**बरही।** रसोइया धमना पंचायत के छोटकी बरही गांव में श्री श्री 1008 श्रीमद् शिव हनुमत लला वार्षिक महोत्सव के अंतिम दिन भंडारे के साथ भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी तापेश्वर साहू ने किया। मौके पर अनुमंडलीय साहू समाज के अध्यक्ष अमित साहू भी मौजूद थे। समिति की और से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को पगड़ी पहनाकर व तलवार भेट कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम श्री महावीर भजन जागरण ग्रुप रसोइया धमना के द्वारा किया गया। जिसके संचालक गायक राजदेव बाबा व बाहर से आए कलाकारों ने रात भर श्रद्धालुओ को भक्ति गानों पर झूमने को मजबूर कर दिए। बीच बीच में शानदार झांकी भी प्रस्तुत की गई। वहीं किसने सजाया तुमको मैया बड़ी प्यारी लगे बड़ा सोना लगे.., मन उदास हो तो एक काम किया करो, बजरंग बली का हर पल नाम लिया करो.....आदि गानों पर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी रामनारायण साहू, बासुदेव साहू, राजदेव गुप्ता, पूजा समिति की अध्यक्ष विकास साहू, रामप्रसाद साहू, भिखारी साहू, अर्जुन साहू, कैलाश साहू, रामावतार साहू, विशेश्वर साहू, बुधन साहू, रामखेलावन साहू, सुखदेव साहू, शिक्षक बीरेंद्र साहू, बिरजू साहू, मिथलेश साहू, बीरबल साहू, इंद्रदेव साहू, श्यामदेव साहू, पुरनदेव साहू, सत्येंद्र कुमार, महेंद्र साहू, सुखदेव साहू, रोहित साहू, डेगलाल साहू, उपेंद्र साहू, चौरंगी कुमार, विजय साहू, सिकंदर कुमार, दीपक कुमार, संतोष कुमार, पवन कुमार समेत समस्त ग्रामीण लगे हुए थे।

## लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने बांटे 35 पौधा

**▸▸ पर्यावरण की सुरक्षा सभी का दायित्व, संरक्षण भी जरूरी**




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पर्यावरण की हरियाली को लेकर रविवार को लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने कोयलांचलवासियों के बीच पौधा का वितरण कर अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम के तहत एयरटेल टॉवर स्थित उत्सव मैरिज हॉल में क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा लगभग 35 फलदार व छायादार पौधा का वितरण किया गया। इस दौरान आम, अमरूद, पपीता, काजू, नींबू, अशोक आदि पौधों का वितरण कर इसके संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। कहा गया कि पर्यावरण की सुरक्षा हमसबों का दायित्व है। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। कहा गया कि एक पेड़ 100 पुत्र के समान होता है, इसलिए सबों को अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। कहा गया कि पौधारोपण ही काफी नहीं, पौधों का संरक्षण भी बेहद जरूरी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी, एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, निर्मल अग्रवाल, विजयंत कुमार, शिवा प्रसाद, प्रमोद शर्मा, विजय वर्णवाल, आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### जीएम ने सुरक्षा अधिकारियों के साथ की बैठक

**चरही।** शुक्रवार को सीसीएल चरही जीएम केके सिन्हा सुरक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। परियोजना क्षेत्र में चोरी और अपराधिक घटनाओं पर ध्यान देने का निर्देश दिए। कोयले की अवैध खनन और चोरी पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि सुरक्षा में किसी तरह की अड़चन आती है तो पुलिस और वन विभाग से सहयोग लेकर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाएं रखें। रेलवे साइडिंग से लेकर विभिन्न परियोजना क्षेत्रों में सुरक्षा विभाग को दुरुस्त बनाए रखने,रात्रि गश्ती बढ़ाने के निर्देश दिए गए ।अवैध उत्खनन की जानकारी मिलते ही तत्काल डोजरिंग करने का निर्देश दिया। मौके पर एरिया सुरक्षा अधिकारी उमेश चंद्रा,वरीय सुरक्षा निरीक्षक डॉ रंजीत कुमार विमल,सुरक्षा निरीक्षक उजय कुमार समेत सभी परियोजना और जीएम यूनिट से जुड़े सुरक्षा कर्मी उपस्थित थे।

### चरही थाना में शांति समिति की बैठक

**चरही।** बकरीद को लेकर शनिवार को चरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई, इसकी अध्यक्षता जिप सदस्य बासुदेव करमाली ने किया। बैठक में पर्व को शांतिपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। सहायक थाना प्रभारी नंदकिशोर दास ने कहा कि आपसी भाईचारा का यह पर्व है। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं फैले जिससे शांति सदभाव बिगड़े। उन्होंने कहा कि शरारती तत्वों और अफवाह फैलाने वालों तथा शोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी नहीं दें। जानकारी मिलने पर सख्त कानून कार्रवाई की जाएगी। मौके पर ,भोला तुरी, बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो, संचालन पूर्व मुखिया दशरथ महतो,बैजनाथ मेहता,जितमोहन महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बालू के बिना कैसे बनेगा अबुवा आवास : मंडल

**विष्णुगढ़।** आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने कहा कि झारखंड सरकार हाथी का दांत साबित हो रहा है जिसके खाने के दांत और होते हैं तथा दिखाने के और। उन्होंने कहा कि एक तरफ अबुवा आवास लाभुकों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया जाता है और दूसरी तरफ बालू उठाव पर रोक लगा दी गई है। लाभुकों को जाति प्रमाण पत्र मांगी गई है बिना जाति प्रमाण पत्र के दूसरी किस्त भेजने पर रोक लगा दी गई है । सरकार चुनावी लाभ लेने के लिए आनन -फानन मे आधी अधूरी कागजात के साथ ही सरकार ने ग्राम सभा को दर किनार कर पंचायत प्रतिनिधियों को अपमान करते हुए अबुवा आवास की स्वीकृति दी और अब लाभुकों को जाति प्रमाण पत्र मांगी जा रही है जो की वर्तमान समय में जाति प्रमाण पत्र बनाना कठिन हो गई है । कई लाभुक ऐसे हैं जो भूमिहीन हैं जिन्हे आवास बनाने के लिए जमीन आवांटन किया गया है, उनका जाति प्रमाण पत्र कैसे बनेगा।

### बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**दारू।** बकरीद को लेकर दारू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई ।इसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी शफीक खान ने किया। थाना प्रभारी ने बैठक में उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि बकरीद का त्योहार सामूहिक भाईचारे और शांति का प्रतीक है। उन्होंने त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए समुदाय के सदस्यों से सहयोग की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी तरह का अफवाह ना फैलाएं और कोई ऐसा कार्य ना करें जिससे दूसरे धर्म के लोगो की धार्मिक अनुष्ठान पर ठेस पहुंचे। मौके पर एस आई मिठू मुर्मू, ए एस आई गणेश हासदा, अशोक प्रसाद, मोहम्मद जैनुल, राजेश प्रसाद, अभिषेक कुमार, संजीत कुमार, खागो महतो, परमेश्वर महतो, अयूब खान इत्यादि लोग मौजूद थे।

### फुसरी में कुआं से समर सेबुल मशीन चोरी

**चरही।** फुसरी गांव निवासी गणेश मांझी के कुआं में लगे समर सेबुल मशीन को अज्ञात चोरों ने शुक्रवार की रात को चोरी कर लिया। मांझी ने बताया कि कुआं चारों ओर से बाउंड्री किया हुआ है।कुआं में चार मशीन लगे हुए थे। जिसमें दो टुलु मशीन और दो समर सेबुल लगी हुई थी। इसमें से सिर्फ समर सेबुल मशीन को चोरों ने निशाना बनाया। बाकी अन्य तीन मशीन सुरक्षित हैं। भुक्तभोगी ने चरही थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध कानूनी कारवाई करने को लेकर आवेदन दिया है।

### टाटीझरिया : शांतिपूर्वक मनायें बकरीद : सीओ

**टाटीझरिया।** बकरीद को लेकर टाटीझरिया थाना परिसर में बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज की अध्यक्षता एवं थाना प्रभारी सुजीत कुमार के संचालन में बैठक की गई ।बैठक में प्रमुख संतोष मंडल उपस्थित थे। बैठक में बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज ने कहा कि पूर्व की तरह शांति पूर्वक से पर्व को मनाएं। संतोष मंडल ने कहा कि अफवाह पर ध्यान नहीं दे। थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने कहा की कुबार्नी को खुले में नही करना है परदा में रहकर कुबार्नी देना है। बैठक में एएसआई रामप्रवेश राय,महेश अग्रवाल,होपन सिंह,योधी यादव,परमेश्वर यादव, नरेश साव ,जैनुल अंसारी सौकत मियां ,कल्लू मियां , मो क्यूं, मो शफीक , मो सरयू उद्दीन ,शफीक आलम ,मो इस्लाम ,रब्बानी अंसारी सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### बरही में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**बरही।** रविवार शाम पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकालकर बकरीद शांति और सौहार्द के साथ मनाने का संदेश दिया। फ्लैग मार्च बरही थाना से निकाल कर शहर के चारों प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया ।जिसका नेतृत्व सीओ रामनारायण खलखो, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार आदि कर रहे थे। सीओ रामनारायण खलखो ने बताया कि शांति और सौहार्द के साथ बकरीद संपन्न करवाने के लिए पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है। धार्मिक या सामाजिक भावनाओं को आहत पहुंचाने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।सामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार ने युवाओं या किसी को भी सोशल मीडिया पर अनर्गल अथवा भड़की बयान पोस्ट नही करने की अपील की। मौके पर एसआई श्रवण कुमार, पंचू किस्कु, सुशील कुमार समेत दर्जनों पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### बुराइयों की दें कुबार्नी : मो कयूम

**बरही।** अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष मो कयूम ने बताया कि कुबार्नी हजरत इब्राहिम के अल्लाह के प्रति अपने बेटे इस्माइल की कुबार्नी की याद में मनाया जाता है। यह इस वाकये को दिखाने का तरीका है कि हजरत इब्राहिम अल्लाह में सबसे ज्यादा विश्वास करते थे। दरअसल अल्लाह पर विश्वास दिखाने के लिए उन्हें अपने बेटे इस्माइल की बलि देनी थी, जैसे ही उन्होंने ऐसा करने के लिए अपनी तलवार उठाई, दैवीय शक्ति से उनके बेटे की बजाए एक दुंबा (भेड़ जैसी ही एक प्रजाति) वहां पर आ गई और उसकी कुबार्नी दी गई। उन्होंने बताया कि सभी भाईयो को खुदा में विश्वास व प्रेम करते हुए बुराइयों को कुर्बान करने की आवश्यकता है।

### कर्णपुरा कॉलेज में सांसद का स्वागत

**बड़कागांव ।** बड़कागांव कर्णपुरा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर कीर्ति नाथ महतो के नेतृत्व में नए सांसद मनीष जायसवाल को बुके देकर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया तथा सांसद बनने पर जीत की बधाई दी। बड़कागांव के तीन बार विधायक रहे पूर्व विधायक लोकनाथ महतो को भी स्वागत किया। मौके पर कर्णपुरा महाविद्यालय सचिव टुकेशवर प्रसाद, पूर्व प्राचार्य ज्योति जलधर, प्रोफेसर शुरेश महतो, सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर पोस्ट न करें : कुजूर

**कटकमसांडी।** बकरीद को लेकर रविवावर को एसआई बिराज कुजुर की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने लोगो से कहा कि बकरीद को अपने धर्म के मुताबिक मनाएं और किसी भी अनहोनी सूचना की जानकारी तत्काल पुलिस प्रशासन को दें। साथ ही कानून को अपने हाथों मे लेने से परहेज करें। उन्होने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसआई संजय जेम्स मिंज,मनोज कुमार, फिलिप बारला, लक्ष्मण सिंह, देवेंद्र सिन्हा, दिलचंद पासवान सहित मुखिया कुमारी श्रीति पांडेय, रविंद्र कुमार, इस्लाम खान, हैदर आजाद, जयप्रकाश केसरी, मो. बदरुद्दीन खान दर्जनों लोग उपस्थित थे

स्पीड न्यूज

## सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने कसी कमर

**चतरा।** टंडवा के लोग पिछले एक दशक से कोयलांचल के प्रदूषण और सड़क दुर्घटनाओं से जूझ रहे हैं। केंद्राधीन कोयला परियोजनाओं ने टेरर फंडिंग, करोड़ों रुपए के कोयले की हेराफेरी और अधिकारियों के भ्रष्टाचार से कुख्याति प्राप्त की है। आम लोगों की मांगों को लगातार अनसुना किया जाता रहा है। हालांकि, अब सिमरिया एसडीओ सनी राज और उपायुक्त रमेश घोलप के प्रयासों से सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए विभागीय कार्रवाई दिखाई दे रही है। उन्होंने कोल प्रबंधन को पत्र भेजकर दर्जनों कोलवाहनों को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए हैं।

## कर्ज न चुकाने पर महिला से दुष्कर्म

**चतरा।** जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड के एक गांव में एक महिला से 25 हजार रुपये का कर्ज न चुका पाने के कारण दुष्कर्म की घटना सामने आई है। आरोप है कि गांव के ही दबंग व्यक्ति बलजीत यादव ने हथियार के बल पर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। घटना 18 मई की शाम की है, जब बलजीत यादव पीड़िता के घर जबरन घुस गया और पैसे की मांग करने लगा। पीड़िता के विरोध करने पर उसने हथियार के बल पर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद से पीड़िता सदमे में है और उसका मेडिकल भी नहीं हो पाया है। पीड़िता ने 22 मई को महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन मामला दर्ज नहीं किया गया। इसके बाद उसने आरक्षी अधीक्षक कार्यालय को एक आवेदन देकर गुहार लगाई है। पुलिस का कहना है कि शिकायत दर्ज कर ली गई है, लेकिन महिला की जांच अबतक नहीं हुई है।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जप्त

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तमोरिया नदी से जगनीडीह समीप रविवार को बिना चालान के अवैध रूप से बालू का परिवहन कर रहे वाहन को पकड़ा गया। वहीं सूचना के अनुसार अंचलाधिकारी ओमप्रकाश बड़ाईक एवं थाना प्रभारी विजय गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाया गया, उक्त स्थल पर पहुंचते ही प्रशासन को देखकर बालू लदा ट्रैक्टर को चालक छोड़कर भाग गया। वहीं अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त कर सतगावां थाना में सुरक्षित लाया गया है।

## अज्ञात ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत, घंटों रहा सड़क जाम

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लखीबागी में ग्रामीणों ने सड़क दुर्घटना में मारे गए युवक के शव के साथ सड़क जाम कर दिया। पटना-रांची रोड को जाम किये जाने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गयी। वहीं यात्रियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा। ज्ञात हो कि शनिवार देर शाम 7 बजे लोचनपुर पुल के समीप ट्रैक्टर की चपेट में आने से घायल बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। वहीं युवक 25 वर्षीय उपेंद्र कुमार रजक पिता राधे रजक लोचनपुर निवासी था। घटना के बाद रविवार को कोडरमा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। इधर परिजनों और ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी और मुआवजा की मांग को लेकर शव के साथ सड़क जाम कर दिया। जाम में सैंकड़ों वाहन कई घण्टे तक फंसे रहे। बाद में एसडीपीओ जीतवाहन उरांव और थाना प्रभारी सुजीत कुमार के समझाने के बाद सड़क जाम हटाया गया।

## गंगा पूजन कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा संचालित गंगा दशहरा के अवसर पर एकल विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा कोडरमा नगर पंचायत स्थित राजा तालाब में गंगा पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बजरंग दल के प्रवीण चंद्रा, सांसद प्रतिनिधि पप्पू पांडेय, भाजपा नेता देवेंद्र कुमार, बालेश्वर यादव, एकल विद्यालय की शिक्षिका कोमल कुमारी, पुष्पा देवी, ललिता देवी आदि मौजूद थे।

### जेल अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

# पैसे के अभाव में कोई भी न्याय से वंचित नहीं रह सकता : सीजेएम

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में रविवार को मंडल कारा कोडरमा में लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य न्यायिक डंडाधिकारी कोडरमा अमित कुमार बैश, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, एसडीजेएम कोडरमा कंचन टोपनो एवं एलएडीसीएस के अधिवक्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर कैदियों को जानकारी देते हुए सीजेएम अमित कुमार वैस ने कहा कि पैसे के अभाव में कोई भी बंदी न्याय से वंचित नहीं रह सकता है। आप सभी अपने आचरण और व्यवहार में सुधार करें। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि गरीबों असहायों की मदद के लिए डालसा हमेशा तत्पर है। यहां से निकलकर समान नागरिक जीवन जीने का प्रयास करें। यहां से निकलने के उपरांत अपनी गलतियों से सबक लेकर आप सभी आगे गलती न करने का प्रण लें। वहीं एलएडीसी ने कहा कि निर्धन एवं असहाय बंदियों की मदद के लिए डीएलएसए के अधिवक्ता एलएडीसीएस पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य कर रहा है। मौके पर बंदियों को बताया गया कि समय सीमा के अंदर यदि चार्जसीट पुलिस के द्वारा दाखिल नहीं किया जाता है तो आपको जमानत प्राप्त करने का अधिकार है। मौके पर वैसे दो बंदियों को चिन्हित भी किया गया और उनको उनके केस से संबंधित जानकारी दी गई। वहीं शिविर में उपस्थित अन्य बंदियों को भी उनके केस से संबंधित जानकारी दी गई। जिस बंदी का केस पैरवी हेतु कोई भी अधिवक्ता नहीं थे, वैसे बंदियों को बंदी आवेदन भेजने को कहा गया। मौके पर यह भी जानकारी प्राप्त की गई कि वैसे कितने बंदी हैं, जिनकी जमानत तो हो गई है लेकिन वह जमानतदार के अभाव में अभी तक बाहर नहीं जा सके हैं। साथ ही वैसे बंदी जिन्हें न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई है और वह अपना अपील उच्च न्यायलय में दाखिल करने में असमर्थ है, या नहीं कर सके है, वैसे बंदियों से संबंधित भी जानकारी ली गई। मौके पर एलएडीसी के अधिवक्ता राजेंद्र मंडल, अरुण कुमार ओझा, जेलर अभिषेक कुमार, ललन चौधरी, रंजीत कुमार सिंह, राजीव रंजन आदि मौजूद थे।

### शालिनी गुप्ता फुलवरिया गांव पहुंचकर ग्रामीणों से मिलकर उनका जाना हालचाल

# आजादी के बाद भी फुलवरिया में बिजली नहीं पहुंचना एक अभिशाप : शालिनी गुप्ता

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** नगर पंचायत स्थित वार्ड नं.एक फुलवरिया गांव में बिजली नहीं पहुंचने से लोगों में काफी नाराजगी देखने को मिल रही है। जहां रविवार को जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता फुलवरिया गांव पहुंचकर ग्रामीणों से मिलकर उनका हालचाल जाना। वहीं उन्होंने कहा कि इस गांव में आजादी के बाद से अभी तक बिजली नहीं रहना इस गांव के लिए अभिशाप है। जहां इस भीषण गर्मी में लोग एसी व कूलर में रह रहे हैं, वहीं फुलवरिया गांव के बच्चे, बूढ़े, महिला, पुरुष बिना बिजली और पानी से झेल रहे हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए उपायुक्त से मिल कर बात की गयी है। इस गांव की सुविधा के लिए अगर आंदोलन भी करना पड़ेगा तो निश्चित आंदोलन करेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि 20 जून को हमलोग बिजली-पानी को लेकर बिजली ऑफिस झुमरीतिलैया में धरना प्रदर्शन करने जा रहे हैं। साथ ही कहा कि इस गांव के लोग कितना आशा और उम्मीद से हमलोगों को देख रहे हैं कि हम लोग उनकी समस्या को दूर करेंगे। लोकतंत्र में जो संवैधानिक पदों पर होते हैं उनकी ये दायित्व होता है की इनकी समस्याओं को सुने और गंभीरता से उनका समाधान करें। यह क्षेत्र रिजर्व फॉरेस्ट होने के बाद एनओसी नहीं मिल पा रहा था। अब एनओसी मिलने के बाद भी कौन सी अड़चन है की अभी तक बिजली नहीं पहुंच पा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि आज रोजगार का आलम यह हो गया है की बेरोजगारी चरम पर हो गया। हमारे लोग यहां से पलायन कर रहे हैं। इसका कारण यह है कि हमारे यहां ढिबरा का जो रोजगार था, उसको बंद करवा दिया गया है। लोग ढीबरा चुनकर अपना जीवन यापन कर रहे थे। हमारे झारखंड बनने का बाद एक बड़ा मामला यह की झारखंड के लिए अलग से कोई मायका पॉलिसी नहीं बना है। प्रयास हो रहा है, लेकिन इस प्रयास को तीव्रता देने की जरूरत है। बाहर से लोग कोडरमा आते हैं तो लिखा रहता है कि अभ्रक नगरी में आपका स्वागत है लेकिन यहां अभ्रक भी है, मालिक भी है, मजदूरी भी है, फैक्ट्री भी है फिर यहां अवैध ठप्पा क्यों है? इसका कारण है कि मायका पॉलिसी नहीं है। कितनी सरकार आई और गई लेकिन यहां क्रिया कम है और प्रतिक्रिया ज्यादा है। तो क्रिया में बढ़ावा देना होगा, तब जाकर इन लोगों का समाधान होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से अगर हम संवैधानिक पद पर पहुंचते हैं तो मेरी प्राथमिकता होगी कि बेरोजगारी दूर हो, पलायन न हो, बिजली पानी की समस्या दूर हो। पानी, सड़क, शिक्षा, बिजली, स्वास्थ्य यह सभी हम सभी का मूलभूत अधिकार है। जिस तरह हम सभी को बोलने का अधिकार है उसी तरह सुविधा पाने का भी अधिकार है। उपायुक्त से मिलकर हमने कहा कि फुलवरिया गांव को नगर में सिर्फ टैक्स लेने के लिए रखा गया है? यहां के लोग टैक्स दे पाएंगे? सुविधा नगण्य, यह सुविधा नहीं दुविधा है। इससे अच्छा इस गांव को ग्रामीण में रखा जाता तो अच्छा रहता। मौके पर साजिद हुसैन लल्लू, सचिन कुमार, मंसूर आलम व सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस में महिला ने दिया बच्चे को जन्म

**कोडरमा।** कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस में रविवार को किलकारी गूंज उठी। दरअसल, उत्तर प्रदेश के पितांबरपुर से कोडरमा तक जनरल कोच में पति और सास के साथ यात्रा कर रही गर्भवती महिला ने बच्चे को जन्म दिया। कोच में मौजूद महिला यात्रियों ने महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। यात्रियों ने रेलवे के हेल्पलाइन नंबर पर इसकी जानकारी दी। रेलवे कंट्रोल ने इसकी सूचना कोडरमा स्टेशन को दी। ट्रेन के सुबह आठ बजे कोडरमा स्टेशन पहुंचने पर रेलवे के डॉक्टर और रेलवे सुरक्षा बल की महिला आरक्षी ने महिला को कोच से सुरक्षित नीचे उतारा गया। इसके बाद रेलवे के चिकित्सक ने जांच के बाद जच्चा-बच्चा की स्थिति सामान्य बताया और उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी यात्री आरिफ खान ने बताया कि पितांबरपुर से कोडरमा तक की यात्रा के लिए वह शनिवार को दिन के करीब 12 बजे जम्मूतवी एक्सप्रेस में सवार हुए थे। कोडरमा स्टेशन पर उतरने के बाद गिरिडीह जिले में स्थित खोरीमहुआ में ससुराल जाना था।

### लोकसभा निर्वाचन में अच्छे कार्य करने वाले

# कर्मियों को उपायुक्त ने किया सम्मानित




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला प्रशासन की ओर से शनिवार की देर शाम बाघीटांड स्थित इंजिनीरिंग कॉलेज के ओडोटोरियम में कार्यक्रम आयोजित कर लोकसभा निर्वाचन में अच्छे कार्य करने वाले कर्मियों को उपायुक्त मेघा भरद्वाज ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि चुनाव के दौरान सभी मास्टर ट्रेनरों ने काफी मेहनत व लगन से प्रशिक्षण देने का कार्य किया था। जिसके कारण त्रुटिरहित चुनाव संपन्न हो पाया। वहीं डीडीसी ऋतुराज ने कहा कि मास्टर ट्रेनरों ने चुनाव में पिलर का कार्य किया है। सभी ने अच्छे से प्रशिक्षण देने का कार्य किया है। वहीं एसडीओ रिया सिंह ने कहा कि सभी ट्रेनरों द्वारा सामग्री जमा करने के समय काउंटर पर काफी सजग होकर सामग्री जमा करवाने में मदद किया, जिसके कारण त्रुटि रहित सभी प्रपत्र एवं सामग्री समय से जमा हो पाया। वहीं सम्मान प्राप्त करने वाले मास्टर ट्रेनरों एवं प्रशिक्षण कोषांग के कर्मियों ने उपायुक्त, डीडीसी, एसडीओ को धन्यवाद दिया।

**सम्मान प्राप्त करने वालों में :** ट्रेनर सुदीप सहाय, अस्विनि तिवारी, मनोज चौरसिया, उमेश सिन्हा, रवि कांत रवि, दिलीप बर्णवाल, रामचंद्र ठाकुर, राजेश्वर पांडे, सत्यजीत हिमावन, संजय सुमन, प्रशिक्षण कोषांग के सन्नी दयाल, प्रेम कुमार, युगल कुमार, शाहनवाज आलम, महफूज आलम के नाम शामिल हैं।

# बकरीद के लिए बकरों से सजा बाजार

### इस बार 25 से 30 प्रतिशत तक दाम में इजाफा



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** बकरीद को लेकर बकरों का बाजार सज गया है। बकरीद का आखरी बाजार कोडरमा प्रखंड परिसर में अवैध तरीके से लगाए जा रहे बकरों का बाजार में खरीदार भी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। बकरीद में अब बिलकुल समय ना होने के चलते बकरों की खरीदारी में भी तेजी आ गई है। पिछले साल के मुकाबले इस बार बकरों की कीमतों में तकरीबन 25 से 30 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है। यहां शेरा सवा लाख तक का तो सुल्ताना 90 हजार का है। बकरीद को लेकर मुस्लिम धर्मावलंबियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बकरा मंडी में अलबरी, तोतापरी, बरबरी नस्ल समेत देसी बकरा बेचे जा रहे हैं। लोग रोजाना बकरे खरीदने पहुंच रहे हैं और अपने हैसियत के मुताबिक छोटे बड़े हर साइज के बकरा खरीद रहे हैं। इस हाट में डोमचाच, मरकच्चो, बिरनी, झुमरा, नवादा के व्यापारी बकरों को बेचने आते हैं। पिछले साल के मुकाबले इस बार बकरों की कीमत बढ़ गई है। जो बकरा पहले 15 से 20 हजार में मिलता था, उसकी कीमत बढ़कर अब 25 से 30 हजार हो गई है। झुमरीतिलैया में मुख्य रूप से मुहम्मद अल्लाउद्दीन उर्फ आलो ब्लॉक रोड में एवं शाहबाज कुरैसी भादोडीह ये दोनों व्यापारी अपने दुकान से ही बकरों का बिक्री करते है। वहीं शाहबाज कुरैसी की माने तो इन्होने इस बार तोतपारी नस्ल के 90 हजार से 80 हजार और 60 हजार रूपये के बकरे भी बेचे हैं। इस शहर में पहली बार इतना ऊंचा दाम का बकरा का खरीदारी हुआ है। इधर पुरे जिले में ईद उल अदह की नमाज को लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं, तमाम मस्जिद और ईद्गाह सजकर तैयार हैं। नमाज सुबह 6:00 बजे से 7:30 बजे तक लगभग सभी जगहों पर अदा कर ली जाएगी, जलवाबाद, दर्जीचक, छतरबर, बाराटोला, असनाबाद, झोलपो, भादोडीह, सुभाष चौक, माइका नेट एवं गुमो शामिल हैं।

## ईद उल अजहा इस्लाम धर्म का दूसरा सबसे बड़ा त्योहार : मुफ्ती नसीम

**कोडरमा।** काजी-ए-शहर कोडरमा मुफ्ती नसीम कासमी ने ईद-उल-अजहा के मौके पर एक प्रेस व्यान जारी कर मुसलामनों को संदेश देते हुए कहा कि ईद-उल-अजहा आपसी भाईचारगी और सौहार्द का त्योहार है, इसे इस्लामी रीति रिवाजों के अनुसार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाए। उन्होंने मुसलामनों से अपील किया कि इसका भरपूर ख्याल रखें कि आपके किसी भी काम से किसी भी समुदाय की भावनाएं आहत न हों। कुर्बानी के सिलसिले में हुकूमत की जो हिदायात है, उसका पालन करना अनिवार्य है।

# चतरा में हेरू बांध के बाद लक्ष्मणपुर बांध भी सूख गया, शहर में पेयजल संकट गहराया

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** शहर में पेयजल संकट गहरा गया है। शहर की लाइफ लाइन कहे जाने वाले हेरू बांध के बाद अब भेड़ीफॉर्म स्थित लक्ष्मणपुर बांध भी सूख गया है। दोनों बांध सूखने से शहर में पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। कई मुहल्लों में 10 दिन से पेयजलापूर्ति ठप है. अब फिलहाल कुछ महीनों तक शहर में पेयजलापूर्ति नहीं होने की उम्मीद है। भीषण गर्मी में लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। साइकिल, टेंपो, ठेला, बाइक से पानी लाकर प्यास बुझा रहे हैं। लोगों को प्यास बुझाने के साथ-साथ रोजमर्रा की जरूरतों के लिए पानी का जुगाड़ करना पड़ रहा है। जिसके कारण लोगों का दिनचर्या भी खराब हो रहा है। नगर परिषद द्वारा कुछ मुहल्लों में टैंकर के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है, जो पर्याप्त नहीं है।

**हेरू डैम का गहरीकरण व जीर्णोद्धार के नाम पर हुई खानापूर्ति :** हेरू डैम के गहरीकरण और जीर्णोद्धार के नाम पर सिर्फ. खानापूर्ति की गई। एक साल पहले पौने तीन करोड़ की लागत से डैम का गहरीकरण कराया गया था, लेकिन काम ठीक से नहीं हुआ। डैम का गहरीकरण होने से अत्यधिक पानी का जमाव होने और शहर वासियों को पेयजल संकट से निजात मिलने की उम्मीद थी, लेकिन गहराई सही से नहीं होने के कारण कोई लाभ नहीं मिला। प्राक्कलन के अनुसार काम नहीं किया गया। हेरू डैम का निर्माण 1974 में किया गया था और यह पहली बार था जब इसका गहरीकरण कराया गया था।

### एक नजर में

## बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी थाना परिसर में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह की अध्यक्षता में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में इटखोरी थाना क्षेत्र के सभी समुदायों के लोग उपस्थित थे। थाना प्रभारी ने कहा कि सभी को बकरीद पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाना है। बैठक में उपस्थित हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक होकर शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद पर्व मनाने का निर्णय लिया। बैठक में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, एसआई विजय कुमार सिंह, एसआई मण्डल प्रसाद, एसआई चुनचुन कुमार, मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार रजक, मुखिया प्रतिनिधि संतोष राम, पूर्व मुखिया श्याम सिंह, कोनी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य उर्मिला देवी, सीताराम दांगी, मकसूद आलम, उप्रमुख मोहम्मद सतार, संतोष दांगी, गुलाम रसूल, फयाज खान, लोकेश दांगी उपस्थित थे।

## भद्रकाली मंदिर में महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों ने की पूजा-अर्चना



खबर मन्त्र संवादाता

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी स्थित ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर में महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. मनीष कुमार, डॉ. हरीश सांकृत्यायन, रेखा शर्मा और अन्य गणमान्य लोगों ने शनिवार को पूजा-अर्चना की।इसके बाद उन्होंने बौद्ध स्तूप कोटेश्वर नाथ और म्यूजियम का दौरा किया और वहां रखे अवशेषों का अवलोकन किया। डॉ. हरीश सांकृत्यायन ने कहा कि इटखोरी बुद्ध के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है, लेकिन धार्मिक लोगों के आने-जाने से उन्होंने इस जगह को त्याग दिया और बोधगया चले गए। वहीं, रेखा शर्मा ने कहा कि झारखंड की धरती पर स्थित यह धरोहर बुद्धिस्टों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और भगवान बुद्ध ने यहां तपस्या की थी। उन्होंने इस जगह के प्रचार-प्रसार और विकास की मांग की। डॉ. मनीष कुमार ने लोगों से अपील की कि वे इस जगह पर अधिक से अधिक संख्या में आएं ताकि इसका प्रचार-प्रसार हो और विस्तार हो। इसके लिए राज्य और केंद्र सरकार से बातचीत की जाएगी।

## एनटीपीसी से बिजली की मांग को लेकर आर पार की होगी लड़ाई: सुभाष



खबर मन्त्र संवादाता

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा के छह विस्थापित गांवों के निवासियों को बिजली और पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर टंडवा पंचायत मुखिया सह समाजसेवी सुभाष दास के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी विस्थापित पंचायत प्रतिनिधियों और वीडीसी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में वक्ताओं ने बिजली और पानी की समस्या पर चर्चा की और एनटीपीसी से बिजली नहीं मिलने पर विरोध आंदोलन करने की चेतावनी दी।

अगली बैठक 25 जून को होगी, जिसमें कमेटी का विस्तार कर एनटीपीसी के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा और बिजली की मांग की जाएगी। बैठक में टंडवा मुखिया सुनीता देवी, गाड़ीलौंग शबिदा खातून, रहम मुखिया, विश्वजीत उरांव, सुभान अंसारी, मोइन अंसारी, मनीर आलम, कृष्णा साहू, मिथिलेश कुमार, अजय पासवान, विपिन यादव, मंजूर आलम, धीरेंद्र भगत सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सड़क पर लगने वाले हाट बाजार के कारण जाम की समस्या



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय में लगने वाले रविवार के साप्ताहिक हाट के कारण अक्सर सड़कों पर जाम की समस्या होती है। इस समस्या के समाधान के लिए सड़कों पर लगने वाले साप्ताहिक हाट को पूर्ण रूप से बंद करते हुए खुले स्थान पर लगाने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। ऐसा करने से दुकानदारों, ग्राहकों और रास्ते से गुजरने वाली आवश्यक सेवाओं की गाड़ियों को भी सुविधा होगी। कुछ स्थानों पर पूरा मैदान खाली होने के बावजूद लोग सड़क पर ही दुकानें लगाते हैं, जिससे जाम की समस्या और बढ़ जाती है। यदि सड़क पर लगने वाली दुकानदारी को बंद किया जाता है और खुले में लगाया जाता है, तो इससे दुकानदारों, ग्राहकों और आवश्यक सेवाओं की गाड़ियों को भी सुविधा होगी।

स्पीड न्यूज

## गम्हरिया के तांत्रिक का लू लगने से निधन



गम्हरिया। क्षेत्र के जाने-माने तांत्रिक बड़ा गम्हरिया के बगानपाड़ा निवासी निखिल साधु (72) का टीएमएच में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र के लोगों में शोक व्याप्त है। बताया गया है कि लू लगने से वे गंभीर रूप से बीमार पड़ गए थे। इलाज के लिए उन्हें टीएमएच में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान ही उनका निधन हो गया। वे मां काली के साधक थे और तांत्रिक विद्या से लोगों का उपचार करते थे। रविवार को ही पार्वती घाट में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## मायुमं चांडिल नगर शाखा ने बांटे शर्बत आइसक्रीम



चांडिल। चिलचिलाती धूप और उमस भरी भीषण गर्मी को देखते हुए श्री श्याम कला भवन चांडिल के द्वारा आम नागरिकों एवं राहगीरों के लिए ठंडा शर्बत और आईसक्रीम का वितरण किया गया। कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा की भीषण गर्मी में आइसक्रीम का भण्डारा अपने आप मे एक अनूठी एवं ऐतिहासिक पहल है आम नागरिकों, राहगीरों, एवं गाड़ियों मे सफर कर रहे यात्रियों को रास्ते में आइसक्रीम दिया गया। मौके पर दुर्गा चौधरी अश्विनी शर्मा, बिकास रूंगटा, रोहित चौधरी, आयुष, गौरव, चंदन, हरीश भी शामिल थे।

## माहवारी जागरुकता कार्यक्रम संपन्न

जमशेदपुर। विश्व जन सेवा ट्रस्ट की ओर से डॉ मनीष कुमार झा के द्वारा आज तुपुडांग के ग्रामीण क्षेत्रों में माहवारी जागरूकता कार्यक्रम महिलाओं एवं किशोरियों के बीच किया गया . मासिक चक्र संबंधित कुरीतियां जो समाज में फैली है, उसे दूर करने के लिए प्रोजेक्ट बाला एवं विश्व जन सेवा ट्रस्ट की ओर से लगातार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आज माहवारी सुरक्षा के साथ-साथ प्रोजेक्ट बाला सेनेटरी नैपकिन जो एक उच्च गुणवत्ता वाली सेनेटरी नैपकिन है जो बार-बार उपयोग में लाया जा सकता है। उसे महिलाओं और किशोरियों के बीच वितरण किया गया ।

## रॉकी और उसके मासूम बच्चे पर फायरिंग मामले में प्राथमिकी

गम्हरिया। आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के शांतिनगर में बीते शुक्रवार को जमीन कारोबारी रॉकी कालिंदी और उसके तीन वर्षीय बेटे समर कालिंदी पर हुए फायरिंग मामले में रॉकी की पत्नी दशमती कालिंदी के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया है। प्राथमिकी में रॉकी की पत्नी ने झामुमो नेता राजेश गोप, अजय टुडू, रवि और अन्य पर गोली चलाने का आरोप लगाया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी कर रही है।

# निजी कंपनियों में 75% स्थानीय की बहाली के लिए चलायेंगे अभियान : सीएम

- मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की बड़ी घोषणा - 25 वर्ष से ज्यादा और 50 वर्ष से कम आयु की सभी बहनों और माताओं को आर्थिक सहयोग करेगी सरकार
- मुख्यमंत्री ने जमशेदपुर में 152 करोड़ 76 लाख 71 हजार रुपये की लागत वाली 182 योजनाओं का किया उद्घाटन शिलान्यास, 3 लाख 41 हजार 759 लाभुकों के बीव बांटी 68 करोड 96 लाख 67 हजार रुपए की परिसंपत्ति







1. गोपाल मैदान के कार्यक्रम में आने पर यूं हुआ सीएम का स्वागत। 2. एक लाभुक को चेक प्रदान करते सीएम चंपई सोरेन। साथ में मंत्री बन्ना गुप्ता व अन्य। 3. बन्ना गुप्ता से मंत्रणा के दौरान आवश्यक निर्देश देते मुख्यमंत्री चंपई सोरेन।

विशेष संवाददाता

जमशेदपुर। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य के अंदर स्थित प्रतिष्ठानों और फैक्ट्री में 75% नौकरी स्थानीय को देने का कानून बनाया है । इस कानून का अनिवार्य रूप से पालन होगा। इसके लिए निजी कंपनियों में स्थानीय को नौकरी दिलाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। वहीं, 25 वर्ष से ज्यादा और 50 वर्ष से कम आयु की सभी बहनों और माताओं को सरकार आर्थिक सहयोग करेगी। इसके साथ किसानों के दो लाख रुपए तक का लोन माफ होगा।

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने जमशेदपुर के मानगो स्थित गांधी मैदान में योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह में इसकी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा तीन महीने के अंदर लगभग 40 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इस बाबत नियुक्ति प्रक्रियाओं को तेज गति के साथ पूरा करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दे दिया गया है ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद एक बार फिर विकास को गति देने का अभियान शुरू हो चुका है। राज्यवासियों को कई नई योजनाओं की सौगात मिलने जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के साढ़े चार वर्ष हो चुके हैं ।इसमें दो वर्ष कोरोना से निपटने में लग गए। लेकिन, इस दौरान श्री हेमन्त सोरेन जी के नेतृत्व में सरकार ने विकास का जो नया आयाम लिखा, वह इस राज्य के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। हमारी सरकार उसी राह पर चलकर राज्य को संवार रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी, दलित, किसान, मजदूर, अल्पसंख्यक, पिछड़े, दिव्यांग महिला और युवा समेत हर वर्ग और तबके के उत्थान, विकास और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

**शिक्षा का ऐसा दीया जलाना है जो कभी बूझे नहीं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। हर व्यक्ति को शिक्षित करने की सोच के साथ हमारी सरकार काम कर रही है उन्होंने कहा कि हम शिक्षा का ऐसा दीया जलाएंगे, जो कभी बूझेगा नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा और विद्यार्थियों की बेहतरी के लिए सरकार की कई योजनाएं हैं। आज निजी विद्यालयों की तर्ज पर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस तथा मॉडल स्कूल खोले गए हैं। छात्रवृत्ति की राशि में तीन गुना इजाफा किया गया है। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को 15 लाख रुपए तक का शिक्षा लोन मिल रहा है। विदेशों में पढ़ाई के लिए भी सरकार पूरा खर्च वहन कर रही है। इसके अलावे भी कोई ऐसी योजनाएं हैं, जो बच्चों के भविष्य को नई उड़ान दे रही है।

### स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने विकास कार्यों की समीक्षा की, दिये कई निर्देश, कहा

# सभी बड़े नालों की सफाई और नियमित फॉगिंग करे कंपनी

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। रविवार को जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सह राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता ने अपने आवासीय कार्यालय में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के उप नगर आयुक्त श्री कृष्ण कुमार,वरीय महाप्रबंधक जुस्को श्री आर के सिंह एवं अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारियों को क्षेत्र के त्वरित विकास हेतु आवश्यक निर्देश दिये। इस बावत सभी बस्तियों में पेयजल एवं नियमित विद्धुत आपूर्ति कराये जाने,क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई एवं घरों से कचरा उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने, बरसात से पूर्व सभी बड़े नाला की सफाई किये जाने,क्षेत्र में नियमित फॉगिंग किये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने,सरकार के जनहित के योजनाओं को एवं विकास कार्यों के योजनाओं को धरातल पर लाने,कदमा-सोनारी के मुख्य मार्गों में पार्किंग व्यवस्था को सुगम करने हेतु व्यवस्था सुनिश्चित करने जैसे अहम विषयों पर माननीय मंत्री बन्ना गुप्ता ने निर्देश दिये है। समीक्षा बैठक के दौरान श्री बन्ना गुप्ता जी ने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर नागरिक सुविधा उपलब्ध कराने की दायित्व मेरी है और जनहित के मुद्दों पर मैं कोई समझौता नहीं करूंगा जनता के प्रति मेरी जिम्मेदारी है। अतः सभी अधिकारीगण संवेदनशील होकर जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने हेतु तत्परता से और जवाबदेही के साथ काम करें अन्यथा जनविरोधी कार्य करनेवाले अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे इस बात को अधिकारी अपने जेहन में रखें।



अपने कार्यालय में जुस्को के जीएम आरके सिंह और जेएनएसी के उप-नगर आयुक्त कृष्ण कुमार के साथ बैठक करते मंत्री बन्ना गुप्ता।

## राजनगर में कभी सुखाड़ की स्थिति नहीं होगी, 12 महीने हर खेत में होगा पानी

- घर-घर पहुंच रही सरकार की योजनाएं, 24 घंटे हर पंचायत में मुहैया होंगी दवाइयां

खबर मन्त्र टीम



राजनगर। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन आज सरायकेला-खरसावां जिला के राजनगर प्रखंड स्थित मतकमबेड़ा ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद ग्राम मतकमबेड़ा गांव को आदर्श गांव बनाएंगे। हमारे युवा वर्ग घर, समाज और राज्य के विकास में महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आज मैं यहां के युवा वर्ग से अपील करता हूं कि वे नशा पान से दूर रहें। नशा मुक्त समाज का निर्माण हम सभी की नैतिक जिम्मेवारी है। नशा नाश का कारण बनता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आपकी आशा, आकांक्षा और विश्वास पर खरा उतारने का हरसंभव प्रयास कर रही है। जनहित से जुड़े कार्य निरंतर किए जा रहे हैं।

## संविधान और संस्कृति की रक्षा के लिए संसद में बनूंगी दीवार : जोबा

- सांसद जोबा माझी का मझगांव विधानसभा क्षेत्र में आभार यात्रा में उमड़ी भीड़
- विधायक निरल पुरती के नेतृत्व में हुआ जोरदार स्वागत, स्वागत से हुईं अभिभूत



आभार यात्रा में पदयात्रा करती सांसद जोबा माझी।

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

चाईबासा। सिंहभूम की नव निर्वाचित सांसद जोबा माझी के लिए मझगांव के विधायक निरल पुरती ने रविवार को आभार यात्रा आयोजित की। आभार यात्रा मझगांव विधानसभा क्षेत्र के तांतनगर, मंझारी, कुमारडूंगी, मझगांव प्रखंड के विभिन्न गांवों से गुजरी। इस दौरान ग्रामीण और झामुमो कार्यकताओं ने सांसद जोबा माझी और विधायक निरल पुरती का गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। मौके पर समर्थकों ने खूब आतिशबाजी भी की। विभिन्न गांवों में स्वागत के क्रम में सांसद जोबा माझी ने कहा सिंहभूम से ऐतिहासिक जीत में मझगांव विधानसभा क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि हर एक वोट की ऋणी रहूंगी। कहा कि जिस भरोसे के साथ जनता ने दिल्ली भेजने का काम किया है उस भरोसे को कायम रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगी।

## गलवान के वीर शहीद गणेश हांसदा की स्मृति में 30 यूनिट रक्त संग्रह

- ट्राईबल ब्लड मैन राजेश मार्डी ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया



रक्तदाताओं को सम्मानित करते आयोजक।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सामाजिक संस्था नई जिंदगी परिवार और गलवान शहीद गणेश हांसदा स्मारक सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 30 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी में भी गांव के युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। ऐसा मौका शहीद गणेश हांसदा की चौथी शहादत दिवस पर देखा गया। बांसदा प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में सुबह 9 बजे से 4 बजे तक शिविर आयोजित किया गया । रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को शहीद की माता कापरा हांसदा एवं पिता सुगदा हांसदा ने अंग वस्त्र, एक पेड़ एवं एक पेड देकर सम्मानित किया गया। वहीं 74वीं बार रक्तदान कर चुके जमशेदपुर निवासी राजेश मार्डी ने सभी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया।

## सूर्य मंदिर परिसर में बने बास्केट बॉल कोर्ट का उद्घाटन 23 को

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय के विधायक निधि से बने बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन ओलंपिक दिवस (23 जून) की पूर्व संध्या पर आगामी 22 जून, 2024 को होगा। सुप्रसिद्ध बास्केटबॉल के ओलंपिक खिलाड़ी श्री हर भजन सिंह बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन करेंगे। विधायक श्री सरयू राय उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर अंतराष्ट्रीय (ओलंपिक) स्तर के बास्केटबॉल कोच श्री जे पी सिंह भी समारोह में आमंत्रित किए गए हैं।

उक्त जानकारी जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय ने एक प्रेस विज्ञप्ति के जरिए दी है। इस अवसर पर बास्केटबॉल का दो दिवसीय दोस्ताना मैच होगा जिसमें विभिन्न विद्यालय के बास्केटबॉल टीमें भाग लेंगी।

## संगठनात्मक बैठक से विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा

- विभिन्न मंडलों में बैठकों का दौर हुआ शुरू
- महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। जमशेदपुर लोकसभा सीट पर बिद्युत बरण महतो के ऐतिहासिक तीन बार जीत दर्ज करने के बाद जमशेदपुर महानगर अंतर्गत विभिन्न मंडलों में भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक बैठक के जरिये कार्यकताओं को एकजुट करने एवं संगठन मजबूती पर चर्चा कर रही है। इसी कड़ी, में जमशेदपुर महानगर के विभिन्न मंडलों में मैराथन बैठक का दौर लगातार जारी है। जिसके तहत बोड़ाम, कमलपुर, गोविंदपुर, बमामाईंस एवं पटमदा मंडल की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई। भाजपा मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा मुख्यरूप से शामिल हुए। बैठक में लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने लोकसभा चुनाव में अथक परिश्रम और कर्तव्य निष्ठा से जीत दिलाने वाले सभी कार्यकताओं का आभार जताते हुए अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत सुनिश्चित करने के लिए अभी से जिम्मेदारी पूर्वक कार्य का निर्वहन करने का आह्वान किया। सुधांशु ओझा ने कहा कि आगामी दिनों में संगठन का विस्तार होना है, जिससे संगठन की शक्ति में विस्तार होगा। इस दौरान मंडल अध्यक्षों ने जमशेदपुर लोकसभा चुनाव में भाजपा एवं बिद्युत महतो की विजयी हैट्रिक पर जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा का अभिनंदन किया।

इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष रामबाबू तिवारी, प्रदीप महतो, पप्पू सिंह, प्रदीप बेसरा, बोड़ाम मंडल अध्यक्ष शांतनु मुखर्जी, कमलपुर मंडल अध्यक्ष प्रधान चंद्र महतो, गोविंदपुर मंडल अध्यक्ष पवन सिंह, बमामाईंस मंडल अध्यक्ष दीपक झा, पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्ता, कमलेश सिंह, जुगुन वर्मा, राजेश सिंह पप्पू, विपिन सिंह, गुरु गोबिंद सिंह आजाद समेत कई उपस्थित थे।



बैठक में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा का स्वागत करते एक मंडल पदाधिकारी।

एक नजर में

## सामर्थ्य ने आदित्यपुर में चलाया नशा मुक्ति अभियान



फोटो सामर्थ्य

जमशेदपुर। सामर्थ्य वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से आदित्यपुर स्थित आशियाना मोड़ के पास नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। वालंटियर मनीष तमसोय, तृषा विश्वास, प्रणव आनंद ने चौक चौराहा पर लोगों से नशा मुक्ति एवं नशे में गाड़ी नहीं चलाने का शपथ लेते हुए सिग्नेचर करने का आग्रह किया तथा लत छोड़ने के लिए टॉल फ्री नंबर भी शेयर किया। अध्यक्ष पल्लवी दीप ने नशा से होने वाले दुष्परिणामों को बताते हुए कहा कि नशे से शरीर, घर – परिवार, समाज सभी बर्बाद हो जाते हैं साथ ही साथ सोचने समझने की शक्ति भी खत्म हो जाती है। महिलाएं और बच्चे भी इससे अछूते नहीं है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष पल्लवी दीप, पीट्ठअनीता, कमलेश सिंह, धनसिह तमसोय, निरंजन विश्वास, मनीषा तमसोय, तृषा विश्वास, प्रणव आनंद इत्यादि की भूमिका सराहनीय रही।

## बीएनएच ने महाराष्ट्र हितकारी में लगाया मेडिकल कैंप



जमशेदपुर। महाराष्ट्र हितकारी मंडल, बिस्टुपुर एवं ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल द्वारा एक मेगा निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ अजय अग्रवाल, जनरल फिजिशियन डॉ शुभाशीष डे, महाराष्ट्र हितकारी मंडल के ट्रस्टी डॉ उन्मेष लुकतुके, प्रेसिडेंट रोहिणी साठे, सेक्रेटरी शिल्पा शाने , ट्रस्टी रवि साठे , ट्रस्टी उल्लास साने, ट्रस्टी वसंत खले ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कैंप में करीब 100 से ज्यादा लोगों की निशुल्क ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन,बीएमआई एवं ईसीजी जांच की गई। डॉ अजय अग्रवाल ने लोगों से अपील किया कि वे अपने व्यस्त जीवन में से एक घंटा अपने स्वास्थ्य के लिए जरूर निकालें और स्वस्थ जीवन शैली जीने के लिए प्रतिदिन 45 मिनट तेज गति से पैदल चलें,संतुलित आहार लें, उचित मात्रा में नींद ले एवं ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर को नियमित रखें।

## गीता थिएटर की टीम बरेली के नाट्य समारोह में भाग लेने के लिए हुई रवाना




जमशेदपुर। रविवार को जमशेदपुर लौहनगरी के युवा रंगकर्मियों द्वारा संगठित गीता थिएटर के कलाकार थिएटर अड्डा में रंगालय एकेडमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर सोसायटी बरेली में आयोजित 15 दिवसीय नाट्य समारोह में सम्मिलित होने को टाटानगर रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। यह 15 दिवसीय नाट्य समारोह 16 जून से 30 जून 2024 तट लोक खुशहाली चेरिटेबल ट्रस्ट सभागार में आयोजित होना है जिसके 3वें दिन जमशेदपुर की दल गीता थिएटर का कसक नामक नाटक का मंचन होना है। कसक नामक नाटक की कहानी मजबूरीयो एवं गरीबी के भव-सागर मे फंसी अति-निम्न मध्यमवर्गीय परिवार में रहनेवाले कर्ज.मे डुबे बुधवा, सुगनी (पत्नी) एवं उसके दो बच्चों (फुलवा एवं सोहन) की व्यथा-कथा है। नाटक में दिखाया गया है कि परिवार की खुशी के लिए बुधवा द्वारा लिया कर्ज, कर्ज.ना चुकाने से लोगों द्वारा उनकी मानहानि एवं कर्ज.चुकाने के लिए सुगनी का अपनी ईज्जत का सौदा करना तथा अंत मे आत्महत्या पर केन्द्रीत है। समाज मे आए इस नई प्रथा को रोकने एवं ऐसे परिवारो को संदेश देने हेतु आत्ममंथन के शब्दों से रची है ।

## केंद्रीय राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ ने ईचागढ़ में निकाली आभार यात्रा



चांडिल। केंद्रीय राज्य मंत्री सह रांची के स्थानीय सांसद संजय सेठ ने ईचागढ़ विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में आभार यात्रा निकाला। भारत सरकार में रक्षा राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ पहली बार ईंचागढ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे है। इस दौरान जगह-जगह पर भाजपा कार्यकताओं ने गर्मजोशी से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा जनता का कर्ज हम विकास से चुकाएंगे। जिस तरह ईंचागढ की जनता मुझ पर भरोसा जताया है उस पर हम खरा उतरेंगे। इस दौरान सांसद ने बोट के रूप में आशिर्वाद देने के लिए लोगों का आभार व्यक्त किया। आभार यात्रा के दौरान चांडिल पहुंचने पर संजय सेठ ने साधु बांध मठीया में माथा टेका एवं महंत विद्यानंद सरस्वती तथा इंद्रानंद सरस्वती से आशीर्वाद लिया। मौके पर आजसू नेता हरेलाल महतो, विशाल चौधरी, दिवाकर सिंह, सारथी महतो, आकाश महतो, पियुष दत्त सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आठ पंचायत के ग्रामीणों को मंगल ने दी अत्याधुनिक एंबुलेंस की सौगात




जमशेदपुर। रविवार को जमशेदपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत देवघर पंचायत के सिमूलडांगा चौक में जुगसलाई विधानसभा के विधायक मंगल कालिंदी ने टाटा ब्लू स्कोप कंपनी के सौजन्य से प्राप्त मेडिकल सुविधाओं से संपन्न एक एम्बुलेंस वाहन 8 पंचायत के लोगों को समर्पित किया और हरी झंडी दिखा कर उसे रवाना किया। मौके पर जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि हाइवे बनने के बाद डिमना से लेकर पिपला तक एक्सीडेंट का दर काफी बढ़ गया है। पेशंट को हॉस्पिटल तक ले जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस लिए ग्रामीणों के मांग को देखते हुए मेडिकल उपकरण से लिप्त एक एम्बुलेंस वाहन आज 8 पंचायत के लोगों को समर्पित किया जिससे इस क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# सार्वजनिक स्थानों पर ना हो कुर्बानी : गिरिराज

एजेंसी



**भागलपुर।** सोमवार को ईद-उल-अजहा अर्थात बकरीद का पर्व मनाया जा रहा है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के फायरब्रांड हिंदूवादी नेता गिरिराज सिंह का बड़ा बयान आया है। उन्होंने कहा है कि बकरीद के मौके पर सार्वजनिक स्थानों और चौक चौराहों पर जानवर की कुबार्नी नहीं दी जाए। बकरीद को लेकर उन्होंने प्रशासन को सलाह दिया है कि विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दे ताकि सामाजिक सौहाद्र बना रहे। गिरिराज सिंह ने प्रशासन को पूर्ण रूप से एक्टिव रहने की सलाह भी दी। नरेंद्र मोदी की सरकार में केंद्रीय कपड़ा मंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद गिरिराज सिंह शनिवार को बिहार पहुंचे। वे पटना से मुजफ्फरपुर आए जहां टेक्सटाइल्स पार्क का निरीक्षण किया। रविवार को वे अपने संसदीय क्षेत्र बेगूसराय पहुंचे जहां अपने समर्थकों और बीजेपी के कार्यकताओं के साथ मुलाकात की। बेगूसराय में केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए बड़ा बयान दिया। रविवार को उन्होंने कहा कि कल यानि सोमवार को बकरीद का पर्व है। मैं बेगुसराय सहित देश के तमाम एडमिनिस्ट्रेशन से, जिलों के एसपी-डीएम से आग्रह करूंगा कि सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए काम करें। सार्वजनिक जगह पर बकरे का कटाई न हो। जिससे आपसी द्वेष फैले। ये काम प्रशासन को करना है। क्योंकि सामाजिक सौहार्द ही सबसे बड़ी चीज है। प्रशासन इसे बनाए रखने के लिए अपनी पूरी शक्ति लगा दे। गिरिराज सिंह ने कहा है कि प्रशासन ऐसी व्यवस्था करे कि सार्वजनिक जगहों पर बकरे की कटाई पर पूरी तरीके से रोक लगे ताकि किसी को कोई आपत्ति हो और आपसी द्वेष नहीं फैले और लोगों के बीच आपस में प्रेम भाव का संबंध बना रहे। यह काम प्रशासन का है जिसे हर हाल में पूरा करना है। गिरिराज सिंह ने नीट परीक्षा में पेपर लीक के आरोप रिजल्ट के बाद उत्पन्न स्थिति को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस मामले को गंभीरता से देख रहे हैं। उन्होंने छात्रों और अभिभावकों के प्रतिनिधियों से बात की है। ग्रेस का लाभ मिलने वाले 1500 से ज्यादा छात्रों की फिर से परीक्षा का निर्णय उन्होंने लिया है। शिक्षा मंत्री खुद सक्षम हैं। वह इस मामले में छात्रों के हितों को देखते हुए बेहतर निर्णय लेंगे।

## स्पीड न्यूज

### पटना और आरा में गंगा में डूबने से आठ लोगों की मौत की आशंका



**पटना।** जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को गंगा नदी में नौका के पलट जाने से चार लोगों के डूबकर मरने की आशंका है। वहीं दूसरी ओर भोजपुर जिले के बहोरनपुर पुलिस आउट पोस्ट क्षेत्र में रविवार को गंगा नदी में चार बच्चों के डूबकर मरने की आशंका है। पुलिस सूत्रों ने पटना में बताया कि गंगा दशहरा के अवसर पर कुछ लोग नौका पर सवार होकर स्नान करने के नदी के उसपार जा रहे थे। अचानक उमा घाट के समीप नौका पलट गयी। कुछ लोग तैरकर बाहर आ गये, जबकि चार लोगों के डूबकर मरने की आशंका है। सूत्रों ने बताया कि घटनास्थल पर राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम पहुंच गई है। लापता लोगों की तलाश की जा रही है। वहीं भोजपुर बहोरनपुर में रविवार को गंगा नदी में चार बच्चों के डूबकर मरने की आशंका है। गंगा दशहरा के अवसर पर कुछ लोग शिवपुर घाट पर गंगा नदी में स्नान कर रहे थे। इस दौरान चार बच्चे गहरे पानी में चले गये। डूबे हुए सभी चार बच्चे बिहिया थाना क्षेत्र के बराखरौनी गांव के रहने वाले हैं।

### दरभंगा में सड़क दुर्घटना में दो भाईयों की मौत

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिले के सदर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दो भाई की मौत हो गयी। सदर थानाध्यक्ष अमृत कुमार साह ने रविवार को यहां बताया कि धोई घाट-खूंटवारा मार्ग पर बाइक और हाइवा के बीच सीधी टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि एक अन्य की इलाज के दौरान दरभंगा मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल (डीएमसीएच) में मौत हो गयी।

### विकास की पटरी पर तेज गति से दौड़ रहा बिहार : प्रभाकर

**पटना।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा है कि बिहार विकास की पटरी पर तेज गति से दौड़ रहा है। विकसित भारत बनाने में बिहार बड़ी भागीदारी निभायेगा। रविवार को जारी बयान में प्रवक्ता ने कहा कि बिहार निवेश प्रोत्साहन पर्षद ने राज्य में 88 नयी औद्योगिक इकाइयों के निवेश प्रस्तावों की प्रथम स्वीकृति दी है। इसमें प्रदेश में 916 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। उनमें दो करोड़ रुपये से कम लागत वाली 37 इकाइयां हैं, इसमें 36 करोड़ 22 लाख रुपये का निवेश होगा। दो करोड़ से अधिक लागत वाली 49 इकाइयां हैं, इसमें 880 करोड़ का निवेश संभावित है। तेजस्वी पर तंज कसा कि बिहार की प्रगति देखकर पूरा देश अभीभूत है लेकिन, जंगल राज के युवराज परेशान हैं।

### जमकर हुई दारू और चिकन पार्टी, फिर थाने से महज 400 मीटर दूर कर दी किसान की हत्या

**भागलपुर।** भागलपुर के गोराडीह थाना क्षेत्र से महज चार सौ मीटर की दूरी पर एक किसान की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई। परिजनों और आस-पास के लोगों ने आशंका जताई है कि मृतक सोमेश को जमीन विवाद के चलते मारा गया है। क्योंकि बीते दो दिन पहले भी सोमेश के साथ झगड़ा हुआ था। घटना से पहले बदमाशों ने जमकर चिकन और शराब पार्टी की थी, क्योंकि घटनास्थल के नजदीक ही ग्लास और शराब की टूटी बोतलें और चिकन के टुकड़े मिले हैं। गांव के बाहर सोमेश का बोरिंग है, जहां वह काम करता था। शुक्रवार शाम छह बजे सुमेश गांव के बाहर अपनी बोरिंग के लिए निकला था, लेकिन देर रात बीतने के बाद भी जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई। इस कारण परिवार के लोगों ने सोमेश को खोजना शुरू कर दिया। खोजबीन के बाद पता चला कि सुमेश की लाश खेत में पड़ी हुई है। लाश खून से पूरी तरह सनी हुई थी। उसके गले और शरीर के आसपास के हिस्सों में तेज हथियार से मारने के निशान थे। इसके बाद घटना के बारे में पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुमेश की लाश को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। डॉग स्क्वॉयड की टीम ने उस खेत के आसपास के घटना स्थल की तलाशी ली। इसके बाद सुबह पुलिस की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों से पूछताछ करनी शुरू करी। पूंछताछ के बाद पुलिस ने गांव के एक व्यक्ति को शक के आधार पर हिरासत में लिया है। आसपास के लोगों ने बताया कि सोमेश के साथ पकड़े गए व्यक्ति का दो कट्ठा जमीन से जुड़ा विवाद चल रहा है। बीते दो दिन पहले भी उसी जमीन पर आम तोड़ने को लेकर विवाद हुआ था। इस कारण ये शक और भी गहराता चला गया। मृतक की पत्नी सुनीता ने भी हिरासत में लिए गए व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाया है।

### पूर्वी चंपारण में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत, एक घायल

**मोतिहारी।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के बंजारिया थाना क्षेत्र में शनिवार की रात सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गयी तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि तेज रफ्तार स्कार्पियो सिंघिया गुमटी ओवर ब्रिज पर रेलिंग से टकरा गयी। इस घटना में स्कार्पियों पर सवार दो लोगों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य घायल हो गया।

## गंगा दशहरा को लेकर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**भागलपुर।** गंगा दशहरा को लेकर जिले के विभिन्न गंगा घाटों पर रविवार के अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। उधर सुलतानगंज के अजगैवीनाथ धाम स्थित उत्तरवाहिनी गंगा घाट में बिहार और झारखंड के हजारों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। आज के दिन मां गंगा जन्मोत्सव है। विशेषकर महिलाएं आज के दिन गंगा स्नान कर मां गंगा को आम का फल, फूल और प्रसाद चढाते हुए गंगा में प्रवाहित करती हैं। ऐसा करने पर सुख शांति मिलती है और सारे कष्टों का निवारण होता है। गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं के भीड़ को लेकर लिए गंगा घाट में नगर परिषद के द्वारा छोटी नाव और गंगा घाट की बेरिकेटिंग किया गया है। अंचल अधिकारी रवि कुमार के द्वारा गंगा घाट में एसडीआरएफ टीम में लगाया गया है। थानाध्यक्ष प्रिय रंजन के द्वारा गंगा घाट से लेकर कच्ची कांवरिया पथ तक सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं।

## एक दिन टेंट में रहना पड़े तो खटिया से नहीं उठेंग तेजस्वी : प्रशांत किशोर

एजेंसी



**पटना।** बिहार में भीषण गर्मी के बीच सियासी पारा भी चढ़ गया है। प्रशांत किशोर की जनसुराज पद यात्रा पर तेजस्वी यादव के बयान पर पीके ने पलटवार किया है। और कहा कि अगर उन्हें इस गर्मी में खुद एक दिन भी टेंट में रहना पड़ जाए तो खटिया से उठ नहीं पाएंगे। तेजस्वी यादव को बाहर से टेंट उजला चमकता हुआ दिखता है तो उन्हें 5 स्टार लगता है। दरअसल तेजस्वी ने कहा था कि प्रशांत किशोर अपने जिलाअध्यक्षों को सैलरी देते हैं। और वो अपनी पदयात्रा में चल रहे लोगों को 5 स्टार की सुविधा देते हैं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होने कहा कि तेजस्वी यादव को जन सुराज का चमकता हुआ उजला टेंट 5 स्टार दिखता है, अगर उन्हें इस गर्मी में खुद एक दिन भी टेंट में रहना पड़ जाए तो खटिया से नहीं उठेंगे। प्रशांत किशोर ने कहा कि तेजस्वी यादव को बाहर से टेंट उजला चमकता हुआ दिखता है तो उन्हें 5 स्टार लगता है। लेकिन उन्हें नहीं पता है कि वहां पर लड़के कितनी परेशानी में अपना जीवन खफा रहे हैं। ये बात तेजस्वी को समझ नहीं आएगी। प्रशांत किशोर ने कहा कि तेजस्वी यादव ने बिहार को 5 स्टार जैसा छोड़ा कहां है? 5 स्टार टेंट में रहें यही सपना लेकर तो आज वो इन टेंट में रह रहे हैं आपको बता दें इससे पहले तेजस्वी यादव ने प्रशांत किशोर के जनसुराज अभियान पर सवाल उठाते हुए कहा था कि पीके अपने जिलाध्यक्षों को सैलरी देते हैं। पदयात्रा में चल रहे लोगों को 5 स्टार की सुविधा देते हैं। इनका काम डेटा इधर-उधर करने का है। आज आपका डेटा ले लिया, कल उसे दे दिया। इसी तरह का काम है। और उन्हें बीजेपी का एजेंट करार दिया था। वहीं प्रशांत किशोर भी इस बात का ऐलान कर चुके हैं कि उनकी जन सुराज पार्टी 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेगी। वो भी सभी 243 सीटों पर, जिसका ऐलान 2 अक्टूबर 2024 को किया जाएगा। ऐसे में अब आने वाले विधानसभा चुनाव से पहले ही तेजस्वी और पीके के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है।

## पत्नी से कलह के बाद पति ने दी जान

एजेंसी



**नवादा।** नवादा में रविवार को पत्नी के घरेलू कलह किए जाने से तंग आकर एक पति ने आत्महत्या कर ली है। घर में हीं फांसी की फंदा से लटककर आत्महत्या कर ली है। घटना के बाद पूरा परिवार शोक में है और रो-रोकर बुरा हाल है। बहरहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजी है। यह घटना नवादा जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र के बिहटा गांव की है ।पति-पत्नी में विवाद हुआ तो पति ने गुस्से में आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजन में कोहराम मचा गया। मृतक व्यक्ति की पहचान बिहटा गांव निवासी लक्ष्मण चौहान उर्फ लच्छू चौहान के रूप में हुई है। मृतक के भाई छोटेलाल चौहान ने बताया कि किसी बात को लेकर पति-पत्नी में हमेशा विवाद हुआ करता था। रविवार को उनकी भाजी शिव परिचर्या में गयी हुई थी। रात्रि में उनके पति ने कहा था कि मैं थका हूँ, थोड़ा शरीर में तेल लगा दो। इतने में पत्नी आगबबूला हो गयी और घर में लड़ाई-झगड़ा करने लग गयी। उसके बाद पति गुस्से में आकर अपने घर में सो गया। रविवार को चुपके से फांसी लाकर आत्महत्या कर लिया, जिससे उनकी मौत हो गयी। घटना के बाद पूरे परिवार में शोक है। पकरीबरांवां थानाध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि एक व्यक्ति की आत्महत्या कर लिए जाने की सूचना मिली। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है।

## बिहार के लोगों को और चार दिन झेलनी पड़ेगी उमस भरी गर्मी

एजेंसी



**पटना।** भीषण गर्मी झेल रहे बिहार के लोगों को अभी और चार दिन उमस भरी गर्मी झेलनी पड़ेगी, क्योंकि मौसम विज्ञान केंद्र ने बिहार में मॉनसून के प्रवेश करने की आधिकारिक घोषणा 20 जून को की है। अगले दो-तीन दिनों तक दक्षिण बिहार के लोगों को भीषण गर्मी का कहर झेलना होगा लेकिन उत्तर बिहार में गर्मी से आंशिक तौर पर राहत मिलेगी। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार 20 जून को मॉनसून उत्तर-पूर्वी भाग से बिहार में प्रवेश करेगा। इसके एक दिन पहले यानी 19 जून की शाम से बादल छाये रहने की संभावना है। 20 जून से बिहार के अधिकतर हिस्सों में गरज, चमक व तेज हवा के साथ हल्के से मध्यम स्तर की बारिश होगी। बारिश की वजह से अधिकतम तापमान में गिरावट आने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। हालांकि दो दिनों से शाम में चलने वाली तेज हवाओं में शीतलता से मॉनसून के आगमन का संकेत मिल रहा है। सूबे में मॉनसून का प्रवेश किशनगंज और पूर्णिया के रास्ते होता है। यहां पिछले दो दिनों से मध्यम स्तर की बारिश हो रही है।

## अग्निशमन विभाग को कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी ने उपलब्ध कराया कुलर



कुलर उपलब्ध कराते संस्था के सचिव व अन्य।

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के द्वारा अग्निशमन कार्यालय में गर्मी से बचने के लिए कुलर उपलब्ध कराया गया। इस संबंध में संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने बताया कि अग्निशमन सेवा के संयुक्त मंत्री संजय कुमार के द्वारा जानकारी मिला था कि कार्यालय ने इस भीषण गर्मी से वहा कार्य कर रहे कर्मी काफी परेशान है। जानकारी मिलते ही कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी तत्काल अग्नि समन के संयुक्त मंत्री को तीन कुलर उपल्ब्ध कराया। साथ ही उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग के लोग अपनी जान पर खेल कर आग को बुझाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे पदाधिकारी और कर्मी को हमारी संस्था से जो भी कुछ सहयोग चाहिए संस्था देने के लिए तैयार है।

## सात दिवसीय योगाभ्यास के दूसरे दिन प्रोटोकॉल का योगाभ्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



योग करते लोग।

**मेराल।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पतंजलि योग समिति द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए प्रखंड मुख्यालय स्थित किस्मती कॉलेज ऑफ फामेर्सी परिसर में सात दिवसीय योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया है। योग शिविर के दूसरे दिन रविवार को उपस्थित लोगों को प्रोटोकॉल का योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति के संरक्षक डॉ अनिल साह ने लोगों को निःशुल्क योग शिविर में प्रतिदिन भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए सभी लोगों को अपने दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए। प्रखंड प्रभारी बलराम शर्मा ने बताया कि योगाभ्यास शिविर 20 जून तक प्रातः 5:30 से 6:30 बजे तक चलेगा। इसके बाद 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में दुनिया के करोड़ लोगों के साथ मेराल में सामूहिक रूप से योग प्राणायाम किया जाएगा। शनिवार को योग शिविर का शुभारंभ डॉ अनिल साह, प्रीति लता, शांति देवी, बलराम शर्मा, सीएचओ अवधेश शर्मा, योग शिक्षक बिजेश्वर प्रजापति, एसबी एकेडमी के निदेशक मदन यादव आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर सुशील शर्मा, दिलीप शर्मा, सूर्य योगेंद्र, देवेंद्र शर्मा, रमाकांत प्रसाद, अमन कुमार, आदित्य जायसवाल, वैष्णवी जायसवाल, रुद्र प्रताप सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में गढ़वा को 11 मेडल

खबर मन्त्र संवाददाता




पदक के साथ खिलाड़ी।

**गढ़वा।** हजारीबाग टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में आयोजित प्रथम रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में गढ़वा जिले के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 11 पदक जीता। जिसमे दो गोल्ड, तीन रजत और छह कांस्य पदक शामिल है। मेडल प्राप्त करने वाले में अंजली कुमारी, अनिमेष कुमार पांडेय, नीतीश कुमार मेहता, अभिजीत यादव, आयुषी कुमारी, कार्तिक पाल और पलक भारती का नाम शामिल है। अंजली कुमारी दो रजत एक कांस्य, अभिजीत यादव एक कांस्य, नीतीश कुमार मेहता एक गोल्ड, एक रजत, अनिमेष कुमार पांडेय एक गोल्ड, एक कांस्य, पलक भारती एक कांस्य, आयुषी कुमारी एक कांस्य, कार्तिक पाल ने एक कांस्य पदक हासिल किया। टीम के बेहतर प्रदर्शन पर गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारियों ने पूरी टीम को बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालो में संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, नंदकुमार गुप्ता, दीपक, अशोक कुमार दुबे, संजय सोनी, सिस्टर रोशना, अशोक विश्वकर्मा, सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, ललन सोनी, संतोष कश्यप, सुशील केशरी, मुजीबुदीन खान, चंद्रभूषण सिन्हा, उमेश सिंह, आशुतोष रंजन, पंकज कुमार सोनी, मनोज पाठक, मिथिलेश कुमार सिंह, रजनीश कुमार, विकास, प्रवीण शुक्ला, दुर्गेश कुमार दुबे, जयदेव पाल, प्रदीप कुमार, इम्तियाज, अनिल मेहता, सचिन, नवनीत शुक्ला आदि का नाम शामिल है।

## खबर एक नजर में

### धारदार हथियार से मारकर किया घायल

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के सोनपुरवा गांव में शनिवार की देर शाम एक ही परिवार के तीन लोगों ने मिलकर गांव के ही विपिन चौधरी को धारदार हथियार से मारकर घायल कर दिया। इधर इस संबंध में घायल विपिन चौधरी की पत्नी लीलावती देवी ने मझिआंव थाना में लिखित आवेदन देकर तीन लोगों के ऊपर नामजाद प्राथमिकी दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि मेरे पति विपिन चौधरी अपने घर से निकलकर मेन रोड की ओर जा रहे थे। इसी समय गांव के ही बच्चू चौधरी के पुत्र अवधेश चौधरी ने देखते ही मेरे पति को गाली गलौज करने लगा। इसका कारण पूछने पर अवधेश चौधरी एवं उसका भाई श्रवण चौधरी व पिता बच्चू चौधरी ने लाठी डंडा एवं सबल से मेरे पति को मारकर घायल कर दिया। ग्रामीणों के बीच बचाव के बाद मेरे पति की जान बची। उसके पश्चात घायल विपिन चौधरी को स्थानीय रेफरल अस्पताल लाकर इलाज करवाया गया।

### कुएं में गिरे नीलगाय का रेस्क्यू

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नैनाबार गांव निवासी लखन प्रसाद के कुएं में गिरे एक नीलगाय को बाहर निकालकर आजाद कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की अहले सुबह एक महिला ने उक्त कुएं में गिरे नीलगाय की जानकारी कांडी पंचायत मुखिया विजय राम को दी। तत्काल ही मुखिया ने वन विभाग के पदाधिकारियों को फोन के माध्यम से सूचना दी। सूचना पाने के बाद वन विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे। जहां लगभग 12 घण्टे बाद उक्त कुएं में गिरे नीलगाय का रेस्क्यू शाम तकरीबन 6 बजे किया गया। इस संबंध में कांडी पंचायत मुखिया विजय राम ने कहा कि यदि वन विभाग व सरकार चाहती तो वन व जंगल का घेराव कर किसानों की उजड़ती फसल व भटकते जंगली जानवरों को आसानी से बचाया जा सकता था। मौके पर अमित कुमार, शिव कुमार पासवान, धीरज कुमार, कमलेश सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

### पिकअप वैन की टक्कर में मजदूर की मौत

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण ज़िला मे पिकअप वैन और बाइक की टक्कर से युवक की मौत हो गयी है। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। मामला मैनाटाड़-बेतिया मुख्य पथ अंतर्गत पूर्वी पकुहवा गांव के पास का है। मृतक युवक की पहचान मैनाटाड़ थाना क्षेत्र के रमपुरवा गांव निवासी धनवंत कुमार के रूप में की गयी है। जबकि दूसरा घायल बाइक सवार रमपुरवा के ही बलिराम कुशवाहा है। प्राप्त खबर के मुताबिक पुरूषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के सगरौवा गांव में छत की ढलाई में काम करके धनवंत कुमार और बलिराम कुशवाहा एक ही बाइक से अपने घर रमपुरवा लौट रहे थे, तभी पूर्वी पकुहवा गांव के पास बेतिया की ओर जा रही एक पिकअप वैन से टक्कर हो गयी। पिकअप वैन का चालक पिकअप लेकर भागने में सफल रहा। वहीं सड़क पर घायल हो कर गिरे बलिराम कुशवाहा ने सहायता के लिए 112 पर फोन लगाया। मैनाटाड़ थानाध्यक्ष मंटू कुमार 112 की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल धनवंत कुमार और बलिराम कुशवाहा को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने धनवंत कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं बलिराम कुशवाहा को बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच रेफर कर दिया।

### बालू माफियाओं ने दरोगा को ट्रैक्टर से रौंदा, बुरी तरह जखमी



**नवादा।** नवादा में रविवार को बालू माफियाओं ने अवैध खनन रोकने गए पुलिस बल पर हमला कर दिया ।जिसमें ट्रैक्टर के चपेट में आकर एक दरोगा बुरी तरह जख्मी हो गए । जिन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है। अवैध बालू खनन में लगे माफिया के हौसले दिनों-दिन बुलंद होते जा रहे हैं। बेखौफ बालू माफिया पुलिसकर्मियों को निशाना बना रहे हैं। नवादा के सिरदला थेन के लौंद में बालू माफिया ने छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। इस दौरान बालू माफिया ने पुलिस टीम में शामिल दारोगा पर ही गाड़ी चढ़ा दी। जिसमें एक दारोगा बुरी तरह से घायल हो गया है। अवैध बालू खनन की जानकारी मिलने के बाद सिरदला पुलिस लौन्द बाजार में छापेमारी करने पहुंची थी।

### पति ने पत्नी की टांगी से हत्याकर शव को गांव के सरेह में फेका, चौतरवा पुलिस ने की बरामद

**पश्चिम चंपारण।** बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना क्षेत्र स्थित सलहा बरिअरवा पंचायत के बरिअरवा गांव के चवर स्थित सरेह में एक महिला की शव मिला है। शव को देखकर ग्रामीण हतप्रभ हो गयें और पुरे गांव में कोलाहल मच गयी। घटना की सुचना पर चौतरवा थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेज दी है। पुलिस इन्स्पेक्टर सह चौतरवा थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि मृत महिला की पूत्री सरिता ने अपने पिता के द्वारा टांगी से काटकर निर्मम हत्या करने और शव को गांव के चवर सरेह में फेंक देने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि मृत महिला बरिअरवा गांव के पानमती देवी उम्र करीब 40 वर्ष पति ढोढाई शर्मा बताया गया है।

## पेज एक का शेष

### हर परिवार को अब ...

अब प्रदेश के हर पंचायत में ऐसी व्यवस्था लागू करने जा रहे हैं, जहां 24 घंटे दवाइयां उपलब्ध होगी। सीएम ने कहा कि राज्य के आदिवासी, दलित, मजदूर, किसान, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के बच्चे-बच्चियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ हमारी सरकार दे रही है। अब हमारे बच्चों की पढ़ाई पैसों के कारण नहीं रुकेगी। हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ करने हेतु प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षित समाज से ही विकसित राज्य का निर्माण किया जा सकेगा।

**कई मंत्री-विधायक थे मौजूद :** मुख्यमंत्री सोमवार शाम स्थानीय गांधी मैदान,मानगो में आयोजित समारोह में मानगो-साकची फ्लाई ओवर ब्रिज समेत विभिन्न विकास योजनाओं के काम का शुभारंभ किया। इस दौरान मंच पर स्वास्थ्य मंत्री व स्थानीय विधायक बन्ना गुप्ता, दीपक बिरुआ, बिधायक मंगल कालिंदी, रामदास सोरेन, डीसी समेत तमाम अधिकारी मौजूद थे। वहीं राजनगर में आयोजित समारोह में मंत्री सत्यानंद भोक्ता,दीपक बिरुआ, कोल्हान के आयुक्त जिला परिषद अध्यक्ष , डीसी-एसपी समेत तमाम अधिकारी मौजूद थे।

### बड़े अधिकारी भी...

जबकि छात्रों और एक्सपर्ट के अनुसार नीट परीक्षा के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि एक साथ इतने छात्रों को पूरा अंक प्राप्त हुए हों। इसके अलावा दो छात्र के अंक 718 और 719 मिले। रिजल्ट के बाद देशभर में छात्रों का विरोध प्रदर्शन आरंभ हो गया। मामला सुप्रीम कोर्ट तक जा पहुंचा। कोर्ट में एनटीए ने बताया कि जिन छात्रों ने समय कम मिलने की शिकायत की थी, उन्हें ग्रेस मार्क्स दिये गये। ऐसे कुल 1563 छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिये गये। छात्रों ने एक और मामला उठाया, जिसमें उन्होंने दावा किया कि कुछ सेंटरों में पेपर लीक हुआ था और छात्रों को अतरिक्त सुविधा प्रदान की गयी। यही नहीं छज्जर में एक ही सेंटर से 6 छात्रों को 720 अंक प्राप्त हुए, ये भी सवाल के घेरे में है। फिलहाल मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने है।

# कश्मीर में आतंकवाद जड़ से खत्म करेगी सरकार

## उच्च स्तरीय बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री शाह बोले-छद्म लड़ाई तक सिमट गया है हिंसा

एजेंसी

- एजेंसियों को डॉमिनेशन और जीरो टेरर प्लान से घाटी में हासिल की गई सफलताओं को दोहराने के दिए निर्देश
- गृह मंत्री ने खुफिया नेटवर्क को मजबूत करने, सुरंगों का पता लगाने और ड्रोन का मुकाबला के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने पर दिया जोर



**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है तथा आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से अब छद्म लड़ाई तक सिमट गया है लेकिन सरकार इसे जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हैं। श्री शाह ने जम्मू-कश्मीर में बढ़ती आतंकवादी गतिविधियों के मद्देनजर रविवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ केन्द्र शासित प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति तथा आगामी अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। गृह मंत्री ने एजेंसियों को जम्मू में एरिया डॉमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को दोहराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नये तरीकों से आतंकियों पर कार्रवाई कर मिसाल बनाने के लिए कटिबद्ध है। गृह मंत्री ने सभी एजेंसियों को मिशन मोड में काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर बल दिया। श्री शाह ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है। हाल ही में हुई घटनाएं बताती हैं कि आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से सिमट कर छद्म लड़ाई तक सीमित होने के लिए मजबूर हो गया है लेकिन हम इसको भी जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हैं। गृह मंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय पर जोर देते हुए संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान और उनकी सुरक्षा चिंताओं पर ध्यान देने पर जोर दिया। गृह मंत्री ने स्थानीय खुफिया नेटवर्क को मजबूत करने, सुरंगों का पता लगाने और ड्रोन का मुकाबला करने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को केन्द्र सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। आतंकवाद के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए गृह मंत्री ने कहा, जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद के सफाये के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। श्री शाह ने कहा कि केन्द्र सरकार के प्रयासों से कश्मीर घाटी में आतंकी घटनाओं में महत्वपूर्ण कमी के साथ-साथ बड़े पैमाने पर सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का आना वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार को दिखाता है। यहां नार्थ ब्लॉक में दो चरणों में करीब चार-पांच घंटे से भी अधिक समय तक चली बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला , खुफिया ब्यूरो के निदेशक, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, सेना प्रमुख नामित जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, केन्द्रीय पुलिस बलों के महानिदेशक, जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, जम्मू कश्मीर प्रशासन तथा केन्द्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। श्री शाह को उप राज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा जम्मू कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की विस्तार से जानकारी दी गयी। सेना और पुलिस की ओर से भी आतंकवादियों की गतिविधियों के बारे में बताया गया। बैठक में आगामी अमरनाथ यात्रा को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुरक्षा तथा उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं से संबंधित तैयारियों का भी जायजा लिया गया। इससे पहले श्री मोदी ने गुरुवार को श्री शाह और श्री डोभाल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जम्मू कश्मीर की स्थिति की समीक्षा की थी।

## अमरनाथ यात्रा के लिए ऑनलाइन हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग हुआ शुरू

- पहलगाम से दोनों तरफ का किराया 9800 रुपये और नीलग्रथ से दोनों तरफ का किराया 6500 रुपये



**जम्मू।** ऑनलाइन हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग सेवाओं का इंतजार कर रहे तीर्थयात्रियों का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने बालटाल और पहलगाम यात्रा मार्गों के लिए सुविधा शुरू कर दी है। बाबा अमरनाथ की वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून से शुरू हो रही है और 19 अगस्त को समाप्त होगी। आधिकारिक विवरण के अनुसार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर हेलीकॉप्टर सेवा की ऑनलाइन बुकिंग की जा सकती है। बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगी। पहलगाम से पंजतरणी का एकतरफ का किराया 4900 रुपये, दोनों तरफ का किराया 9800 रुपये, नीलग्रथ से पंजतरणी का एकतरफ का किराया 3250 रुपये और दोनों तरफ का किराया 6500 रुपये तय किया गया है। यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों के पास हेलीकॉप्टर टिकट बुक करते समय स्वास्थ्य प्रमाण पत्र होना चाहिए। एक अधिकारी ने बताया कि यात्रा के दौरान यात्री को मूल फोटो पहचान पत्र और स्वास्थ्य प्रमाण पत्र साथ रखना होगा, जबकि तीर्थयात्रियों को बुक किए गए स्लॉट समय से कम से कम 30 मिनट पहले संबंधित हेलीपैड पर पहुंचना होगा।

स्पीड न्यूज

### राष्ट्रपति ने दी ईद-उल-जुहा की बधाई



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईद-उल-जुहा की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संदेश में कहा कि ईद-उल-जुहा के अवसर पर मैं सभी देशवासियों और विदेशों में रहने वाले भारतीयों, विशेष रूप से हमारे मुस्लिम भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। ईद-उल-जुहा का पवित्र त्योहार त्याग और बलिदान का प्रतीक है। यह प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। यह त्योहार हमें मानवता की निस्वार्थ सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर, आइए हम अपने राष्ट्र के विकास और कल्याण के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लें।

### पंजाब के मंत्री अनमोल गगन मान ने की शादी



**चंडीगढ़।** पंजाब की कैबिनेट मंत्री अनमोल गगन मान रविवार को शादी के बंधन में बंध गई। उन्होंने पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के वकील शाहबाज सिंह सोही को अपना जीवन साथी चुना है। इस अवसर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी। पंजाब में यह पहला मौका नहीं है, जब किसी मंत्री या विधायक ने शादी की है। इससे पहले मुख्यमंत्री भगवंत मान, कैबिनेट मंत्री हरजोत बैंस, गुरमीत सिंह मीत हेयर के अलावा बलजिंदर कौर समेत कई विधायक शादी के बंधन में बंध चुके हैं।

### सऊदी अरब में जॉर्डन के 14 हज यात्रियों की मौत

**अम्मान।** जॉर्डन ने रविवार को पुष्टि की कि सऊदी अरब में हज की रस्म अदा करते समय उसके 14 नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य लापता हो गए। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सुफियान कुदाह ने एक बयान में कहा कि जॉर्डन पक्ष अपने परिवारों के अनुरोध पर मृतकों को दफनाने या घर लौटने पर संबंधित सऊदी अधिकारियों के साथ संपर्क कर रहा है। सऊदी अधिकारी 17 लापता तीर्थयात्रियों की तलाश भी जारी रख रहे हैं, हालांकि, उन्होंने त्रासदी के कारण का खुलासा नहीं किया है। विदेश मंत्रालय ने एक दिन पहले बताया था कि हज यात्रा के दौरान छह जॉर्डन वासियों की लू लगने से मौत हो गई थी।

### अफगानिस्तान में 349 कैदियों को दी गयी माफी

**काबुल।** अफगानिस्तान की कार्यवाहक सरकार के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने ईद उल-अजहा से पहले 349 कैदियों को माफ कर दिया है। शनिवार को देश के सर्वोच्च न्यायालय के एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया है कि 279 अन्य कैदियों को भी उनकी शेष जेल सजा से छूट दी गई है।

### पाकिस्तान में विस्फोट दो की मौत, चार घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को एक तात्कालिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) के विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने ह्यशिन्हुआह्न को बताया कि यह घटना प्रांत के कुर्रम जिले में हुई जहां नागरिकों को ले जा रहा एक वाहन सड़क किनारे लगाए गए उपकरण की चपेट में आ गया।



### गंगा दशहरे पर भगवान महाकाल का हुआ विशेष श्रृंगार

**उज्जैन।** गंगा दशहरा के अवसर पर रविवार को विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में भगवान महाकाल का विशेष श्रृंगार किया गया। भगवान महाकाल के शीश पर मां गंगा को धारण कराया गया, साथ ही मोगरे का हार अर्पित कर पगड़ी पहनाई गई। भगवान महाकाल के इस दिव्य रूप के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया।

### भारत ने यूक्रेन शांति सम्मेलन के घोषणापत्र से स्वयं को अलग रखा

**नयी दिल्ली।** भारत ने स्विट्जरलैंड में आयोजित यूक्रेन शांति सम्मेलन में संयुक्त वक्तव्य और संबंधित दस्तावेजों पर हस्ताक्षकर करने से इनकार कर दिया तथा यूक्रेन के संबंध में कूटनीति और संवाद के जरिए संघर्ष का समाधान तलाशने की पुरानी नीति को कायम रखा है। सम्मेलन के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में संयुक्त राष्ट्र चार्टर का हवाला देते हुए युक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता पर जोर दिया गया था। इसमें रूस से सभी क्षेत्रों से सेना को वापस बुलाने की मांग शामिल थी। जिसका करीब 80 देशों ने समर्थन किया। भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका सहित ग्लोबल साउथ के 12 देशों ने संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर नहीं किए। विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ राजनयिक पवन कपूर ने हमारा मानना है कि दोनों पक्षों को स्वीकार्य हल के जरिए ही समस्या का समाधान संभव है।

## किसानों के विकास का रोडमैप तैयार: शिवराज

कृषि व किसान कल्याण के लिए 100 दिन की कार्य योजना तैयार

**मुरैना।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास पंचायत राज मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि किसान हमारा भगवान है और किसान की सेवा भगवान की सेवा है। कृषि एवं किसान कल्याण के लिए 100 दिन की कार्य योजना तैयार कर ली गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने पर सबसे पहले 18 जून को काशी से किसानों को सम्मान निधि की राशि प्रदान की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी सिंगल क्लिक के माध्यम से इस राशि को हस्तांतरित करेंगे। सरकार किसान कल्याण के लिए कोई कमी नहीं छोड़ेगी। केन्द्रीय कृषि मंत्री रविवार को मुरैना रेलवे स्टेशन पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। केंद्र सरकार में शामिल होने के बाद शिवराज सिंह चौहान पहली बार मध्य प्रदेश पहुंचे। रविवार सुबह शताब्दी एक्सप्रेस से मुरैना पहुंचे चौहान का कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसान कल्याण के लिए अद्भुत व अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल हुई हैं। इन्हीं कार्यों को आगे बढ़ाते हुए पूरा करना है।



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान का मुरैना स्टेशन पर भव्य स्वागत।

## उपराष्ट्रपति ने संसद परिसर में किया प्रेरणा स्थल का उद्घाटन



**नयी दिल्ली ।** उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने रविवार को संसद भवन परिसर में नवनिर्मित प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर लोकसभा के निवर्तमान अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश , केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, अश्विनी वैष्णव, अर्जुन मेघवाल और एल. मुरूगन उपस्थित रहे । श्री धनखड ने कहा कि यह स्थल बहुत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि सभी महान नेताओं को एक साथ देखना सुखद अनुभूति है। श्री बिरला ने कहा कि प्रेरणा स्थल भविष्य की पीढियों को प्रेरणा देगा। प्रेरणा स्थल को इस तरीके से विकसित किया गया है कि संसद भवन परिसर में आगन्तुक सरलता से महान नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं एक स्थान पर ही देख सकें। आगन्तुकों को इनके बारे में विस्तृत जानकारी देने के लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया गया है। सभी नेताओं ने महान नेताओं व स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### महाराष्ट्र विस चुनाव में बदलेंगे हालत : पटेल

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी एपी) के नेता प्रफुल्ल पटेल ने रविवार को गोंदिया में कहा कि महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव में हालत बदलेंगे और एनडीए को बहुमत मिलेगा। पटेल ने कहा कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र में 90 सीटों पर सहयोगी दलों के साथ चुनाव लड़ेगी। पटेल ने कार्यकताओं को चुनाव की तैयारी में जुटने की अपील की है। प्रफुल्ल पटेल ने रविवार को गोंदिया में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में हम 57 सीटों पर जीते थे। इसी आधार पर हम विधानसभा चुनाव में 85 से 90 सीटें मांगने जा रहे हैं। पटेल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमारे विरुद्ध झूठा प्रचार किया गया, लेकिन इसका जवाब देने में हम कमजोर पड़े। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव से पहले सीटों के बंटवारे को लेकर काफी खींचतान हुई थी।

## इवीएम बना ब्लैक बॉक्स, इसकी जांच की इजाजत किसी को नहीं है : राहुल



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़खानी की बात हमारी चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करती है और यह भारतीय लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि ईवीएम एक ऐसा ब्लैक बॉक्स बन गया है जिसकी जांच की इजाजत किसी को नहीं है और यही हमारी चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। श्री गांधी ने कहा कि भारत में ईवीएम एक ब्लैक बॉक्स' हैं और किसी को भी उनकी जांच करने की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएँ व्यक्त की जा रही हैं। जब संस्थानों में जवाबदेही की कमी हो जाती है तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है। कांग्रेस पार्टी ने कहा कि ईवीएम से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। मुंबई में राजग के उम्मीदवार रवींद्र वायकर के रिश्तेदार का मोबाइल फोन ईवीएम से जुड़ा था। राजग के इस कैंडिडेट की जीत सिर्फ 48 वोट से हुई है।


पार्टी ने सवाल किया कि ऐसे में सवाल है कि आखिर राजग के उम्मीदवार के रिश्तेदार का मोबाइल ईवीएम से क्यों जुड़ा था। जहां वोटों की गिनती हो रही थी, वहां मोबाइल फोन कैसे पहुंचा। सवाल कई हैं, जो संशय पैदा करते हैं। चुनाव आयोग को स्पष्टीकरण देना चाहिए।

### अक्षरा सिंह का गाना लइकिन के तेवर रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अक्षरा सिंह का नया गाना लइकिन के तेवर रिलीज हो गया है। गाना लइकिन के तेवर के जरिये अक्षरा ने लड़कियों में आत्मविश्वास भरने के भी कोशिश की है और उन्हें उनकी शक्तियों से अवगत कराया है। अक्षरा सिंह ने इस गाने को लेकर बताया कि यह गाना आज के दौर में लड़कियों के साथ बेहद प्रासंगिक है। यह गाना महिला सशक्तीकरण को भी समर्पित है। मेरे इस गाने के लिरिक्स बेहद खूबसूरत है और यह लोगों के मन मस्तिष्क में अपना जगह बनाने में कामयाब होंगे।

Er. Partha Pal



B.Tech (Civil), Chartered Engineer AM184847-2
LICENSE: MADA/ENG/0002/2019 DMC/ENG/0021/2016
Address : LIG-283, Housing Colony, Dhanbad - 826001 (Jharkhand)
mobile no: 98351 29422
e-mail: palpartha078@gmail.com
Work for Building Plan Estimate Valuation Residential (Vastu Kala) & Commercial Bldg. Lay Out • Structural Design Lay Out (3D view) Dealings in 'Land Property'
Licence engineer in DMC, CHIRKUNDA NAGAR PANCHYAT AND CHAS NAGAR NIGAM
हमारे यहां भवन के नक्शा से जुड़े सभी प्रकार के कार्य किए जाते है।

## रेड फ्लैग में वायु सेना ने 100 से अधिक उड़ानें भरीं

एजेंसी

- शून्य से नीचे के तापमान के बावजूद भारत ने सभी निर्धारित मिशन पूरे किये
- यही टुकड़ी 24 जून को ग्रीस और मिस्र की वायु सेना के साथ अभ्यास करेगी



**नयी दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने सिंगापुर, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड, जर्मनी और अमेरिका की वायु सेनाओं के साथ एयर फोर्स बेस, अलास्का में हवाई युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास रेड फ्लैग में हिस्सा लिया है। यह अभ्यास का दूसरा संस्करण था, जिसे अमेरिकी वायु सेना वर्ष में चार बार आयोजित करती है। चुनौतीपूर्ण मौसम और लगभग शून्य से नीचे के तापमान के बावजूद भारतीय वायु सेना ने पूरे अभ्यास के दौरान 100 से अधिक उड़ानें भरकर सभी निर्धारित मिशन पूरे किए। भारत लौटने से पहले यह टुकड़ी को 24 जून को ग्रीस और मिस्त्र की वायु सेना के साथ अभ्यास में भाग लेगी। संयुक्त राज्य वायु सेना के एयरबेस एइलसन में 04 से 14 जून तक आयोजित इस अभ्यास में भारतीय वायु सेना के साथ-साथ रिपब्लिक ऑफ सिंगापुर एयर फोर्स, यूनाइटेड किंगडम की रॉयल एयर फोर्स, रॉयल नीदरलैंड एयर फोर्स, जर्मन लूफ़्टवाफे.और यूएस एयर फोर्स ने भाग लिया। भारतीय वायुसेना की टुकड़ी ने राफेल विमान और कर्मियों के साथ भाग लिया, जिसमें एयर क्रू, तकनीशियन, इंजीनियर, नियंत्रक और विषय विशेषज्ञ शामिल थे। भारत की यह टुकड़ी 29 मई को अलास्का में यूएसएएफ बेस, एइलसन पर उतरी थी। राफेल लड़ाकू विमान को आईएल-78 एयर टू एयर रिफ्यूलर से सक्षम किया गया था, जबकि कर्मियों और उपकरणों को परिवहन विमान सी-17 ग्लोबमास्टर से ले जाया गया। यह पहली बार था जब भारत के राफेल विमानों ने सिंगापुर और अमेरिकी विमान एफ-16, एफ-15 और ए-10 के साथ अभ्यास 'रेड फ्लैग में भाग लिया। इन मिशनों में आक्रामक काउंटर एयर और एयर डिफेंस भूमिकाओं में लार्ज फोर्स इंगेजमेंट के एक भाग के रूप में बियॉन्ड विजुअल रेंज लड़ाकू अभ्यास शामिल थे। वायु सेना के चालक दल मिशन योजना में सक्रिय रूप से शामिल थे और अभ्यास के दौरान निर्दिष्ट मिशनों के लिए मिशन लीडर की भूमिका भी निभाई। अभ्यास के दौरान अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ अंतर-संचालन की अंतरदृष्टि और बहुराष्ट्रीय वातावरण में सहयोगात्मक समझ शामिल थी। लंबी दूरी तक हवाई उड़ान भरने और रास्ते में हवा से हवा में ईंधन भरने का अनुभव युवा चालक दल के लिए रोमांचकारी अनुभव था। भारत लौटने से पहले यह टुकड़ी 24 जून को ग्रीस और मिस्त्र की वायु सेना के साथ अभ्यास में भाग लेगी। रेड फ्लैग के अनुभव से समृद्ध भारतीय वायु सेना अभ्यास तरंग शक्ति-2024 के दौरान अन्य देशों के प्रतिभागी दलों की मेजबानी करने के लिए उत्सुक है।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !